पेज-10

हिन्दी दैनिक

दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ


RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण

पेज-11



बॉम्बे हाईकोर्ट ने रूपाली गांगुली .....



इंग्लैंड के खिलाफ पहले एक.....

वर्ष : 13 | अंक : 19 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | रविवार, 19 जनवरी 2025 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर

### तेजस्वी यादव राजद के नए बॉस



पटना। बिहार में आरजेडी के नए बॉस अब तेजस्वी यादव होंगे. आरजेडी में अब तेजस्वी युग की शुरूआत हो गई है. शनिवार को पटना में हुई कार्यकारिणी बैठक में यह फैसला लिया गया. राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पार्टी के संविधान संशोधन वाला प्रस्ताव पास हो गया. पार्टी में जो अधिकार लालू यादव के पास थे वही अब तेजस्वी यादव को भी मिल गए हैं. तेजस्वी यादव अब चुनाव में जिसे चाहे उसे पार्टी का सिंबल दे सकते हैं और पार्टी से जुड़े अहम फैसले भी ले सकते हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में आरजेडी के राष्ट्रीय महासचिव आलोक मेहता ने पार्टी के संविधान में संशोधन का प्रस्ताव पेश किया जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया. कार्यकारिणी की बैठक में न तो प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह पहुंचे और न ही उनके सांसद बेटे सुधाकर सिंह पहुंचे।

### केजरीवाल की कार पर फेंके गए पत्थर



**नई दिल्ली।** दिल्ली में चुनाव प्रचार के बीच सत्ताधारी आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है. शनिवार को आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी नेता परवेश वर्मा के कथित गुंडों ने अरविंद केजरीवाल पर हमला किया. उनकी कार पर पत्थर फेंके गए. पार्टी सूत्रों के मुताबिक, केजरीवाल पर यह हमला उस समय किया गया जब वो नई दिल्ली विधानसभा में चुनाव प्रचार कर रहे थे. दावा किया जा रहा है कि गुंडों से लोकल लोगों की भी झड़प हुई. स्थानी लोगों ने बीच बचाव किया और कथित गुंडों को भगाया भी। आम आदमी पार्टी ने कथित हमले का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी शेयर किया है. पार्टी ने कहा है कि बीजेपी हार की डर से बौखलाई हुई है. बीजेपी ने अपने गुंडों से अरविंद केजरीवाल पर यह हमला करवाया है।

### साध्वी नहीं बनी तो गंगा में कूदकर जान दे दूंगी



**प्रयागराज।** प्रयागराज में आयोजित कुंभ इस बार कई वजहों से चर्चा में है। कोई आईआईटी स्टूडेंट बाबा बन गया है तो कोई सोशल मीडिया इंफ्लूंएसर। अब 13 साल की राखी इसलिए चर्चा में हैं क्योंकि वो साध्वी बनना चाहती हैं। बता दें कि राखी साध्वी बनने के लिए जूना अखाड़े में शामिल हुई थी। लेकिन नाबालिग होने के कारण उसे घर भेज दिया गया। करीब 22 दिन बाद राखी अपने गांव लौट आई है, लेकिन उसका कहना है कि वो लौट तो आई है पर साध्वी बनकर रहेगी।राखी आगरा के फतेहाबाद में तहसील सदर के गांव टरकपुरा के दिनेश की 13 वर्षीय बेटी है। वो हाल ही में जूना अखाड़े में शामिल हुई थी। मगर, नाबालिग होने के कारण घर भेज दी गई थीं। उसका कहना है कि साध्वी बनकर रहूंगी। उसका कहना है कि दीदी त्रतंभरा वृद्धावन में आश्रम में रहकर पढ़ाई कर सनातन धर्म का प्रचार करेंगी। वहीं राखी ने कहा कि मेरे गुरु पर जो आरोप लगाए गए हैं वो सब गलत है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बांटे 65 लाख परिवारों को संपत्ति कार्ड

## बोले- स्वामित्व योजना से खुलेगा आर्थिक गतिविधि का रास्ता, कोरोना समय वर्चुअली प्रॉपर्टी कार्ड का पहला सेट वितरित किया था

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 65 लाख से ज्यादा परिवारों को स्वामित्व कार्ड बांटे. इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना से आर्थिक गतिविधि का रास्ता खुलेगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन देश के गांवों के लिए, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही ऐतिहासिक है. गांव की व्यवस्था में यह स्कीम मील का पत्थर साबित होगा। स्वामित्व योजना ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में अहम है. पांच साल पहले स्वामित्व योजना शुरू की गई थी ताकि गांवों में रहने वालों का उनका कानूनी प्रमाण दिया जा सके. बीते 5 साल में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को ये स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज हमारी सरकार पूरी ईमानदारी से ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने का प्रयास कर रही है. स्वामित्व योजना से गांव के विकास की प्लानिंग और उस पर अमल अब काफी बेहतर हो रहा है. पहले की सरकारों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए. इसलिए 2014 में जब हमारी सरकार बनी, तो हमने प्रॉपर्टी के कागज की इस चुनौती से निपटने को ठानी और हमने स्वामित्व योजना शुरू की। पीएम मोदी ने कहा कि हमने तय किया कि ड्रोन की मदद से देश के गांव-गांव में घरों की, जमीनों की मैपिंग कराई जाएगी. गांव के लोगों को उनकी आवासीय संपत्ति के कागज दिए जाएंगे. प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामित्व और भू-आधार-ये दो व्यवस्थाएं गांवों के विकास का आधार बनने वाली हैं. भू-आधार के जरिए जमीन को भी एक खास पहचान दी गई है. करीब 23 करोड़ भू-आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं। बीते 7-



8 साल में ही करीब 98 प्रतिशत लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब प्रॉपर्टी राइट्स मिलने से ग्राम पंचायतों की मुश्किलें भी दूर होंगी और वो भी आर्थिक रूप से सशक्त हो पाएंगी. इससे आपदा की स्थिति में उचित क्लेम मिलना भी आसान होगा।

**प्रॉपर्टी राइट्स की बड़ी चुनौती**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 21वीं सदी की दुनिया में क्लाइमेट चेंज, पानी की कमी, स्वास्थ्य का संकट, महामारी.. ऐसी कितनी भी चुनौतियां हैं, लेकिन विश्व के सामने एक और बड़ी चुनौती रही है और ये चुनौती है- प्रॉपर्टी राइट्स की. उन्होंने कहा कि कई साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के अनेक-अनेक देशों में भू-संपत्ति को लेकर एक स्टडी की थी. इस स्टडी में सामने आया कि दुनिया के अनेक देशों में लोगों के पास प्रॉपर्टी के पक्के कानूनी दस्तावेज है ही नहीं. संयुक्त राष्ट्र ने साफ कहा कि अगर गरीबी कम करनी है तो इसके लिए प्रॉपर्टी राइट्स होना बहुत जरूरी है। मित्व पहल ग्रामीण भारत को बदलने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रही है। इस पहल के तहत, सरकार सटीक संपत्ति स्वामित्व डेटा प्रदान कर रही है, जिसमें स्पष्ट स्वामित्व रिकॉर्ड हाथ में हैं, जिससे भूमि विवाद कम हो गए हैं। इस योजना ने भारत के ग्रामीण सशक्तीकरण और शासन यात्रा में एक मील का पत्थर साबित किया है। यह योजना संपत्तियों के मुद्रीकरण को सुविधाजनक बनाने में भी मदद करती है और बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण को सक्षम बनाती है; संपत्ति से संबंधित विवादों को कम करती है; ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों और संपत्ति कर के बेहतर मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करती है और व्यापक ग्राम-स्तरीय योजना को सक्षम बनाती है।3.17 लाख से ज्यादा गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जिसमें लक्षित गांवों का 92% हिस्सा शामिल है। अब तक 1.53 लाख से ज्यादा गांवों के लिए लगभग 2.25 करोड़ प्रॉपर्टी कार्ड तैयार किए जा चुके हैं। पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, त्रिपुरा, गोवा, उत्तराखंड और हरियाणा में यह योजना पूरी तरह से लागू हो चुकी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों और कई केंद्र शासित प्रदेशों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरे हो चुके हैं। इस योजना की शुरूआत 24 अप्रैल, 2020 (राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर) को प्रधानमंत्री मोदी ने की थी और इसका उद्देश्य ड्रोन और जीआईएस तकनीक का उपयोग करके ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को अधिकारों का रिकॉर्ड प्रदान करना था। कोविड-19 महामारी द्वारा उत्पन्न अभूतपूर्व चुनौतियों के बावजूद, प्रधानमंत्री ने 11 अक्टूबर, 2020 को वर्चुअली प्रॉपर्टी कार्ड का पहला सेट वितरित किया।

# कोलकाता रेप कांड : कोर्ट ने संजय रॉय को दोषी करार दिया, सोमवार को सुनाई जाएगी सजा

**एजेंसी**

**कोलकाता।** कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में संजय रॉय को दोषी करार दे दिया गया है। सजा पर सोमवार को कोर्ट में बहस होगी। बता दें कि संजय रॉय ने अस्पताल में काम करने वाली लडकी के साथ बलात्कार और हत्या का आरोप है। कोलकाता पुलिस के नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय पर पिछले साल 9 अगस्त को शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित सरकारी अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ जघन्य अपराध करने का आरोप लगाया गया था। अदालत ने आज संजय रॉय को दोषी करार दे दिया है। इस मामले में 12 नवंबर को बंद कमरे में सुनवाई शुरू हुई थी, इसके 57 दिन बाद सियालदह अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिरबन दास ने फैसला सुनाया। मामले की जांच कर रही कोलकाता पुलिस ने रॉय को 10 अगस्त को गिरफ्तार किया




था।इससे एक दिन पहले ही डॉक्टर का शव अस्पताल के सेमिनार रूम से बरामद किया गया था। बाद में कलकत्ता हाई कोर्ट ने मामले को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दिया था। डॉक्टर के साथ बलात्कार एवं हत्या के मामले में रॉय पर मुकदमे की सुनवाई 9 जनवरी को पूरी हुई, जिसके दौरान 50 गवाहों से पूछताछ की गई। पीड़ित डॉक्टर चिकित्सक के माता-पिता ने दावा किया है कि अपराध में अन्य लोग भी शामिल थे और उन्हें उम्मीद है कि उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा और अदालत में उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। पीड़िता के माता-पिता ने भी मामले की आगे की जांच की मांग करते हुए अदालत में एक आवेदन दायर किया है। इस अपराध के कारण देश भर में आक्रोश फैल गया और कोलकाता में जूनियर डॉक्टरों ने पीड़िता के लिए न्याय और सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की मांग करते हुए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन किया।

अदालत ने दोषी से कहा कि उसे सोमवार को बोलने की अनुमति दी जाएगी, जब वह उसकी सजा की अवधि की घोषणा करेगी। आरोपियों पर सोमवार को सुनवाई होगी। अब उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उनकी सजा का ऐलान सोमवार को किया जाएगा। जज ने कहा मैंने मामले की सुनवाई के लिए 12:30 बजे का समय तय किया है। पिछले साल नवंबर में बंद कमरे में सुनवाई शुरू होने के करीब दो महीने बाद फैसला सुनाया गया। संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, जो बलात्कार को नियंत्रित करती है, और अधिनियम की धारा 66 और 103 (1), जो हत्या के लिए सजा से संबंधित है, के तहत दोषी ठहराया गया था। बीएनएस की धारा 103 (1) में अधिकतम सजा मौत या आजीवन कारावास है। पीड़िता के माता-पिता ने दोषी फैसले के लिए न्यायाधीश को धन्यवाद दिया और कहा कि अदालत ने उनके भरोसे का सम्मान किया है। यह मामला 9 अगस्त को 28 वर्षीय स्नातकोत्तर मेडिकल प्रशिक्षु के कथित बलात्कार और हत्या से जुड़ा है, जिसका मृत शरीर अस्पताल के सेमिनार कक्ष में पाया गया था।

# अदाणी की महाकुंभ सेवा को मिला 101 साल पुराने संगठन का साथ

- गीता समूह और गौतम अदाणी आए साथ
- महाकुंभ में श्रृद्धालुओं की सेवा में लगा है अदाणी ग्रुप

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** जहां एक और महाकुंभ 2025 श्रृद्धालुओं के उत्साह के मामले में नित नए रिकॉर्ड तोड़ रहा है वहीं देशभर के उद्योगपति भी कुंभ मेले में आने वाले श्रृद्धालुओं की सेवा में लगे हैं। ऐसा ही काम देश के अग्रणी उद्योगपति गौतम अदाणी 101 साल पुराने संगठन के साथ मिल कर कर रहे हैं। उस संगठन का नाम है गीता प्रेस। गीता प्रेस दुनियाभर में हिंदू धर्म से जुड़े साहित्य के प्रकाशन और प्रचार-प्रसार का सबसे बड़ा संगठन है। गीता प्रेस और अदाणी समहू मिल कर श्रृद्धालुओं को मुफ्त में आरती संग्रह उपहार स्वरूप दे रहे हैं। इस आरती



संग्रह का वितरण महाकुंभ मेला क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर वैन और स्टॉल लगाकर किया जा रहा है। मेला क्षेत्र में 10 मोबाइल वैन आरती संग्रह वितरण के कार्य में लगी हैं।

साल 1923 में उर्दू बाजार गोरखपुर उत्तर प्रदेश में 10 रुपये महीने के किराए पर एक कमरा लिया गया और वहीं से शुरू हुआ गीता प्रेस का सफर गया। धीरे-धीरे गीताप्रेस का निर्माण हुआ और इसकी वजह से न सिर्फ हिंदू संस्कृति बल्कि पूरे विश्व में गोरखपुर को एक अलग पहचान मिली।29 अप्रैल, 1955 को भारत के तत्कालीन व प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद ने गीताप्रेस भवन के मुख्य द्वार व लीला चित्र मंदिर का उद्घाटन किया था। चार जून, 2022 को तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने गीताप्रेस में शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारंभ किया था। गीता प्रेस के साथ आरती संग्रह वितरण की शुरूआत के साथ ही अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने भारतीय आध्यात्मिकता के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया है। इस सांस्कृतिक यात्रा में इस संकल्प के तहत आरती संग्रह की 1 करोड़ प्रतियां बांटने का लक्ष्य रखा गया है। इस आरती संग्रह में देवी-देवताओं की 102 आरतियां शामिल हैं। इसमें वैदिक आरतियां, गणेश, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, लक्ष्मी-नारायण, दशावतार, श्रीराम, कृष्ण, दुर्गा आदि की आरती शामिल है गीताप्रेस तीन प्रकार की आरती संग्रह पुस्तकें प्रकाशित करता है।

## राहुल गांधी का मोहन भागवत पर बड़ा हमला

# गांधी और अंबेडकर की विचार धारा को मिटा रहे मोहन भागवत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान कि भारत को आजादी 15 अगस्त 1947 को नहीं मिली थी। देश की संस्थाओं को असली आजादी पिछले कुछ वर्षों में मिली। आरएसएस प्रमुख के इस बयान पर पलटवार करते हुए राहुल गांधी ने मोहन भागवत पर बड़ा हमला किया है। राहुल ने कहा कि ऐसा कहकर मोहन भागवत भारत के संविधान को खारिज कर रहे हैं। ये हमारे लिए संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है। वे भारत की हर संस्था से डॉ. बीआर अंबेडकर, भगवान बुद्ध, महात्मा गांधी की विचारधारा को मिटा रहे हैं। आजादी 15 अगस्त 1947 को नहीं मिली थी, देश की संस्थाओं को असली आजादी



पिछले कुछ वर्षों में मिली। आरएसएस प्रमुख के इस बयान पर पलटवार करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ऐसा कहकर भारत की हर संस्था से डॉ. बीआर अंबेडकर, भगवान बुद्ध, महात्मा गांधी की विचारधारा को मिटा रहे हैं। पटना में 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, हम चाहते थे कि जैसे हर जगह गंगा का पानी बहता है, वैसे ही संविधान की विचारधारा भी हर व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए। ये हमारे लिए संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है। हर राज्य के महापुरुषों की आवाज इस संविधान में है।

# बजट सत्र में ही आएगा वक्फ संशोधन बिल सरकार की ओर से की जा रही पूरी तैयारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सरकार संसद के आगामी बजट सत्र के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी कर रही है। 31 जनवरी से 4 अप्रैल, 2025 तक निर्धारित बजट सत्र, 31 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के साथ शुरू होगा। इसके बाद, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2025 को अपना लगातार आठवां केंद्रीय बजट पेश करेंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कार्यक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि माननीय राष्ट्रपति 31 जनवरी को सुबह 11:00 बजे लोकसभा कक्ष में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। केंद्रीय बजट 2025-26 1 फरवरी, 2025 को लोकसभा में पेश किया जाएगा।पहला चरण 31 जनवरी



से 13 फरवरी तक होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे और सीतारमण बजट पर चर्चा को संबोधित करेंगी। मंत्रालय की अनुदान मांगों पर विचार-विमर्श करने और बजट प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए संसद 10 मार्च को फिर से बैठेगी। सत्र, जिसमें 27 बैठकें शामिल हैं, 4 अप्रैल, 2025 को समाप्त होने वाला है। इस सत्र के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक की प्रत्याशित शुरूआत प्रमुख विधायी सुधारों पर सरकार के फोकस को उजागर करती है। इससे पहले कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक पर काम अच्छी गति से चल रहा है और जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। वर्तमान में यह विधेयक संयुक्त संसदीय समिति के पास है। वक्फ विधेयक पर एक सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने एक 'बड़ा फैसला' लिया और विधेयक लाई, जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पारित कर दिया। उन्होंने कहा कि जब विधेयक पेश किया गया तो मांग उठी कि इसे एक समिति के पास जाना चाहिए, इसलिए जेपीसी का गठन किया गया। बैठकें हो रही हैं, फील्ड विजिट भी हो चुकी है और काम अच्छी गति से चल रहा है। आप यह नहीं कह सकते कि प्रक्रिया धीमी है। मेघवाल ने कहा कि अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विधेयक पेश होने पर सरकार की भावनाओं के बारे में बात की थी।

# भारत-बांग्लादेश की सीमा पर बांग्लादेशी नागरिकों से झड़प, बीएसएफ-बीजीबी ने स्थिति को संभाला

- बीएसएफ ने दागे आंसू गैस के गोले
- भारत और बांग्लादेश के किसानों के बीच झड़प
- एक-दूसरे पर पत्थर फेंकने का आरोप

**एजेंसी**

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से सटे बांग्लादेश की सुखदेवपुर सीमा पर शनिवार को उस समय तनाव पैदा हो गया, जब कुछ लोग बांग्लादेश की सीमा पार कर भारत की ओर घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे. सुखदेवपुर के निवासियों ने बांग्लादेशी नागरिकों का पीछा किया. तभी दूसरी तरफ से पत्थर फेंके जाने लगे. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बीएसएफ ने आंसू गैस के गोले दागे. बांग्लादेशी नागरिक पीछा किये जाने के बाद भाग गये। पिछले कुछ दिनों में बांग्लादेश सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश करने के कई प्रयास हुए हैं. इससे पहले, भारतीय सीमा निवासियों द्वारा पीछा किये जाने के बाद बांग्लादेशी नागरिक भाग गये थे. दूसरे पक्ष के निवासियों ने शनिवार को भी शुकदेवपुर में प्रवेश करने का प्रयास किया। शुकदेवपुर सीमा पर डेढ़ किलोमीटर तक कोई



फेंसिंग नहीं है. जब भी बीएसएफ ने कंटीले तार लगाने की कोशिश की, बीजीबी ने उसे रोक दिया. दूसरी ओर जमीन में सुरंगें भी खोदी जाती देखी गई. .स्थानीय निवासियों का कहना है कि बांग्लादेशी नागरिक इस तरफ आकर फसल काट ले गए है। शुक्रवार रात से सीमा पर तनाव जारी है. तभी स्थानीय निवासियों ने इसे रोक दिया. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बीएसएफ ने आंसू गैस के गोले दागे. दूसरी ओर के निवासी पीछा करते हुए भाग गए. इससे पहले, बीजीबी ने सीमा पर कंटीले तार लगाने का बार-बार विरोध किया था। दूसरी ओर, बीएसएफ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शनिवार सुबह लगभग 11:45 बजे 119वीं वाहिनी की सीमाचौकी सुखदेवपुर के भारत- बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारतीय और बांग्लादेशी किसानों के बीच एक मामूली कहासुनी के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई. यह घटना उस समय हुई जब कुछ भारतीय किसान, सामान्य दिनों की तरह अपने अन्तरराष्ट्रीय सीमा के पास खेतों में काम करने के उद्देश्य से आगे गए हुए थे। इसी दौरान भारतीय किसानों ने सीमापार खेतों में काम कर रहे बांग्लादेशी किसानों पर फसल चोरी करने का आरोप लगाया, जिस वजह से दोनों देशो के किसानों के बीच आपसी बहस शुरू हो गयी।

# देशभर में शीतलहर और कोहरे का डबल अटैक, आईएमडी अलर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देशभर में शीतलहर और कोहरे का डबल अटैक जारी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में ठंड और कोहरे की स्थिति गंभीर है। इसी के साथ ही हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तराखंड में भी ठंड और कोहरे की स्थिति गंभीर है। अगले कुछ दिन ऐसे ही मौसम की संभावना है। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी और शीत दिवस जारी है। उत्तरप्रदेश में घने कोहरे से यातायात प्रभावित हुआ है। दिल्ली-एनसीआर के आसमान में आज शनिवार सुबह से ही घना कोहरा और बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहने की



संभावना जताई गई है। आईएमडी के अनुसार अगले 3 दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा।इसके बाद ऐसे ही 21 और 22 जनवरी को भी मौसम विभाग के मुताबिक तेज बारिश से एनसीआर के लोगों का सामना होगा और दोनों ही दिन अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। उत्तरप्रदेश भीषण ठंड की चपेट में : उत्तरप्रदेश भीषण ठंड की चपेट में है और शुक्रवार को सुबह कोहरे के कारण कई हिस्सों में दृश्यता कम हो गई। घने कोहरे के कारण सुबह आम जनजीवन प्रभावित हुआ, खासकर लखनऊ जैसे प्रमुख शहरों में, जहां इससे सड़क यातायात प्रभावित हुआ और कुछ रेलगाड़ियां कई घंटे देरी से चलीं।

# वित्त मंत्रालय ने वित्त विधेयक में क्रिप्टोकरेंसी पर कराधान नियमों को कड़ा करने का प्रस्ताव किया



**नयी दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को अन्य डिजिटल परिसंपत्तियों से लाभ के साथ किसी भी नुकसान की भरपाई की अनुमति नहीं देकर क्रिप्टोकरेंसी पर कराधान के नियमों को कड़ा करने का प्रस्ताव किया। मंत्रालय ने लोकसभा सदस्यों को जारी वित्त विधेयक, 2022 में संशोधनों के तहत डिजिटल परिसंपत्तियों से लाभ के साथ नुकसान की भरपाई से संबंधित खंड से अन्य शब्द को हटाने का प्रस्ताव किया है। इसका मतलब है कि वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों (वीडीए) के अंतरण से होने वाले घाटे की अन्य वीडीए के स्थानांतरण से होने वाली आय के जरिये भरपाई की अनुमति नहीं होगी। वित्त विधेयक, 2022 के अनुसार वर्चुअल डिजिटल संपत्ति कोड या संख्या अथवा टोकन हो सकता है, जिसे स्थानांतरित किया जा सकता है या फिर उसे रखा जा सकता है अथवा इलेक्ट्रॉनिक रूप से व्यापार किया जा सकता है। वीडीए में क्रिप्टोकरेंसी और नॉन फंजिबल टोकन (एनएफटी) शामिल है, जिसके प्रति हाल के दिनों में आकर्षण बढ़ा है। वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में क्रिप्टो संपत्ति पर आयकर लगाने को लेकर चीजें स्पष्ट की गयी हैं। एक अप्रैल से ऐसे लेन-देन से होने वाली आय पर 30 प्रतिशत आयकर के साथ उपकर और अधिभार लगाया जाएगा। यह कर ठीक उसी प्रकार से लगेगा, जैसे लॉटरी जैसे सट्टे वाले लेन-देन से होने वाले लाभ पर लगता है। साथ ही, वीडीए के हस्तांतरण से आय की गणना करते समय, किसी भी खर्च (अधिग्रहण की लागत के अलावा) या भत्ते के संबंध में कोई कटौती की अनुमति नहीं दी जाएगी। बजट में एक साल में 10,000 रुपये से अधिक ऑनलाइन डिजिटल मुद्रा भुगतान पर एक प्रतिशत टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) लगाने का भी प्रस्ताव है। साथ ही इस प्रकार की संपत्ति उपहार देने पर भी कराधान का प्रस्ताव किया गया है। टीडीएस के लिये सीमा निर्धारित व्यक्तियों के लिये 50,000 रुपये सालाना होगी। इसमें व्यक्ति/हिंदू अविभाजित परिवार शामिल हैं। उन्हें आयकर कानून के तहत अपने खातों का ऑडिट कराने की जरूरत होगी। एक प्रतिशत टीडीएस लगाने का प्रस्ताव एक जुलाई, 2022 से प्रभाव में आएगा। वित्त विधेयक में संशोधनों में निर्यात-आयात आंकड़ों के प्रकाशन के संदर्भ में जुमार्ना प्रावधान को हल्का करने का भी प्रस्ताव है।

## जी एंटरटेनमेंट का शेयर 17 प्रतिशत चढ़ा



**नयी दिल्ली।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के शेयर में बृहस्पतिवार को करीब 17 प्रतिशत का उछाल आया। कंपनी की सबसे बड़ी शेयरधारक इनवेस्को डेवलपिंग मार्केट्स फंड के जी-सोनी विलय सौदे का समर्थन करने और जी लि. के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पुनीत गोयनका को पद से हटाने को लेकर कंपनी के शेयरधारकों की आसाधारण बैठक (ईजीएम) बुलाने पर जोर नहीं देने के निर्णय से मनोरंजन कंपनी का शेयर चढ़ा। जी का शेयर 16.83 प्रतिशत उछलकर 299.15 रुपये प्रति इक्विटी पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान यह 19.99 प्रतिशत चढ़कर 307.25 रुपये तक पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी का शेयर 16.89 प्रतिशत बढ़कर 299.30 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 4,139.83 करोड़ रुपये उछलकर 28,733.83 करोड़ रुपये पहुंच गया।

## चार दिनों में तीसरी बार महंगाई की मार, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 80 पैसे की बढ़ोतरी



**नयी दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शुक्रवार को एक बार फिर 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। चार दिनों में तीसरी बार कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की तरफ से जारी मूल्य अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 97.01 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर अब 97.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 88.27 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 89.07 रुपये हो गई है। पेट्रोल तथा डीजल की कीमतें रिकॉर्ड 137 दिन तक स्थिर रहने के बाद 22 मार्च को बढ़ाई गई थीं। इसके बाद 23 मार्च को भी इनकी कीमतों में प्रति लीटर 80 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। उत्तर प्रदेश और पंजाब समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले चार नवंबर, 2021 से ही पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई थीं। हालांकि, इस अवधि में कच्चे तेल की कीमत 30 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ गई थी। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के साथ ही पेट्रोल एवं डीजल के दाम में बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन पेट्रोलियम कंपनियों ने कुछ दिन और इंतजार किया। ऐसा कहा जा रहा है कि अब पेट्रोलियम विपणन कंपनियां अपने घाटे की भरपाई कर रही हैं। क्रिसिल रिसर्च के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में हुई वृद्धि से पूरी तरह से पार पाने के लिए दरों में नौ से 12 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की आवश्यकता है। भारत अपनी तेल की जरूरतें पूरी करने के लिए आयात पर 85 फीसदी निर्भर है।

# एक महीने में 14 फीसदी चढ़ चुका है रिलायंस का शेयर




**नई दिल्ली।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में पिछले एक महीने में 14 फीसदी तेजी आई है। इस दौरान बेंचमार्क सेंसेक्स में मात्र तीन फीसदी तेजी आई है। रिलायंस का शेयर अपने ऑल टाइम हाई की तरफ बढ़ रहा है। इस शेयर का ऑल टाइम हाई 2750 रुपये है और अभी यह इससे पांच फीसदी दूर है। रिलायंस का शेयर बीएसई पर दोपहर बाद 12.30 बजे 0.77% तेजी के साथ 2597.80 रुपये पर ट्रेड कर रहा था जबकि इस दौरान सेंसेक्स 275.54 यानी 0.48% की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। टेक्निकली इस शेयर ने 2250 रुपये पर स्टॉन्ग बेस बनाया है। शॉर्ट टर्म में यह 2,700 से 2,750 रुपये तक जा सकता है जबकि लॉन्ग टर्म में 3,000 रुपये का आंकड़ा छू सकता है। रिलायंस अभी देश की सबसे मूल्यवान कंपनी है।

**क्यों बढ़ रहा है शेयर**

जानकारों का कहना है कि रिफाइनिंग मार्जिन में तेजी के कारण कंपनी के शेयरों में तेजी दिख रही है। तेल और गैस की कीमत में तेजी से कंपनी का सिंगापुर ग्रॉस रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) ऑल टाइम हाई पर है। इतना ही नहीं कंपनी का टेलिकॉम बिजनस भी जियोपॉलिटिकल तनाव और महंगाई में तेजी से बेअसर रहा है। साथ ही कंपनी रिटेल बिजनस में भी अपनी संभावनाएं बढ़ा रही हैं। कंपनी रिन्यूएबल एनर्जी बिजनस को लगातार बढ़ा रही है और इसके लिए उसने कई कंपनियों के साथ हाथ मिलाया है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स ने हाल में Purple Panda Fashions Pvt. Ltd में 89 फीसदी हिस्सेदारी 950 करोड़ रुपये में खरीदी। इसके पास महिलाओं के इनरवियर और लॉन्ज वियर ब्रांड Clovia का मालिकाना हक है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से रिलायंस का पेट्रोकेमिकल बिजनस में फायदा मिलेगा। कंपनी के एवरेज रेवेन्यू पर यूजर में भी तेजी की उम्मीद है जो रिलायंस के शेयरों के लिए अच्छी खबर है।

# प्लेन टिकट तो महंगे हो गए, क्या अब बस और ट्रेन का बढ़ेगा किराया?



**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रही लड़ाई के कारण कच्चा तेल भड़का हुआ है। हाल में इसकी कीमत 139 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई थी जो 2008 के बाद इसका उच्चतम स्तर है। कच्चे तेल की कीमत में बढ़ोतरी का चौतरफा असर देखने को मिल रहा है। विमान ईंधन यानी एटीएफ की कीमत में हाल में 18 फीसदी बढ़ोतरी की गई थी। पेट्रोल और डीजल भी पिछले चार दिन में 2.40 रुपये महंगा हो चुका है। एलपीजी सिलेंडर 50 रुपये महंगा हुआ है जबकि सीएनजी-पीएनजी के दामों में भी बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने विमान ईंधन यानी एयर टर्बाइन फ्यूल की कीमत में 18 फीसदी बढ़ोतरी की थी जिससे एक झटके में इसकी कीमत करीब 18 हजार रुपये प्रति किलोलीटर बढ़ गई। इससे देश में कई रूट्स पर हवाई किराया करीब दोगुना हो गया है। किसी भी विमानन कंपनी की परिचालन लागत में एटीएफ की करीब 40 फीसदी हिस्सेदारी होती है। यही वजह है कि एटीएफ की कीमत बढ़ने से हवाई किराया बढ़ता है। एटीएफ की कीमत में ताजा बढ़ोतरी के बाद कोलकाता में यह सबसे महंगा हो गया है।

**दोगुना हो गया हवाई टिकट**

एटीएफ की कीमत में बढ़ोतरी से देश में हवाई किराए में भी जबरदस्त तेजी आई है। कई रूट्स पर 15 दिन पहले की तुलना में अब किराया दोगुना हो गया है। दिल्ली-पटना का न्यूनतम किराया 15 दिन पहले जहां 2,000 रुपये था, वह अब बढ़कर 4,274 रुपये हो गया है। इसी तरह पटना-दिल्ली रूट पर न्यूनतम किराया 2100 रुपये से बढ़कर 4361 रुपये हो गया है। दिल्ली-मुंबई रूट पर 15 दिन पहले न्यूनतम हवाई किराया 15 दिन पहले 2800 रुपये था जो अब 4800 रुपये पहुंच गया है।

**ट्रेन का किराया**

हाल में थोक खरीदारों के लिए डीजल की कीमत में प्रति लीटर 25 रुपये का इजाफा किया गया था। रेलवे डीजल के बड़े थोक खरीदारों में शामिल है। रेलवे में रोजाना 65 लाख लीटर डीजल की खपत होती है। सूत्रों के मुताबिक इस बढ़ोतरी से रेलवे का रोजाना का डीजल बिल 16 करोड़ रुपये बढ़ गया है। यानी रेलवे को डीजल पर हर महीने 480 करोड़ रुपये अतिरिक्त चुकाने होंगे। लेकिन सूत्रों के मुताबिक रेलवे की फिलहाल किराया बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। कोरोना काल में रेलवे का परिचालन बंद रहा था लेकिन अब स्थिति काफी हद तक सामान्य हो चुकी है।

**बस किराया**

रोडवेज भी डीजल के बड़े थोक खरीदारों में शामिल है। साथ ही रोडवेज की बसें पेट्रोल पंप से भी डीजल भरवाती हैं। डीजल की खुदरा कीमत में पिछले चार दिनों में 2.40 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। जानकारों के मुताबिक डीजल की कीमत में 13.1 रुपये से 24.9 रुपये प्रति लीटर का इजाफा हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो रोडवेज का किराया बढ़ना तय है। अधिक राज्यों की रोडवेज की हालत खराब है और वे डीजल की बढ़ी कीमत का बोझ लेने की स्थिति में नहीं हैं। यही वजह है कि देरसबेर रोडवेज का किराया बढ़ना तय है।

# आज से लगातार 4 दिन बंद रह सकते हैं बैंक, निपटा लें जरूरी काम



**नई दिल्ली।** अगर आपको बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम है, जिसके लिए ब्रांच में जाए बिना काम नहीं चलेगा तो उसे आज ही निपटा लें। इसकी वजह है कि शनिवार से लगातार 4 दिन बैंक बंद रह सकते हैं। 26 मार्च को माह का चौथा शनिवार और 27 मार्च को रविवार होने की वजह से बैंकों में छुट्टी रहेगी। वहीं 28-29 मार्च को विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने दो दिन की हड़ताल का आह्वान किया है। इससे बैंक सेवाओं पर भी असर पड़ सकता है, एटीएम खाली रह सकते हैं। स्इक (भारतीय स्टेट बैंक) के अनुसार भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने उसे सूचित किया है कि ऑल इंडिया बैंक इंप्लॉइज एसोसिएशन (एआईबीईए), बैंक इंप्लॉइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीईएफआई) और ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईबीओए) ने नोटिस देकर देशव्यापी हड़ताल पर जाने का फैसले के बारे में जानकारी दी है। हड़ताल का आह्वान सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण और बैंक कानून संशोधन विधेयक 2021 के विरोध में किया गया है।

**ग्रामीण बैंक भी रह सकते हैं बंद**

इस बार ग्रामीण बैंकों ने भी हड़ताल में शामिल होने की सहमति दी है। ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक इंप्लॉइज एसोसिएशन की तरफ से भी हड़ताल का नोटिस केंद्र सरकार को पिछले महीने भेज दिया गया है।

**श्रमिक संगठनों ने किया है हड़ताल का आह्वान**

यह हड़ताल मूलतः मजदूरों की है और इसका आह्वान केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने किया है। देश के 11 ट्रेड यूनियन हड़ताल को समर्थन दे रहे हैं।

# नवरात्रों में ट्रेन की सीट पर मिलेंगे साबूदाने की खिचड़ी, कुट्टू का पकौड़ा और फ्रेश जूस



**नई दिल्ली।** नवरात्र के दौरान ट्रेन जर्नी करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। उन्हें अब रेल यात्रा के दौरान भी व्रत का भोजन मिलेगा। रेल मंत्रालय की कंपनी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन इस बार नवरात्रे में ऐसा इंतजाम कर रही है कि यात्रियों के सीट पर व्रत का भोजन पहुंच जाए।

**व्रत करने वाले यात्रियों को होती है परेशानी**

नवरात्र के दौरान ट्रेन में लंबा सफर करने वाले व्रती यात्री अभी तक फल अपने साथ लेकर चलते रहे हैं। वे पूरी यात्रा फल खा कर ही काटते हैं क्योंकि उन्हें ट्रेन में व्रत का खाना नहीं मिल पाता। अब उन्हें सिर्फ फल पर ही निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्हें सात्विक तरीके से तैयार दाल चावल, रोटी सब्जी या कुछ अन्य व्यंजन भी मिलेंगे।

**साबूदाने की खिचड़ी से लेकर मिलेगा सब कुछ**

आईआरसीटीसी से मिली जानकारी के अनुसार इस बार नवरात्र के दौरान साबूदाना खिचड़ी आदि का सेवन करने वाले लोगों को अब निराश होने की जरूरत नहीं है। आईआरसीटीसी द्वारा अब ट्रेनों में व्रत के दौरान खाई जाने वाले पदार्थ भी परोसे जाएंगे। इसमें साबूदाने की खिचड़ी, कुट्टू आटे की पकौड़ी, पनीर मखनी, पराठा, आलू चॉप, फ्रेश ज्यूस आदि जैसे व्यंजन मिलेंगे।

**कैसे पहुंचेगा आपकी सीट तक व्रत का भोजन**

चलती रेलगाड़ी में आप तक यह सामान पहुंचाने के लिए आईआरसीटीसी ने एक विशेष व्यवस्था की है। इसके लिए देश भर के 400 से भी ज्यादा रेलवे स्टेशनों पर तैयारी की गई है। जो यात्री ट्रेन में व्रत का खाना चाहेंगे, उन्हें टेलीफोन नंबर 1323 पर डायल कर पहले आर्डर देना होगा।

# चीन उलझा कोरोना में तो भारत से इन चीजों का 29 फीसदी बढ़ा निर्यात



**नई दिल्ली।** पिछला साल कोरोना के साए में बीता। हालांकि, इसके चपेट में भारत भी था, लेकिन चीन पर इसका असर कुछ ज्यादा ही था। इस वजह से चीन से हस्तशिल्प का निर्यात घट गया था। इसका फायदा भारतीय निर्यातकों को दिखा। तभी तो पिछले साल इन वस्तुओं का निर्यात 29 फीसदी से भी ज्यादा बढ़ गया। पिछले कुछ वर्षों के दौरान यह पहला मौका है, जबकि हस्तशिल्प का निर्यात इतना उछला हो।

**11 महीने में ही 29 फीसदी से ज्यादा बढ़ा निर्यात**

साल 2020-21 के दौरान हस्तशिल्प की वस्तुओं का निर्यात 25679.98 करोड़ रुपये का रहा था। यह एक वर्ष पहले के मुकाबले महज 1.62 फीसदी का ग्रोथ था। लेकिन चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी के दौरान ही 29626.96 करोड रुपये का निर्यात हो चुका है। यह रुपये के लिहाज से 29.18 फीसदी और डॉलर के हिसाब से 29.09 फीसदी की बढ़ोतरी है।

**चीन रहा परेशान तो हमारा बढ़ा निर्यात**

भारत सरकार से स्टार एक्सपोर्ट हाउस का दर्जा प्राप्त कंपनी एक्समार्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डाइरेक्टर और एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल फोर हैंडीक्राफ्ट में कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन के सदस्य राजेश कुमार जैन का कहना है कि चीन की वजह से हमें लाभ मिला है। उनका कहना है कि पिछले साल चीन में कोरोना का कहर कुछ ज्यादा ही रहा। इस वजह से वह हैंडीक्राफ्ट के एक्सपोर्ट पर उतना ध्यान नहीं दे पाया, जितना पहले देता था। इसे भारतीय निर्यातकों ने अवसर के रूप में लिया। इसका परिणाम सामने है।

**इस साल की भी है पूरी तैयारी**

एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल ऑफ हैंडिक्राफ्ट के डीजी राकेश कुमार का कहना है कि इस साल भी कम से कम 15 फीसदी की ग्रोथ का टार्गेट है। इसी हिसाब से तैयारी चल रही है। इसी क्रम में हैंडिक्राफ्ट के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी प्रदर्शनी पांच दिवसीय ~~क्लत्रक्ष~~ दिल्ली फेयर का आयोजन आगामी 30 मार्च से तीन अप्रैल के बीच किया जा रहा है। इसमें देश भर से 2500 से भी ज्यादा एक्जिबिटर्स अपने सामानों को दिखाने आ रहे हैं। इस दौरान 14 प्रोडक्ट कैटेगरी में 2000 से भी ज्यादा नए प्रोडक्ट और 300 से भी ज्यादा नए डिजाइन दिखाए जाएंगे।

**90 से भी ज्यादा देशों से आ रहे हैं बायर्स**

कुमार ने बताया कि IHGF-दिल्ली फेयर में यूके, यूएसए, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, स्विटजरलैंड, नार्वे, ग्रीस, इटली, स्वीडन समेत 90 से भी ज्यादा देशों के 5500 से भी ज्यादा बायर्स आ रहे हैं। इसके साथ ही भारत के बड़े ऑनलाइन रिटेलर्स जैसे ऐमजॉन, फ्लिपकार्ट, रिलायंस ब्रांड लिमिटेड, फैब इंडिया, प्रैक्सिस रिटेल लिमिटेड, आदित्य बिरला फैशंस लिमिटेड, वेस्टसाइड, फ्यूचर ग्रुप, हैंडिक्राफ्ट बाजार आदि के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

## भारत में अगले दो दशक में 2,200 नए विमानों की जरूरत होगी : एयरबस



**हैदराबाद।** दिग्गज विमान विनिमार्ता एयरबस का मानना है कि भारत में विमानन परिदृश्य बेहतर होने से यहां पर अगले दो दशक में 2,210 नए विमानों की जरूरत होगी। एयरबस के एयरलाइन विपणन प्रमुख (भारत एवं दक्षिण एशिया) ब्रेंट मैकब्रैटनी ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा कि भारत में अगले दो दशक में बड़ी संख्या में नए विमानों की जरूरत होगी। इनमें से 1,770 विमान छोटे आकार के तथा 440 विमान मध्यम एवं बड़े आकार के होने चाहिए। मैकब्रैटनी ने कहा कि अगले दो दशक में पुराने विमानों की जगह लेने और उद्योग के विस्तार की मांग को पूरा करने के लिए इन नए विमानों की जरूरत पैदा होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय विमानन उद्योग के विस्तार की संभावनाओं को देखते हुए उसे वर्ष 2040 तक 34,000 अतिरिक्त पायलट और 45,000 तकनीकी स्टाफ की भी जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि भारत में हवाई परिवहन के अगले दो दशक में 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। इस अवसर पर एयरबस के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (भारत एवं दक्षिण एशिया) रेमी मेलार्ड ने कहा कि लंबी दूरी वाली उड़ानों का 94 प्रतिशत विदेशी विमानन कंपनियों के पास है। लिहाजा भारतीय एयरलाइंस के पास विस्तार की काफी गुंजाइश है। मेलार्ड ने भारतीय बाजार के लिए एयरबस ए-350 विमान को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि भारत में लंबी दूरी की उड़ानों को संचालित कर विमानन परिदृश्य बदलने में यह विमान रणनीतिक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में हवाई परिवहन पिछले 20 वर्षों में नौ गुना बढ़ा है और यह दुनिया का तीसरा बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन चुका है।

# रैयतों के बीच मुआवजा का करें वितरण : डीसी



दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण को लेकर संचालित विभिन्न परियोजनाओं के तहत भूमि अधिग्रहण कार्य की प्रगति का शनिवार को उपायुक्त विजया जाधव ने संबंधित पदाधिकारियों एवं राष्ट्रीय राज मार्ग के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। उन्होंने क्रमवार सभी परियोजनाओं को लेकर चल रहें कार्य प्रगति की क्रमवार जानकारी ली। इस दौरान बचे हुए रैयतों का मुआवजा वितरण को लेकर संबंधित अंचलों में शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आगामी 21 जनवरी को कसमार प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में एवं 25 जनवरी को पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शिविर आयोजित करने को कहा। इसकी निगरानी बैठक में उपस्थित अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी को करने को कहा। डीसी ने कहा कि जिन रैयतों का भुगतान हो गया है या जीएम लैंड पर कोई संरचना है, उसे अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो को हटाने को लेकर कार्रवाई करने को कहा। समयबद्ध में इसे पूरा करने को कहा।बैठक में अपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा के अलावा एनएचएआइ के परियोजना निदेशक धनबाद धीरज भारती, शैलेंद्र कुमार, अभिमन्यू सिंह राठौर आदि उपस्थित थे।

## तेनुघाट डैम में वाटर साइड एडवेंचर एंड टूरिस्ट एटरेक्शन प्वाइंट का 54 करोड़ से होगा निर्माण

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** शनिवार को उपायुक्त विजया जाधव ने तेनुघाट डैम के पर्यटकीय सुविधाओं के विकास को लेकर पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यों योजना के प्रगति कार्य की समीक्षा बैठक की। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, भवन निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता सलभ कुमार, जिला पर्यटन पदाधिकारी हेमलता बुन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, संबंधित एजेंसी के आर्किटेक्ट अतुल कुमार आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने क्रमवार तेनुघाट डैम के पर्यटकीय सुविधाओं के विकास को लेकर होने वाले कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों का स्लाइड देखा। संबंधित एजेंसी गौरव होम प्वाइंट की ओर से आर्किटेक्ट ने विस्तार से किए जाने वाले कार्यों एवं चरणबद्ध होने वाले कार्य झ उसकी लागत से सभी को अवगत कराया। बताया कि तीन चरणों में कार्य किया जाना है, जिसमें लगभग 54 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बताया कि तेनुघाट डैम के समीप वाटर साइड एडवेंचर एंड टूरिस्ट एटरेक्शन प्वाइंट का निर्माण होगा, जिसके तहत गार्डेन रिसोर्ट, रिसोर्ट, रेस्टूरेंट, वाटर फाउंटेंन, इंफारमेशन सेंटर, पार्किंग एरिया, ई-विह्किल झ गोल्फ कार्ट, चिल्ड्रेन पार्क, लैंडस्केपिंग, कियोस्क, वाच टावर, एक्वाटिक गार्डन, बंबू वाकवे गार्डन, रोज गार्डन, कैफेटेरिया, सनराइज झ सनसेट प्वाइंट, ग्लास ब्रिज, सेल्फी प्वाइंट, कोटेज, ईको विलेज, फलावर गार्डन आदि का निर्माण किया जाएगा।उपायुक्त ने संबंधित एजेंसी के पीपीटी को देखते हुए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट जल्द तैयार कर समर्पित करने को कहा। ताकि राज्य स्तर से उसका अनुमोदन ससमय कराया जा सके।

# भोजपुरी भाषा भाषियों का स्वतंत्रता संग्राम के समय रहा है स्वर्णिम इतिहास : पीएन सिंह

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** चाहे स्वतंत्रता आंदोलन की बात हो , देश के नव निर्माण की बात हो या साहित्य एवं संस्कृति की बात हो। सभी क्षेत्रों में भोजपुरी भाषियों का महत्वपूर्ण योगदान है।भोजपुरी भाषियों का देश की स्वतंत्रता आंदोलन से ही स्वर्णिम इतिहास रहा है। वर्तमान में भी बोकारो एवं झारखंड के विकास में भोजपुरी भाषी पूरी एकजुटता के साथ अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि धनबाद के पूर्व सांसद पीएन सिंह ने शनिवार को सेक्टर 4 स्थित वीर कुंवर सिंह पार्क में आयोजित वनभोज सह वार्षिक मिलन समारोह में कही। विशिष्ट अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा ने



अपने संबोधन में कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में भोजपुरी भाषियों की अग्रणी भूमिका रही है। समाज कं उत्थान में भी भोजपुरी भाषा का महत्वपूर्ण योगदान है। विधायक कुमार जय मंगल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भोजपुरी परिवार की स्थापना हमारे पूर्वजों ने की है। आने वाली पीढ़ी को उनके नक्शे कदम पर चलते हुए बोकारो एवं झारखंड के विकास के लिए अपनी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। पूर्व विधायक विरंची नारायण ने अपने संबोधन में कहा कि भोजपुरी भाषा, भाषा ही नहीं एक संस्कृति है। झारखंड राज्य के निर्माण के समय से हीं झारखंड के विकास में भोजपुरी परिवार की अग्रणी भूमिका रही है। भोजपुरी भाषा अनेक देशों में बोली जाती है। भोजपुरी भाषा आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है।सभी भोजपुरी भाषा भाषियों को एकजुट बोकारो के विकास में काम करने की आवश्यकता है। मौके पर विशिष्ट अतिथि पी एन पांडे , विवेक सिंह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष यू पी सिंह जिला अध्यक्ष बीबीएल श्रीवास्तव ने किया। प्रधान महासचिव रविंद्र सिंह पूर्णेन्दु सिंह व राजेश्वर सिंह संत कुमार सिंह जिला प्रधान महासचिव रविंद्र सिंह पी एन पांडे , संग्राम सिंह ,ए के सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता सहित सैकड़ों उपस्थित थे।

## आकांक्षी जिला के विभिन्न आयामों में करे बेहतर प्रदर्शन : डीडीसी



दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न आयामों स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि झ जल संसाधन, वित्तीय समावेशन कौशल विकास एवं बुनियादी ढ़ांचा के तहत जिले में किए गए कार्यों जिले की उपलब्धि को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मौके पर सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने बताया कि मासांत तक विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह का जिले में दौरा प्रस्तावित है, वह जिले में हुए विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसलिए विभिन्न कार्यों से संबंधित सक्सेज स्टोरी का प्रेजेंटेशन संबंधित विभाग तैयार करें। बैठक में उपस्थित जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा को डीएमएफटी के माध्यम से किए गए बेहतर कार्यों राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में जिले के बेहतर प्रदर्शन को रेखांकित करते हुए पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन तैयार करने का निर्देश दिया।

# बोकारो विधानसभा में व्याप्त जन समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत से मिली विधायक

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने मुलाकात कर बोकारो विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं के निष्पादन करने का आग्रह किया ।रांची स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मिल कर पुष्पगुच्छ देकर नववर्ष की शुभकामना दी मौके पर श्रीमती श्वेता सिंह ने कहा कि यह मुलाकात मुख्य रूप से बोकारो विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त समस्या जो कि लंबे समय से चल रही है उसका निष्पादन करने हेतु हैं श्वेता सिंह ने कहा कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र में विस्थापित लोगों की समस्या काफी पुरानी है इस क्षेत्र में निवास करने वाली जनता की संख्या



करीब एक लाख है लेकिन इन्हें कोई भी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकता है यह लोग अपना सांसद और विधायक तो चुन सकते हैं लेकिन अपनी गांव की सरकार नहीं बना सकते हैं क्यों कि विस्थापित गांव को पंचायत का दर्जा प्राप्त नहीं है इसलिए इस समस्या का समाधान जरूरी है। उन्होंने बोकारो में वृहद मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य पूरा कराने पेंड्राजोड़ा को जल्द से जल्द प्रखंड बनाने बोकारो हवाई अड्डा आम जनता के लिए सुचारू रूप से जल्द शुरू करने विधानसभा क्षेत्र में पेयजल को लेकर दयनीय स्थिति है उसका निदान करने की मांग की मुख्यमंत्री ने सभी कार्यों को प्राथमिकता में लेकर निष्पादन करने का आश्वासन दिया।

# पढ़ाई में एकाग्रता के लिए आनंदयुक्त वातावरण आवश्यक : डॉ. गंगवार

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** 'पढ़ाई में अच्छा करने के लिए मानसिक शांति, सुकून और शारीरिक स्फूर्ति भी जरूरी है। तभी एकाग्रता आती है। तनावमुक्त माहौल में ही बच्चे एकाग्र होकर पढ़ सकते हैं और बेहतर परिणाम हासिल कर सकते हैं। इसके लिए उनका गीत-संगीत और विभिन्न मनोरंजक स्पधाओं से जुड़ाव आवश्यक है।' ये बातें डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने कहीं। शनिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित बच्चों के वार्षिक पिकनिक सह मिलन समारोह को वह संबोधित कर रहे थे। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप आनंदयुक्त वातावरण में पठन-पाठन की चर्चा करते हुए उन्होंने इसके लिए विद्यार्थियों का गीत-संगीत व विभिन्न



मनोरंजक स्पधाओं से जुड़ाव आवश्यक बताया पिकनिक सह मिलन समारोह की अंतिम कड़ी में शनिवार को कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों ने प्राइमरी इकाई में मस्ती की। इसके पूर्व अलग-अलग कड़ियों में प्री-नर्सरी से लेकर अन्य सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजन किए गए। इस दौरान बच्चों ने गीत-संगीत और खेल-कूद के साथ विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया।बच्चों की मस्ती में विद्यालय के शिक्षकों ने भी उनका साथ दिया। उनके साथ फोटो खिंचाई, सेल्फी ली और साथ नाच-गाकर उनका मनोबल बढ़ाया। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने बच्चों के साथ केक काटे। बच्चों ने उनका तिलक लगाकर स्वागत किया तथा उन्हें कार्ड व पुष्पगुच्छ भेंट किए।

## जरूरतमंदो के बीच बांटा कंबल



दबंग हिंद संवाददाता

**फुसरो।** भाजपा नेता प्रकाश सिंह के द्वारा बेरमो प्रखंड के बोकारो थर्मल में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। ठंड में कम्बल पाकर उनके चेहरे खिल उठे। प्रकाश सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्य करने से न सिर्फ मानसिक सन्तुष्टि मिलती है, बल्कि इससे समाज का एक तबका भी सुरक्षित रहता है। कहा कि हर व्यक्ति का मानवीय दायित्व है कि वो अपने से कमजोर व्यक्ति की सहायता करे, ताकि समाज सुचारू रूप से चलता रहे। इस मौके पर भाजपा नेता अनिल गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रसिद्ध समाजसेवी की मनी चौथी पुण्यतिथि

दबंग हिंद संवाददाता

**फुसरो।** बेरमो के प्रसिद्ध समाजसेवी रहे उदय शंकर सिन्हा की चौथी पुण्यतिथि संडे बाजार में शनिवार को मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि उदय शंकर सिन्हा हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़ - चढ़कर हिस्सा लेते थे। कार्यक्रम को भाजपा नेता मधूसूदन प्रसाद सिंह व प्रकाश कुमार सिंह, मजदूर नेता लखन लाल महतो ,अफताब आलम खान व इन्द्रदेव महतो, आजसू नेत्री यशोदा देवी, झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने कहा कि उदय शंकर सिन्हा समाज



की चाहत थे।इस अवसर पर मोतियाबिंद एवं नेत्र जांच कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 110 लोगो की नेत्र जांच की। जिसमे 62 मोतियाबिंद मरीज का ऑपरेशन कराया जायेगा मुख्य अतिथि रविंद्र कुमार पांडेय के द्वारा सैकड़ो स्कूली बच्चो के बीच खेल साम्रगी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिव प्रकाश पांडेय ने किया। अतिथियों का स्वागत नीता सिंहा और विवेक कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर इन्द्रजीत सिंह, डॉ शकुंतला कुमार, कैलाश ठाकुर, लाखन सिंह, टिपु महतो, नवीन पाण्डेय, चिकू सिंह, अनिल गुप्ता उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण का समापन

दबंग हिंद संवाददाता

**कसमार।** तीन दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय जी पी डी पी पर प्रशिक्षण का समापन हुआ। कसमार प्रखंड के प्रखंड सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पंचायतीराज विभाग ने किया जिसका आज समापन हुआ इसका मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत मे विकाश को लेकर विभिन प्रकार के योजनाओं को चयन को लेकर पंचायत सहज कर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन , मौके पर प्रशिक्षक के रूप में वेद प्रकाश , मुखिया चांदना मिश्रा सुप्रतीक जी ने किया जिसमें 7 पंचायत दल के लोग शामिल हुए।

## चेक बाउंस के दोषी को 8 महीने की सजा तीन लाख जुमार्ना

दबंग हिंद संवाददाता

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायलय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने चेक बाउंस के दोषी जारंगडीह निवासी बसंत करमाली को आठ महीने की सजा और तीन लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई। बताते चलें कि कांड के परिवादी कथारा स्टॉफ कॉलोनी निवासी नवल किशोर सिंह ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम के न्यायालय में 2020 में एक परिवाद पत्र दाखिल कर बताया था कि उसकी और अभियुक्त बसंत करमाली की पहले से दोस्ती थी और दोस्ताना कर्ज में दो लाख रुपए दिए थे ।इसके बदले अभियुक्त ने परिवादी को चेक दिया जिस चेक को परिवादी ने जब बैंक में डाला वह चेक बाउंस हो गया जिसकी जानकारी अभियुक्त को दिया गया मगर उसने पैसा ना लौटाया तो परिवादी नवल किशोर सिंह ने अभियुक्त बसंत करमाली के विरुद्ध न्यायालय में चेक बाउंस का मुकदमा दाखिल किया ।न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्ष की अधिवक्ताओं के बहस बाद सुनने के बाद श्री प्रजापति ने अभियुक्त बसंत करमाली को दोषी पाने के बाद आठ माह की सजा और तीन लाख जुमार्ना की सजा सुनाई। सजा सुनाई जाने के बाद अभियुक्त बसंत करमाली के अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय में सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करने का आवेदन दिया। इसके बाद दोषी अभियुक्त बसंत करमाली को जमानत पर छोड़ा गया।

# 16 फरवरी महासम्मेलन मे होगा भीषण संघर्ष का शंखनाद : राजेंद

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** इस्पात संयंत्र के धमन भट्ठी विभाग के मजदूरों ने प्रबंधन की मजदूर विरोधी नीतियो के खिलाफ विशाल प्रदर्शन किया। प्रदर्शन ब्लास्ट फर्नेस नं 3 से रैली के रूप मे शुरू हुई और मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय धमन भट्ठी पर सभा मे तब्दील हो गई। प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह कर रहे थे। सिंह ने कहा कि प्रबंधन के कुकृत्यो से मजदूरो का आक्रोश चरम पर है। 39 माह के एरियर पर लगातार टालमटोल साफ-साफ साबित करता है कि उत्पादन के लिए जान की बाजी लगाने वाले मजदूरो के प्रति सेल प्रबंधन के शीर्ष अधिकारियो के हृदय मे कितनी घृणित



भावना है।दूसरी ओर ठेका मजदूरो की जिन्दगी तो और भी बदत्तर है। ठेका मजदूरो के शोषण के लिये तानाशाह प्रबंधन नित नये-नये प्रयोग करने से बाज नहीं आती है। उन्होंने ई.एस.आई.सी की सीमा से बाहर हो चुके हैं उनके और उनके आश्रितो का ईलाज या तो बी.जी.एच. मे कराया जाय या मजदूरो का परिवार सहित कम से कम पाँच लाख रुपए का हेल्थ इंश्योरेंस कर ईलाज का उत्तम व्यवस्था अविलम्ब किया जाय। प्रदर्शन को श्री सिंह के अलावे शशिभूषण, विपिन कुमार सिंह, अम्बेडकर, चन्द्र प्रकाश,मनोज ठाकुर,एस के सिंह, विजय, अविनाश कुमार, प्रेम पाण्डेय, वासुदेव कुम्भकार, उत्तम कुमार मिश्रा, अरूण भगत,प्रमोद कुमार आदि ने संबोधित किया।

## एसडीओ ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय का किया निरीक्षण

दबंग हिंद संवाददाता

**तेनुघाट।** अनुमंडल पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय का सुरक्षा के दृष्टिकोण को लेकर निरीक्षण किया इस दौरान श्री सिंह ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में मौजूद पुलिस बैरेक का भी निरीक्षण किया और उपस्थित पुलिस कर्मियों को सुरक्षा को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर गोमिया पुलिस इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह, अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो, संजय सिंह, हेमंत कुमार गुरु, मनबोध दे, पंकज झा, जीवन सागर सहित कई पुलिस जवान उपस्थित थे।

## एक नजर

### सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना नागरिकों की नैतिक जिम्मेदारी : डीटीओ

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व को दर्शकों के सामने रखा। लापरवाही से वाहन चलाने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटना के दुष्परिणाम को संवेदनशील और प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना केवल कानून का हिस्सा नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी भी है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का माध्यम बनते हैं। इसका मकसद सड़क दुर्घटना को कम करना, यातायात नियमों के महत्व को समझाना और नागरिकों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था। जिला परिवहन विभाग की ओर से घोषणा की गई कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत इस तरह के कार्यक्रम अन्य स्थानों पर भी आयोजित किये जाएंगे। साथ ही यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष कार्यशालाएं और अभियान भी चलाये जायेंगे।

### एमवीआई ने की हेलमेट बेचनेवाले दुकानों की जांच

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** मोटरयान निरीक्षक अभय चौधरी एवं यातायात निरीक्षक आर.के. राणा सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के गोविंद सिंह के द्वारा हेलमेट बेचने वाले दुकानो सहित सड़क किनारे बेच रहे हेलमेट के दुकानों में जाकर आईएसआई मार्क का हेलमेट की जांच की तथा सभी विक्रेता को बताया गया कि हेलमेट आईएसआई मार्क का ही बेचा करें। ताकि लोग सुरक्षित यात्रा कर सके। साथ ही जिले के अलग अलग चौक चौराहो में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें लोगों को हेलमेट पहनने एवं शीट बेल्ट का प्रयोग करने को कहा गया। जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं चास नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से चास नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहो जैसे चेक पोस्ट चास से धर्मशाला मोड़ तक फिर धर्मशाला मोड़ से जोधाडीह मोड़ तक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों यातायात संबंधित नियमों को बताया गया तथा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनने एवं पीछे बैठने वाले से भी हेलमेट लगाने की अपील को गई।

### 30 दिनों में एमओआइसी अभिभावकों को उपलब्ध कराए जन्म प्रमाण पत्र : डीसी

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव ने शुक्रवार को जिले के सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियो को अपने क्षेत्रा अंतर्गत संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जन्म लेने वाले बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र 30 दिनों के अंदर निर्गत करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसको लेकर उन्होंने बच्चें के जन्म लेने के साथ ही उनके अभिभावकों से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए स्वास्थ्य कर्मी द्वारा आवेदन प्राप्त करने और 5 दिनों के अंदर संबंधित विवरणी पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बच्चें का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने में 30 दिनों से ज्यादा का समय नहीं लगे। इसे स्वास्थ्य एवं सांख्यिकी विभाग सुनिश्चित करेंगे। इसकी सतत निगरानी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को निर्देश दिया। अन्यथा संबंधित एमओआइसी के विरूद्ध बर्थ एंड डेथ रेजिस्ट्रेशन एक्ट एवं राइट टू सर्विस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पिछले एक माह में कितने बच्चों का जन्म विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में हुआ और केंद्र स्तर से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है, इसका प्रतिवेदन कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया है।

### आनलाइन व्यवस्था में बिक्री पंजी की जरूरत नही: डीएसओ ने किया खंडन

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के सम्मेलन में मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में आनलाइन वव्यवस्था में बिक्री पंजी की जरूरत नहीं से संबंधित विभिन्न अखबारों में समाचार प्रकाशित हुआ है। जिसका शुक्रवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो ने खंडन किया है। उन्होंने इस तरह के बयान को विक्रेताओं के लिए दिग्भ्रमित बताया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि सरकार के प्रभारी सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, राँची के अधिसूचना मे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखण्ड के राज्यपाल के द्वारा राज्य में उचित मूल्य की दुकानों से संबंधित अनुज्ञप्ति जारी करने, निलम्बन रदद् करने, अनुज्ञप्ति के निबंधन एवं शर्तें, कार्यकलाप एवं अनुश्रवण के संबंध में झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश-2022 को विलोपित करते हुए झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली ( नियंत्रण ) आदेश 2024 के अध्याय-श्क्कमें निहित्त निदेश एवं प्रपत्र-कजन वितरण प्रणाली के अनुश्रवण निरीक्षण से संबंधित जाँच प्रपत्र के पृष्ठ-5 में राशन कार्ड पंजी, वितरण पंजी, स्टॉक पंजी, मिलान पंजी एवं अपवाद पंजी का सत्यापन एवं संधारित किया जाना आवश्यक है।

### चिन्मय विद्यालय में हैप्पी क्लासरूम विषय पर कार्यशाला आयोजित

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में हैप्पी क्लासरूम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन चिन्मय विद्यालय बोकारो के स्वामी तेजोमयानंद सभागार में सी बी एस ई नई दिल्ली के तत्वाधान में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम क्षमता निर्माण कार्यशाला हैप्पी क्लासरूम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार, रिसोर्स पर्सन अमित कुमार बर्नवाल एवं अरिहंत जैन ने किया। दोनों रिसोर्स पर्सन अमित कुमार बर्नवाल, उप प्राचार्य ओरिएंटल फाउंडेशन स्कूल एवं अरिहंत जैन को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया ।प्राचार्य सूरज शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा में एक शिक्षक की जिम्मेदारी सुनिश्चित करना है कि कैसे एक अच्छे और खुशनुमा माहौल में अपनी शिक्षण पद्धति में गुणात्मक बदलाव लाने का प्रयास करे ।अमित कुमार बर्नवाल ने हैप्पी क्लासरूम की परिभाषा को बड़े ही सरल भाषा में बताते हुए कहा कि हमें क्लासरूम में अपने भावनाओं पर संयम रखते हुए बच्चों के साथ उचित व्यवहार करनी चाहिए। हमारे व्यवहार से बच्चों पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ता है। कई बार बच्चे क्लास में असामान्य व्यवहार करते हैं। वहीं दूसरे रिसोर्स पर्सन ने अपने संबोधन में कहा कि कक्षा में ये ध्यान देना आवश्यक है कि अपने विषय को और अधिक रोचक बनाने में सक्षम हो। उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में सभी का आभार प्रकट किया ।कार्यशाला का संचालन सुप्रिया चौधरी ने किया। साथ ही संजीव सिंह, रणधीर नारायण, पंचानंद शर्मा, अंजनी, समृति वोहरा एवं अन्य शिक्षकों ने सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत कार्निवाल का आयोजन

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस न्यू विभाग में 14 जनवरी को सदस्यों के साथ जागरूकता पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भविष्य निदेशक श्री महापात्र के द्वारा किया गया था इस क्रम में आज सड़क सुरक्षा समारोह की समाप्ति के मौके पर सड़क सुरक्षा कार्निवल के बैनर और झंडे के साथ धूमधाम से कैस्टर कन्वर्टर स्लग यार्ड तथा पीठ साइड से होते हुए मुख्य महाप्रबंधक के कार्यालय तक पहुंच सड़क सुरक्षा कार्निवाल का नेतृत्व संतोष कुमार उप महाप्रबंधक संतोष कुमार यादव सहायक महाप्रबंधक ने किया मुख्य महाप्रबंधक के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा पर आधारित स्लोगन कविता पाठ भूषण तथा पोस्टर प्रतियोगिता में विजय कार्मिकों को मुख्य महाप्रबंधक एवं अतिरिक्त प्रभार राजीव धवन ओम प्रकाश अग्रवाल महाप्रबंधक तथा अन्य अधिकारियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### पूर्व सांसद ने सक्रिय सदस्यता का सौंपा आवेदन प्रपत्र

दबंग हिंद संवाददाता

**बेरमो।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार पूर्व गिरिडीह सांसद रवींद्र कुमार पांडेय के आवासीय कार्यालय फुसरो में बोकारो जिलाध्यक्ष जयदेव राय एवं जिला सदस्यता प्रभारी संजय सिन्हा ने आयोजित बैठक में रवींद्र कुमार पांडेय एवं विक्रम पांडेय ने अपनी सक्रिय सदस्यता का आवेदन प्रपत्र सौपा संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024 - 2027 के बैठक में बोकारो जिलाध्यक्ष जयदेव राय,जिला सदस्यता प्रभारी संजय सिन्हा जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार,उपाध्यक्षा अर्चना सिंह,बासुदेव मिश्रा,मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव,सचिन मिश्रा,सी पी सिंह,महामंत्री रमेश स्वर्णकार,मंडल-सह-संयोजक शंकर सिन्हा,सूरज कुमार सिह,संजय सिंह,दशरथ महतो,रणविजय सिंह,अशोक मिश्रा,के अलावे आनेको कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# तोपचांची में बाबा साहब अम्बेडकर सम्मान मार्च को लेकर कांग्रेस कमेटी की बैठक

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी कि निर्धारित बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय हाउसिंग कॉलोनी मे संपन्न हुई। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के 20 जनवरी की शाम 7:30 बजे धनबाद परिषदन में आगमन और 21 जनवरी को तोपचांची में बाबासाहेब अंबेडकर सम्मान मार्च की तैयारी को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमीटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के धनबाद आगमन पर जोरदार स्वागत करने का निर्णय लिया गया है। तोपचांची प्रखंड कांग्रेस कमिटी के द्वारा आयोजित बाबासाहेब अंबेडकर सम्मान मार्च में धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी सहित सभी प्रखंड नगर कांग्रेस कमिटी, मंच और मोर्चा संगठन के अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीयो को भी शामिल होने का आह्वावान किया गया है। बैठक में यह भी सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है तो जिला कांग्रेस के पदाधिकारी और प्रखंड नगर कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस के महत्वपूर्ण कार्यक्रम और आंदोलन में शामिल नही हो रहे हैं उन पदाधिकारीयो को बदलकर नये ऊजार्वान कार्यकताओ को जगह देकर पदस्थापित किया जाय।




बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि कांग्रेस कार्यालय खुलवाने के लिए कानूनी लड़ाई के साथ आंदोलन का रूख जिला कांग्रेस अख्तियार करेगी। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा धनबाद में बंद पड़े कांग्रेस कार्यालय खुलवाने की मांग को लेकर आमरण अनशन करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के धनबाद आगमन के बाद तिथी की घोषणा किया जायगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार हमारा कांग्रेस भवन वापस नही कर सकती है तो हम अपना कांग्रेस भवन के लिए महात्मा गाँधी के रास्ते पर चल कर आंदोलन तो कर ही सकते हैं। 20 जनवरी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के धनबाद आने पर धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी एक ज्ञापन सौंपकर कांग्रेस कार्यालय के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात करने का आग्रह करेंगे। 21 जनवरी को 11 बजे से तोपचांची बाजार स्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबासाहेब अंबेडकर सम्मान मार्च भ्रमण करते हुए अंबेडकर चौक पर पहुंचकर बाबासाहेब को पुष्प अर्पित कर बापू और अंबेडकर के सम्मान में संबोधन सभा किया जायगा। बैठक का संचालन जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार हाड़ी ने किया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव राम प्रीत यादव, विशेष आंमत्रित सदस्य मुख्तार खान, जिला उपाध्यक्ष बीके सिंह, योगेन्द्र सिंह योगी, मंटू दास, सरफराज आलम, अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष जहीर अंसारी, महासचिव संतोष कुमार चौधरी, बब्लू दास, गोपाल कृष्ण चौधरी, मोइन अंसारी, कामता पासवान, राजा अंसारी, अनूप पांडेय, मनोज कुमार हाड़ी, डीएन यादव, बिट्टू सिंह, गैरुल हसन, मो हारुन अंसारी निवास रजवार, एस के मिश्रा, अरविंद सैनी, बलराम महतो, राकेश पासवान, अक्छेय कुमार, मोहम्मद गुलाम, पूणेर्दु सिंह, भोलानाथ सिंह, अभय कुमार, शनि सिंह, प्रमोद कुमार यादव, रवी पासवान, अलोक मालाकार, राम सेवक, जे एन प्रसाद यादव, अनिल गिरी गौतम पासवान, सुरज वर्मा आदी मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

# साईबर फ्रॉड मामले में उपभोक्ता फोरम ने बैंक को भुगतान करने का फैसला सुनाया

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया धनबाद मुख्य शाखा बैंक मोड़ मे ग्राहक हैं हरे राम पंडित जो 99 कोयलांचल सिटी के निवासी हैं। इनके साथ नवम्बर 2022 को साइबर क्रिमिनल्स द्वारा फ्राड किया गया था। श्री पंडित ने बताया कि उन्होंने दो एफ डी जो प्रत्येक एक एक लाख का बैंक के काउंटर से कराया था। वह एफ डी बिना अनुमति एवं सर्टिफिकेट दिए टूट चुका था। और वह रकम श्री पंडित के बचत खाता में ट्रांसफर हो चुका है। श्री पंडित ने तत्काल 29/11/2022 को ही बैंक को लिखित सूचना दिया एवं साइबर थाना सरायढेला में एफ आई आर भी किया।



बैंक को सूचना देने के बाद भी 29/11/2022 की संध्या करीब सात बजे श्री पंडित के बचत खाता से दो निकासी क्रमशः 15000 रुपए एवं 15246.79 रुपए का साइबर क्रिमिनल्स द्वारा कर लिया गया। इस दोनों निकासी की भी सूचना बैंक को एवं साइबर थाना को दी गई।

बैंक एवं साइबर थाना के प्रयास से पहले दो निकासी का रकम 1,13,000 रुपए श्री पंडित के बचत खाता में वापस आ गया। पंडित ने दो निकासी कुल 30,246.79 रूपए एवं काउंटर मेड एफ डी, जो श्री पंडित के बिना आवेदन किए एवं मूल सर्टिफिकेट जमा किए तोड़ दिए गए थे। ए जी एम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, धनबाद मुख्य शाखा के खिलाफ 26/07/2023 को धनबाद जिला उपभोक्ता फोरम में केस दायर किया। केस संख्या 140/23 था। करीब डेढ़ साल के बाद 16/1/2025 को केस का जजमेंट आर्डर आया। उपभोक्ता फोरम धनबाद ने काउंटर पर बनाए गए एफ डी का बिना ग्राहक के सहमति का टूट जाने के लिए बैंक को घोर लापरवाह एवं सेवा में कमी (डेफिशिएंसी इन सर्विस) माना। दूसरा फ्राड की सूचना देने के बाद भी एकाउंट पर रोक नहीं लगाने के लिए बैंक की नेगलिजेंसी एवं डिफिशिएंसी इन सर्विस पाया। उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष ने बैंक को 30246.79 रुपए, 15000 रुपए कंपनशेशन एवं 10000 रुपए मुकदमा खर्च यानी कुल 55246.79 पचपन हजार दो सौ छियालिस रुपए उन्नासी पैसे ग्राहक हरे राम पंडित के पक्ष में भुगतान करने का आदेश दिया है। इसके लिए बैंक को दो महीने का समय दिया गया है। देर करने की स्थिति में बैंक को फैसले की तारीख से 10% वार्षिक सूद भी देना होगा। श्री पंडित उपभोक्ता फोरम के द्वारा किए गए न्याय से संतुष्ट दिखे।

# रेलवे ठेकेदार रंगदारी जानलेवा हमला जनता श्रमिक संघ ने रखा अपना पक्ष



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** रेलवे ठेकेदार रंगदारी प्रकरण मामले में जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय सचिव अमित कुमार गुप्ता ने शनिवार को अपना पक्ष रखते हुए आरोप को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने रेलवे ठेकेदार को न तो फोन किया है और न ही किसी तरह का व्हट्सएप पर मेसेज ही भेजे हैं। उनका यह भी कहना है कि उन्होंने ठेकेदार राजीव रंजन के फोन नंबर को 12 अक्टूबर 2024 में ही ब्लॉक कर चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 25 दिसंबर को उन्होंने मजदूरों के हक अधिकार को लेकर आंदोलन किया था। जिसका परिणाम है कि मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। धनसार थाना में लिखित शिकायत कर मामले में निष्पक्ष जाँच की मांग की है। रेलवे ठेकेदार ने धनसार थाना में मामला भी दर्ज कराया है। ठेकेदार ने पुलिस को बताया है कि उनपर जानलेवा हमला हुआ है और व्हट्सप पर पांच लाख की रंगदारी मांगी गई थी। फिलहाल पुलिस इस पुरे प्रकरण की जाँच कर रही है।

# लोगों को जान बचाने का कोशिश जारी रहेगा : गौतम मंडल

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल को टेलीफोनीक सूचना मिला की एक अज्ञात आदमी स्पीड बाईक चलाने के दौरान तिलेया रोड हादसें में घायल हो गया। घायल बेहोशी के हालत में था। इनका मदद करने के लिए कोई आगे नहीं आया। तभी कार चालक ने कुछ लोगो की मदद से एक कार को रोक कर उस अज्ञात आदमी को हॉस्पिटल में ईलाज के लिए निकल पड़ा। आधे रास्ते में उस कार वाले ने घायल व्यक्ति को आगे ले जाने से मना कर दिया। तभी उस कार में बैठे सहयोगी कार चालक ने अपने बेटा को कॉल किया तब उनका बेटा कुछ काम से दूर गया हुआ था। तभी उनके बेटे ने मुझे कॉल किया की कृपया करके उनका मदद कर दें। आने में समय लग रहा है फिर तुरंत सामाजिक संस्था हेल्पिंग हैंड्स के अध्यक्ष गौतम मंडल



अपना साथी रणजीत मंडल को साथ लेकर खुद के कार तिलेया के लिये निकल पड़े। फिर उनको खरनी मोड़ में उस कार से घायल को अपने कार से लेकर शाहिद निर्मल महतो मेमोरियल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। पता चला की उनका नाम सुधीर महतो और तिलेया का रहना वाला है। तबतक उनके परिवार वाले भी पहुँच चुके थे। डॉक्टर ने घायल को हायर सेंटर ले जाने को कहा तभी घर वालों का हालत देखकर उनका साथ देने के लिए अपने दोस्त के एंबुलेंस से अशफी हॉस्पिटल में ले जाकर भर्ती कराया। डॉक्टरों के टीम ने भेंटिलेटर में डाल कर अथक प्रयास के बाद जवाब दे दिया। फिर हमारा मदद करने उस क्षेत्र के ज़िला परिषद दिलीप चौधरी पहुँचे तब तक बहुत देर हो चुका था। देर रात तक हमलोग हॉस्पिटल में बने रहें। फिर डेथ बॉडी को अशफी हॉस्पिटल के मचूरीं में रखवा कर घर निकल पड़े। श्री मंडल ने कहा कि लोगों का जान बचाने हमारा पहला कर्तव्य होगा।

# सीआईएसएफ की टीम पर कोयले के धंधेबाजो ने बरसाए पत्थर, पुलिस की बैठक




**दबंग हिंद संवाददाता**

**निरसा।** ज्यों ज्यों दवा दी मर्ज बढ़ता ही गया के तर्ज पर निरसा क्षेत्र में अवैध कोयले के धंधेबाजों एवं पुलिस का खेल चल रहा है। आखिर धंधेबाजों का मनोबल इतना क्यों बढ़ा हुआ है कि आये दिन करिश्माई खेल में पब्लिक पीटे जाते हैं तो कभी पुलिस पर हमला होता है। उ नके वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए जाते है। कागजी करवाई जरूर होता है लेकिन परिणाम शून्य क्यों ? यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है। कहने वाले कहते हैं कि पुलिस किस मर्ज की दवा है ? ठोस करवाई करने से पुलिस क्यों बचती है ? ईसीएल के मुगमा क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में क्षेत्रीय महाप्रबंधक एस के चौधरी की अध्यक्षता में पुलिस व सीआईएसफ अधिकारियों की त्रिपक्षीय बैठक हुई। जिसमें अवैध कोयले के विरुद्ध सख्ती से करवाई करने का संकल्प लिया। सीआईएसएफ टीम पर कोयले के धंधेबाजों ने पथराव किया और वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटनां गल्फरबाड़ी ओपी क्षेत्र के बन्द बर्न स्टैंडर्ड कम्पनी परिषर की है। कुंआनुमा खदान बनाकर अवैध कोयला निकाला जाता है। घटना की सूचना पाकर गल्फरबाड़ी ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, दोनों ने मिलकर कोयला चोरों को खदेड़ा, कोयला लोड दो ट्रैक्टर को जप्त कर थाने ले आई। सीआईएसएफ द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी पर पुलिस करवाई में जुट गई है। उक्त घटना के पूर्व सीआईएसएफ ने छापामारी की तो एक नही कई कुँअनुमा खदान देखकर आश्चर्यचकित हुई थी।

# जोड़ापोखर एवं लोदना ओपी के सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध कोयला का भंडाफोड़



**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना और लोदना ओपी के सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध कोयला तस्करी का बड़ा भंडाफोड़ हुआ है। लोदना ओपी से महज 500 मीटर की दूरी पर चल रहे अवैध कोयला डिपू पर गुप्त सूचना के आधार पर सीआईएसएफ की टीम ने छापेमारी करते हुए 40 टन कोयला और एक ट्रक जब्त किया। शुक्रवार की रात सीआईएसएफ की टीम ने इस अवैध डिपो पर अचानक धावा बोला। वहां का नजारा देखकर हर कोई हैरान था। कोयला बड़े ढेर के रूप में जमा था। वहीं, एक ट्रक भी खड़ा मिला जिसका नंबर का एक्सल टूट चुका था। इसलिए वह वहां से हट नहीं सका। यह इलाका लंबे समय से कोयला तस्करों का गढ़ बना हुआ है। रोजाना 4 से 5 ट्रकों में अवैध कोयला भरकर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से तस्कर बेखौफ थे। अब सीआईएसएफ ने छापेमारी की है तो उम्मीद है कि कुछ सुधार होगा। लेकिन यह कब तक चलेगा, यह बड़ा सवाल है। यह पहली बार नहीं है जब सीआईएसएफ ने इस क्षेत्र में कार्रवाई की है। इससे पहले भी कई बार कोयला तस्करों के खिलाफ अभियान चलाए गए हैं। लेकिन हर बार तस्कर कुछ दिनों के बाद फिर से सक्रिय हो जाते हैं। तस्करों का खेल बेहद संगठित है। कोयला चोरी कर ऊंचे दाम पर बेचने से माफिया मोटा मुनाफा कमाते हैं। यह मुनाफा न केवल उनके नेटवर्क को मजबूत करता है बल्कि क्षेत्र में अपराध को भी बढ़ावा देता है। इस घटना ने एक बार फिर स्थानीय प्रशासन की सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जोरापोखर और लोदना क्षेत्र में कोयला तस्करी पर लगाम लगाना एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। लोग अब उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन और सीआईएसएफ मिलकर इस समस्या का स्थायी समाधान निकालेंगे। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अगर कोयला माफिया पर रोक नहीं लगाई गई, तो यह इलाका पूरी तरह से अपराध का अड्डा बन जाएगा।

क्या प्रशासन इन तस्करों को पूरी तरह से रोकने में कामयाब होगा। या यह कार्रवाई भी सिर्फ कुछ दिनों की सुर्खियां बनकर रह जाएगी ?

## गिरिडीह पुलिस ने बगोदर- सरिया रोड में मवेशियों से भरी दो वाहनों को किया जब्त



**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के बगोदर-सरिया रोड में स्थित कोसी के पास से देर रात मवेशियों से भरी दो वाहनों को पुलिस ने जब्त किया हैं। ग्रामीणों से मिली सूचना आधार पर ये कार्रवाई की गयी है। इस मामले में पुलिस नें दो लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस कों इसकी सूचना मिली थी कि बगोदर-सरिया रोड पर सरिया की तरफ से मवेशी से भरी वाहनों को तस्करी ले जाया जा रहा है। इसकी सूचना पहले वरीय अधिकारियों को दी गयी। इसके बाद बगोदर पुलिस के द्वारा बगोदर- सरिया रोड चेकिंग अभियान चलाया गया। जहाँ मवेशियों से भरी दो वाहनों कों जब्त किया गया।

# राजपूत समाज का परिवार मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन



**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडिह।** राजपूत समाज का परिवार मिलन सह वनभोज कार्यक्रम उत्तरवाहिनी बराकर तट पर होगा। इसकी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में समाज के लोग जूट सके इसके लिए अशोक सिंह परमार व विंदेश्वर सिंह ने अपने समाज के लोग जहां रहते हैं उन गांवों का दौरा किया। दोनो लोग बागोडीह, छतरबाद, अंबाडीह, खेसकरी सहित अन्य गांव में जाकर समाजसेवियों से संपर्क किया। बागोडीह में अरूण सिंह, महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, नीलकंठ सिंह, बहादुर सिंह आदि से संपर्क किया गया और उन्हें अपने गांव के अपने समाज के लोगो को शामिल करने को प्रेरित किया। इसी तरह छतरबाद में रामेश्वर सिंह, कुंवर सिंह, उपेन्द्र सिंह, रामवतार सिंह, पिंटू सिंह, महानंद सिंह जबकि अंबाडीह में नागेश्वर सिंह, सकलदेव सिंह, अनिल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, इंद्रजीत सिंह खेसकरी में दीपेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, विकाश सिंह, चमरू सिंह आदि लोगो से संपर्क कर उन्हें सामाजिक मजबूती के बारे में चर्चा कर आमंत्रित किया गया।

## मैथन में धूमधाम से मना एचीवर्स डे

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मैथन।** डिनोबिली स्कूल, मैथन में शनिवार को एचीवर्स डे धूमधाम से मनाया गया. समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीवीसी मैथन के डीजीएम डॉ. चंदन कुमार व स्कूल की प्राचार्य शुक्ला चौधरी ने रॉबेटो डिनोबिली की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया. स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया. मुख्य अतिथि डॉ चंदन कुमार ने बच्चों के प्रदर्शन को सराहा और उनकी हौसला अफजाही की. उन्होंने बच्चों को पढाई के साथ-साथ खेलकूद व अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर करने की सीख दी. प्राचार्य शुक्ला चौधरी ने अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## एक नजर

### प्लास्टिक प्रयोग न करने को लेकर जागरूकता अभियान का आयोजन



**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** डीएवी बनियाहीर के छात्र छात्राओं द्वारा प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाली हानियों को लेकर जगरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य सैयद एजाज अहमद तथा विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक रमन रॉय उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों द्वारा दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ विद्यालय से प्रारम्भ होकर लौदना मोड़ तक गया। दौड़ का नेतृत्व विद्यालय के शारीरिक शिक्षक असीम प्रियदर्शी और अरुनधती मिश्रा ने किया। जबकि छात्रों का नेतृत्व एकलव्य सिंह तथा सागर प्रताप ने किया। छात्राओं का नेतृत्व प्रियंका कुमारी, आकांक्षा भारद्वाज और रितिका प्रसाद ने किया। शिक्षकों में पंकज त्रिपाठी, और सत्यप्रकाश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य एजाज अहमद ने कहा कि यदि पर्यावरण को सुरक्षित रखना है तो, प्लास्टिक के प्रयोग को बंद करना हीं होगा। इसके लिए लोंगो को जागरूक करने की आवश्यकता है।

### ए के झा ने यूनियन की समस्याओं को उपाध्यक्ष के पास रखा



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय महामंत्री ए के झा ने मजदूर की समस्याओं को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रामप्रीत प्रसाद यादव के पास रखने का काम किया। जिसको लेकर केंद्रीय उपाध्यक्ष ने आश्वाशन दिया कि मजदूर से संबंधित जो भी समस्या होगी जरूर समाधान किया जायेगा। इसको लेकर यूनियन एक्टिव मोड में कार्य कर रही है।

### तीन दिवसीय उसरी महोत्सव का हुआ शुभारंभ, तीन दिनों तक आयोजित होंगे कई कार्यक्रम



**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** नगर की जीवन रेखा उसरी नदी के बचाव एवं विकास को लेकर उसरी बचाओ अभियान के द्वारा आयोजित 17-19 जनवरी तीन दिवसीय उसरी महोत्सव का उद्घघाटन आज मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा किया गया। मौके पर अतिथि के रूप में डीएफओ मनीष कुमार तिवारी और सदर एसडीएम श्रीकांत विस्पुते उपस्थिति थे। इस दौरान जनता से अपील की गई कि उसरी नदी को अपनी संपत्ति समझें और इसके संरक्षण में योगदान दें। वहीं मौके पर उसरी बचाओ अभियान के राजेश सिन्हा, इंजी विनय कुमार सिंह, आलोक कुमार, प्रीति भास्कर, नुरुल होंदा, विक्रम लहरी, संतोष कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

### योजनाओं को ससमय करें पूरा : बीडीओ

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिडीडीह।** प्रखंड सभागार में जिला पंचायती राज पदाधिकारी तेज कुमार हस्सा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बीडीओ मनोज कुमार मराण्डी, पंचायतों के मुखिया और पंचायत सचिवों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य लंबित योजनाओं की समीक्षा और उनके त्वरित क्रियान्वयन पर चर्चा करना था। लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश, बैठक में पंचायतों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। जिन पंचायतों में अब तक राशि खर्च नहीं हुई है, वहां जल्द से जल्द योजनाओं का चयन कर राशि का उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना प्राथमिकता है। बैठक में सचिन कुमार, शशिबाला देवी, दिनेश्वर महतो, तनवीर आलम, रानी बर्णवाल और सुशील आनंद समेत कई अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे। सभी से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित करने की अपील की गई। बैठक में अधिकारियों ने पंचायत सचिवों और मुखियाओं को विकास कार्यों में तेजी लाने और जनता को योजनाओं का लाभ जल्द दिलाने पर जोर दिया।

### गरीबों का आशियाना उजड़ने पर फॉरवर्ड ब्लॉक की अहम बैठक



**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरीडीह।** गरीबों का आशियाना उजड़े, इसके बजाय सरकार अभियान चलाकर सभी जरूरतमंद भूमिहीन किस्म के लोगों को वन भूमि का पट्टा दिलाने की पहल करे। इस मांग को लेकर फॉरवर्ड ब्लॉक ने एक अभियान की शुरूआत की है। यह एक गंभीर मसला है। देखा जा रहा है कि, यदि कोई गरीब और लाचार थोड़ी बहुत वन भूमि पर अपना आशियाना, यहां तक कि सरकार से मिलने वाला गरीबों का अबुआ/पीएम या अंबेडकर आवास भी बनाते हैं, तो वन विभाग तुरंत सक्रिय हो जाता है। परन्तु ऐसी कार्रवाई बड़े लोगों के विरुद्ध कम ही दिखाई देती है। यह सरासर पक्षपात है। शीघ्र ही इस मांग पर बेंगाबाद रेंज ऑफिस के समक्ष आंदोलन किया जाएगा।

### बीएसके कॉलेज मैथन के विकास में सहयोग करेगा एलुमनाई एसोसिएशन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मैथन।** बीएसके कॉलेज, मैथन में शनिवार को एलुमनाई एसोसिएशन की बैठक हुई. बैठक में एसोसिएशन को रजिस्टर्ड संस्था के तौर पर विकसित करने का निर्णय लिया गया. एसोसिएशन कॉलेज के विकास में सहयोग करेगा. एसोसिएशन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष व सह कोषाध्यक्ष के पद पर चुनाव कराया जाएगा. वक्ताओं ने कहा कि कॉलेज का संबंध सभी पूर्ववर्ती विद्यार्थियों से बना रहे यह एसोसिएशन से ही संभव हो सकेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि कॉलेज में समय-समय पर विद्यार्थियों के साथ पूर्ववर्ती छात्रों का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. मौके पर रुद्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र कुंवर, धीरज मिश्रा, अनिकेत राज सिंह, उत्तम घाटी, पंकज कुमार, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. पी रेबेका, डॉ. लीना सिंह, डॉ. अंजली कुमारी, मिस नीतिशा खलखो, संजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

# महिलाओं के साथ अश्लील व्यवहार न करे यह अपराध है

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**पलामू।** महिलाओं के साथ होने वाले अश्लील व्यवहार को कानून में अपराध माना गया है। चाहे वह कार्यालय में हो या कहीं पर किसी भी महिला को इस प्रकार की स्थिति में चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि सही कदम उठाते हुए न्याय की मांग करना चाहिए। उक्त बातें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहीं। वे शनिवार को पलाश जे एस एल पी एस के तत्वाधान में आयोजित एकदिवसीय कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन शोषण (रोकथाम, निषेध, निवारण) अधिनियम 2013 पर बतौर रिसोर्स पर्सन संबोधित कर रहे थे। उक्त कार्यक्रम शनिवार को सभा कक्ष में आयोजित किया गया था। इस मौके पर श्री पाण्डेय ने कहा कि उत्पीड़न की शिकार महिला को किसी प्रकार की कानूनी सहायता की आवश्यकता है तो आप डालसा में संपर्क कर सकते हैं। डालसा से अनुभवी वकील आपको कानूनी सहायता में पूरी तरह मार्गदर्शन करेंगे और आपको न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाएं के सामने लिंगभेद की एक बड़ी समस्या है। जिसके चलते वे खुलकर बोल नही पाती है। उन्होंने कहा कि 10 या ज्यादा कर्मचारी वाले



कार्य स्थलों पर आंतरिक शिकायत समिति बनाया जाना जरूरी है। परंतु दुर्भाग्य है कि अभी भी बहुत जगह इस तरह के समिति नहीं बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न के अपराध को भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 के तहत गम्भीर अपराध माना गया है। इसके तहत किसी महिला को गलत तरीके से छूना अश्लील प्रस्ताव देना अश्लील सामग्री दिखाना अश्लील बातें ए सारा करना शामिल है इसके तहत दोषी व्यक्ति को 3 साल की सजा और जुमार्ना का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत जिसके साथ घटना हुई है वह कर सकती है। कॉलेज, विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों, शोध छात्रों और अस्पतालों में रोगियों को भी इसके तहत शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न की तारीख से तीन माह के भीतर शिकायत आंतरिक शिकायत समिति को पीड़ित महिला कर सकती है। उन्होंने कहा कि कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न( रोकथाम निषेध व निवारण) अधिनियम 2013 ढडरल्ल बनाया गया है। यह अधिनियम महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्य स्थल सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर वन स्टॉप सेंटर, उज्जवला गृह, सुधार गृह व नारी शक्ति पुरस्कार आदि स्कीम हैं। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न के कई प्रकार हैं। जिसमें शारीरिक उत्पीड़न, मौखिक उत्पीड़न और गौर मौखिक उत्पीड़न शामिल है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को किसी के भरोसे नहीं रहना चाहिए। उन्होंने विशाखा दिशा निर्देश के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही पीड़िता को मुआवजा के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ दुष्कर्म, यौन शोषण के मामले में डालसा के द्वारा मुआवजा दिया जाता है। उन्होंने अनुच्छेद 14, 15 व 21 के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रवन्धक जे एस एल पी एस के अनिता केरकेटा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संविधान के अनुच्छेद 15 में केवल धर्म, नस्ल, जाति, लिंग और जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि पॉस 2013 के लागू होने के बाद कार्य स्थल पर सेक्सुअल हैरेसमेंट की शिकायत दर्ज करवाना ज्यादा आसान हो गया है। इस एक्ट के 90 दिनों के अंदर शिकायत की इंक्वारी पूरी होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि कार्य स्थल पर कमेटी को शिकायत कर सकते हैं या फिर आप पुलिस स्टेशन में इसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवा सकती हैं। अगर कमेटी को लगता है कि मामला बहुत गंभीर है तो कमेटी के तरफ से खुद शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। उन्होंने पॉस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्य स्थल पर महिलाएं सुरक्षित माहौल में काम कर सके इसके लिए यह प्रावधान बनाया गया है इस मौके पर नई दिशाएं के सचिव व पीएलवी इंदु भगत ने कहा कि महिला अपने को अबला नही समझे। उनके लिए कानून बना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को झूठे केस मुकदमा करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि अत्याचार करे नही व अत्याचार सहे नही। उन्होंने महिला हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह रोकथाम कानून पर भी बिस्तार से चर्चा की। इस मौके पर जिला प्रबंधक समाजिक विकास प्रवीण कुमार, नवल किशोर राजू अवकेस खलको,बैभव कांत आदर्श, सुनील प्रसाद, सत्यप्रिय तिवारी, मुकेश कुमार, अंकिता, पिंकी कुमारी, सुमन कुमारी, समेत दर्जनों कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित थे।

## एसपी के निर्देश पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**ट्रैफिक प्रभारी ने रक्षक bit सिस्टम ऐप के माध्यम से लोगों का काटा चालान**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शनिवार को छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी वाहनों का चालान रक्षक bit सिस्टम ऐप के माध्यम से किया गया। अब कोई भी व्यक्ति चाह कर भी वाहन पकड़े जाने पर पैरवी नही कर सकते है। बताते चले की हाल में थाना और ट्रैफिक प्रभारी द्वारा वाहन पकड़े जाने पर लोग पैरवी करके अपना वाहन को छुड़वा लेते थे। अब इस ऐप के माध्यम से चालान कटने पर लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

## भाई ने चचेरे भाई को काट डाला



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**पलामू।** अंधविश्वास में एक भाई ने अपने चचेरे भाई की टांगी से काटकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना पलामू के नावाबाजार थाना क्षेत्र के राजहरा गांव की है।

राजहरा गांव के साहिल चौहान आरोही चौहान के परिवार के बीच कई वर्षों से विवाद चल रहा है। दोनों आपस में चचेरे भाई हैं। कुछ दिनों पहले साहिल चौहान के भांजी की मौत हो गई थी। मौत का कारण साहिल रोहित चौहान के परिवार को मानता था। शुक्रवार की देर रात साहिल और रोहित के बीच इसी बात को लेकर कहासुनी हुई।

इसी कहासुनी में साहिल चौहान ने रोहित चौहान पर टांगी से गंभीर रूप से वार किया। इस घटना में रोहित चौहान गंभीर रूप से जख्मी हुए, उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

नया बाजार के थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि अंधविश्वास में साहिल चौहान ने रोहित चौहान की टांगी से हत्या कर डाली है। पुलिस ने साहिल चौहान को गिरफ्तार कर लिया है एवं आगे की छानबीन कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों परिवार के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। हाल के दिनों में आरोपी की भांजी की मौत हुई थी। जिसके बाद अंधविश्वास में यह विवाद और बढ़ गया था। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन घर पहुंच गए हैं एवं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल।

# बाबा साहब ने देश को महान संविधान दिया बिट्टू



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**पलामू।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में 14वां दिन जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह ने किया सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने संविधान के निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माला अर्पण करके पद यात्रा का आयोजन किया। पदयात्रा बाबासाहेब के प्रतिमा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा तक किया गया। नुक्कड़ सभा में लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब को अपमानित करने का काम किया है। बाबा साहेब अंबेडकर ने देश को महान संविधान देने का काम किया है। 2014 से पूर्व सभी पार्टियों ने संविधान और बाबा साहब को सम्मान देने का काम किया लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद सभी भाजपा नेताओं द्वारा लगातार संविधान और महापुरुषों का अपमान करने का काम किया है। जनता आने वाले सभी चुनाव में सबक सिखाने का काम करेगी आज तिरंगे से ज्यादा जिन्हें अपने पार्टी का झंडा प्यारा है। देश से माफी मांगे गृह मंत्री अमित शाह और देश के प्रधानमंत्री गृह मंत्री को बर्खास्त करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश के नेता सतनारायण सिंह, धनंजय तिवारी, नवल किशोर पाठक, जितेंद्र कमलापुरी, मिट्ठू खान, अवध बिहारी सिंह, शैलेश सिंह, महताब आलम, गुप्तेश्वर पांडे, अंबिका सिंह, अर्जुन सिंह, पृथ्वी पांडे, अजय पांडे, छोटू कुमार, कौशल पासवान, उमेश यादव, मोहमद आलम, धनंजय यादव, बिपिन यादव, छोटू सिंह, फैयाज छोटू इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा महोत्सव का समापन समारोह आयोजित

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**छतरपुर।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा, छतरपुर में स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा महोत्सव का समापन समारोह बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने वेदांत और योग के माध्यम से भारतीय दर्शन को विश्व पटल पर पहुंचाया। उनके विचार और शिक्षाएं आज के युवाओं को देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा, युवाओं के कंधों पर देश के भविष्य की जिम्मेदारी है, और वे अपनी क्षमता और बुद्धिमता से इसे विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। प्रो. अखिलेश सिंह ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर विस्तार से चर्चा करते हुए छात्रों को उनके उद्धरण उठो, जागो, और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए



का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, प्रो. अमित कुमार ने विवेकानंद के आध्यात्मिक, सामाजिक और धार्मिक जीवन पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के खेल विभाग ने वार्षिकोत्सव खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें लुड्डो, कैरम और चेस के खेल कराए गए। मंच संचालन योगेंद्र विश्वकर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मुन्नी देवी ने दिया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी कर्मचारी और सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह ने युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया, जिससे वे अपने भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित हुए।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले पुलिस पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से पलामू पुलिस एसपी कार्यालय के सभा कक्ष में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती रीष्मा रमेशन ने पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने कर्तव्यपरायणता, ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य किया, जिससे चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुई। एसपी महोदया ने अपने संबोधन में पुलिस बल की टीम भावना और तत्परता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मान न केवल कर्मियों के मनोबल को ऊंचा करते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस अवसर पर जिले के विभिन्न पुलिस थानों और विभागों के अधिकारियों ने भी भाग लिया। समारोह के अंत में एसपी महोदया ने सभी पुलिसकर्मियों से भविष्य में भी इसी प्रकार की तत्परता और समर्पण की अपेक्षा व्यक्त की।

## नित्या जायसवाल का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

**दबंग हिन्द,संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर के ऑडियोलॉजिस्ट धनंजय कुमार जयसवाल के पुत्री नित्या कुमारी का चार वर्ष पूरा होने पर शुक्रवार को मेदिनीनगर शहर के होटल ग्लैक्सी इन में नित्या का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। ऑडियोलॉजिस्ट धनंजय जायसवाल ने अपनी पुत्री की जन्मदिवस के विशेष अवसर पर उसे शुभकामनाएं व ढेर सारा आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा की नित्या तुम अपने नाम की तरह ऐसे ही मुस्कुराते रहो। तुम्हारे जीवन की हर राह खुशियां और सफलताओं से भरी हो तथा ईश्वर की कृपा सदैव तुम पर बनी रहे। वही नित्या की मां तन्नू जायसवाल ने बेटी नित्या की जन्मदिन पर उसे ढेर सारी शुभकामनाएं दी। तन्नू जयसवाल ने कहा कि केवल बेटी को जन्म देना ही पर्याप्त नहीं है, उसे जीवन में काबिल बनाना भी हम सबका कर्तव्य है। हमें आज के समय में बेटियों को किसी भी क्षेत्र में कम नहीं आंकना चाहिए। कन्या भ्रूण हत्या एक बहुत ही घिनौना अपराध है, हम सभी को इस बुराई को जड़ से मिटाने का संकल्प लेना होगा ताकि एक स्वच्छ समाज का निर्माण हो सकें। वही जन्मदिन के शुभ अवसर पर धनंजय कुमार जायसवाल के छोटे भाई अमित कुमार जयसवाल, कुमार गौरव, अमन जयसवाल, अमित यादव, विकाश कुमार, मुन्ना कुमार, उमेश कुमार, अभिमन्यु कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य लोगो ने नित्या कुमारी को जन्मदिन की शुभकामनाएं और बधाई दिया। वही जन्मदिन के शुभ अवसर पर नित्या के रिश्तेदारों ने फेसबुक और व्हाट्सएप पर भी नित्य को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी।

# पीएम कुसुम योजना को लेकर डीसी ने बैठक की

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**पलामू।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को उनके कार्यालय कक्ष में पीएम कुसुम योजना अंतर्गत सोलर पंप सेट वितरण और इंस्टॉलेशन के लिए लाभुकों के चयन समिति की बैठक आयोजित की गयी। इसमें जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा 100 योग्य लाभुकों की सूची को अनुमोदित करते हुए ज्रेडा के निदेशक को भेजने का निर्णय लिया गया। विदित हो कि वर्ष 2024 अंतर्गत ज्रेडा निदेशक द्वारा प्राप्त कुल 171 ऑनलाइन आवेदनों में से जिला स्तर पर कुल 119 ऑनलाइन आवेदन को सही पाया गया। इसके बाद जांच हेतु सभी 119 आवेदनों को ब्लॉक भेजा गया जिसके पश्चात अंतिम रूप से 100 योग्य किसानों/लाभुकों के आवेदन को आज की बैठक में अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त



शब्बीर अहमद, जिला कल्याण पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, विद्युत विभाग एवं लघु सिंचाई प्रमंडल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**क्या है पीएम कुसुम योजना**

प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत छोटे किसानों जिनके पास ढाई एकड़ से अधिक जमीन हो उन्हें सोलर पंप लगाने के लिए आर्थिक मदद दिया जाता है। इस योजना के तहत वैसे किसानों का चयन किया जाता है जिनके खेत में ग्रिड कनेक्टिविटी की सुविधा न हो। चयन के उपरांत सभी किसानों को सिंचाई कार्य हेतु 2 एचपी, 3 एचपी एवं 5 एचपी सोलर पंप के लिये क्रमशः 5, 7, व 10 हजार रुपए की राशि देनी होती है बाकी सभी शेष राशि अनुदान स्वरूप सरकार द्वारा वहन किया जाता है। किसी भी किसान द्वारा इस योजना का लाभ हेतु pm kusum.jharkhand.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

# यज्ञ के चौथे दिन माता रानी का हुआ महास्नान व पूजन

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ के चौथे दिन माता की प्रतिमा का महास्नान व पूजन कर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की शुरूआत कर दी गई। महायज्ञ के चौथे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा की। पूर्व मंत्री भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह, अजीत सिंह ने भी यज्ञशाला की परिक्रमा कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर से वैदिक मंत्रोचारण के साथ माता का डोला उठाया गया। डोला को नगर भ्रमण के उपरांत पुनः मंदिर परिसर लाया गया। मंदिर निर्माण व पांच दिवसीय महायज्ञ भाजपा नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कराने का प्रण लिया था। उसे पूरा किया है। यज्ञ के यजमान चंदन कुमार सिंह एवं ज्योत्सना सिंह हैं। यज्ञशाला की



परिक्रमा में बड़ी संख्या में शामिल महिला पुरुष ने अनुमंडल मैदान में लगे मेला का भी आनंद लिया। रविवार को भंडारा के साथ यज्ञ कार्यक्रम संपन्न हो जाएगा। दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ के चौथे दिन पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सृष्टि को चलने वाले के प्रति आस्था सभी को होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने मंदिर निर्माण कर माता की भव्य प्रतिमा स्थापित करने का जो प्रण लिया था, उसे माता ने पूरा कराया। उन्हें काफी खुशी है। उन्होंने राज्य व पलामू वासियों की खुशहाली की कामना माता रानी से की। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद शहर में माता का भव्य मंदिर बन जाने से आम लोगों को पूजा पाठ करने में सुविधा होगी। उन्होंने भंडारा में क्षेत्र वासियों को आमंत्रित करते हुए उन्हें मंदिर परिसर पहुंचने का आग्रह किया है। इस मौके पर मां तारा शक्ति मंदिर महायज्ञ कमेटी के संरक्षक, भाजपा नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, भाजपा नेता सह पूर्व मुखिया राम प्रवेश सिंह, मिथलेश पाठक, अध्यक्ष प्रकाश लाल अग्रवाल, सचिव चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल एवं रतन लाल, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, उपाध्यक्ष राम प्रवेश सिंह (मास्टर साहब), रणजीत पासवान, संजय सिंह, रामराज मेहता, विमलेश सिंह, सह सचिव अजय गुप्ता, मनु सिंह, विनय पासवान, व्यवस्थापक, सुधीर सिंह, बलराम मेहता, बसंत चौहान, दुर्गा शर्मा, लल्लू, सीबी रमन सिंह, हंसराज सिंह, चिराग पासवान, व्यवस्थापक उदय विश्वकर्मा, रविन्द्र कांस्यकर, पूजा प्रमुख, बीटू बाबा, विपुल बाबा, अखिलेश बाबा, केएन गिरी, जयप्रकाश के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

# एक नजर

## हुसैनाबाद प्रखण्ड कार्यालय, भगवान भरोसे होता हैं संचालित

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड के पतरा खुर्द पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार पासवान ने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अबूआ आवास के प्रखंड समन्वयक को विगत तीन माह पहले कार्य मुक्त कर दिया जा चुका है जबकि आज तक दूसरे अधिकारी से अतरिक्त प्रभार देकर काम करवाया जा रहा जिसके चलते आवास समन्वयक का कार्यालय अधिक दिन बन्द मिलता है। इससे हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में दूर-दूर से आए हुए व्यक्तियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। वही प्रखण्ड समन्वयक पंचायती राज हुसैनाबाद राजू जी को भी जिला कार्यालय बुलाकर काम करवाया जा रहा है जिसके चलते यह भी कार्यालय बंद पड़ा मिलता है। मैं झारखंड सरकार एव उपयुक्त महोदय से मांग करता हूं की अभिलंब हुसैनाबाद प्रखंड में प्रखंड समन्वयक के अस्थाई रूप से पद स्थापित कर आवास कार्य को गति देने का कृपा करें।

## महाराजगंज की टीम ने अररुआ खुर्द को हराया

**हरिहरगंज।** शहर से सटे महाराजगंज के मैदान में महाकाल क्रिकेट क्लब के द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन शनिवार को युवा समाजसेवी जानू चौधरी ने फीता काटकर किया। इस दौरान खिलाड़ियों व लोगों को संबोधित करते हुए जानू चौधरी ने कहा कि खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। खेल में भी खिलाड़ी अपना कैरियर बना सकते हैं। इस दौरान कासीब क्रिकेट क्लब अररूआ खुर्द व भोलेनाथ क्रिकेट क्लब महाराजगंज टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमे भोलेनाथ क्रिकेट क्लब महाराजगंज की टीम विजयी रही। इस मौके पर टूनामेंट के आयोजक अजय कुमार, रवि कुमार, प्रकाश कुमार, आशीष कुमार के अलावे अमित गुप्ता, अजीत, कृष्णा, राकेश, बल्ले, अंकित, मनीष रंजन सहित काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

## हाईटेंशन पोल गाड़ने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, की गई नारेबाजी

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी से विद्युत आपूर्ति हेतु गाड़े जा रहे हाईटेंशन पोल को लेकर टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सराढु के ग्रामीणों द्वारा घोर विरोध किया जा रहा है। शनिवार को दर्जनों ग्रामीणों ने कार्यस्थल में जाकर दलालों होश आओ, गांव को बेचना बंद करो, ग्रामीणों को डराना धमकाना बंद करो जैसे नारे लगाए। ग्रामीणों की मानें तो गणेश इलेक्ट्रिकल कंपनी द्वारा वन भूमि तथा गैर-मजरुआ भूमि में ग्रामीणों को डरा धमकाकर व गुमराह कर कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इस मामले में कार्रवाई करते हुवे पिछले साल वन विभाग ने एक हाइड्रा और एक ट्रैक्टर को जब्त किया था। वहीं कंपनी के कर्मी अब विभागीय अधिकारियों को मैनेज करने की बातें कहते हुवे पुनः काम कराने का प्रयास कर रहे हैं। साथ हीं विरोध करने वाले ग्रामीणों को मुकदमा में फंसाने की धमकी दी जाती है। जिससे ग्रामीणों में घोर आक्रोश है। इधर उक्त मामले में रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने बताया कि समुचित जांच कराया जायेगा। नियमों कानूनों की अनदेखी करने वालों पर वन विभाग सख्त कार्रवाई करेगी।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का होगा आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में 20 जनवरी से 24 जनवरी तक मेगा स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुदीप कुमार ने उक्त आयोजन में पहुंचकर तमाम ग्रामीणों से अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि कैंप में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न बीमारियों की जांच कर रोगियों को निःशुल्क दवाईयां दी जायेगी। साथ हीं, मातृत्व स्वास्थ्य, टीकाकरण, डिजिटल हेल्थ कार्ड, ईएनटी, मोतियाबिंद समेत अन्य जांच व आवश्यक परामर्श दिये जायेंगे।

## बिरहोर गांव पहुंची पिरामल फाउंडेशन की टीम

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड के नवादा पंचायत अंतर्गत बिरहोर गांव टयाक्रम पहुंच कर पंचायत को सशक्त बनाने को लेकर पिरामल फाउंडेशन के टीम गांव पहुंच कर विस्तार पूर्वक चर्चा की। पंचायत सशक्त बने इसके लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, इलेक्ट्रिसिटी, बुनियादी सुविधा समेत कई बिन्दुओं पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। इसमें पंचायत के मुखिया भरत यादव, पिरामल फाउंडेशन सीओई शांत कृष्णा, डिस्ट्रिक्ट लीड अमित भारती, गांधी फैलो आदित्य राज, प्रदीप कुमार, पिरामल फाउंडेशन के स्वयं सेवक उमेश पासवान,कपिल कुमार, पंचायत स्वयं सेवक संतोष भोक्ता,शिक्षक,आंगनवाड़ी सेविका, सहिया एवं ग्रामीण शामिल थे।

## एफएसआईबी ने की इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक के लिए विनोद कुमार के नाम की सिफारिश

**मयूरहंड(चतरा)।** विनोद कुमार हो सकते हैं इंडियन बैंक के नए एमडी और सीईओ, एफएसआईबी ने की नाम की सिफारिश। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने शनिवार को चेन्नई स्थित इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक के लिए विनोद कुमार के नाम की सिफारिश की। पंजाब नेशनल बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत कुमार अगले महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जो एसएल जैन का स्थान लेंगे। एफएसआईबी ने चयन प्रक्रिया के परिणाम की घोषणा करते हुए एक बयान में ब्यूरो ने कहा कि रविवार को 15 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया। एफएसआईबी की सिफारिश पर अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति करेगी। श्री कुमार मुलतः मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के मायापुर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक नकुलदेव सिंह के पुत्र हैं। सीईओ पद के लिए सिफारिश पर क्षेत्र के रणधीर सिंह, मालिक बाबू, मालेश्वर सिंह, मनोज कुमार सिंह, श्याम सुंदर सिंह आदि ने बधाई दी है।

## एसके श्रृंगार स्टोर एवं ब्यूटी पार्लर प्रतिष्ठान का हुआ उद्घाटन

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** शनिवार को पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक के समीप एसके श्रृंगार स्टोर एवं ब्यूटी पार्लर प्रतिष्ठान का उद्घाटन शनिवार को किया गया। प्रतिष्ठान का शुभारंभ बरवाडीह मुखिया संदीप कुमार सुमन व अन्य ने संयुक्त रुप से विधिवत फीता काटकर किया। वहीं इस अवसर पर प्रतिष्ठान संचालक पुष्पा कुमारी ने बताया की हमारे यहां श्रृंगार स्टोर में श्रृंगार से संबंधित सभी प्रकार की सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध है। साथ ही ब्यूटी पार्लर मैं एब्रो, फेशियल, बाल कटिंग के अलावे दुल्हन की सजावट की जाती है एवं ब्यूटीशियन भी सिखाई जाती है। दुकान में गिफ्ट की सामग्री उपलब्ध है। मौके पर पत्रकार मोहम्मद सराजुल, सुनील कुमार दांगी, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## आम्रपाली परियोजना में शिविर लगाकर ड्राइवरों के आंखों का हुआ परीक्षण

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को टंडवा प्रखंड अंतर्गत आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना के जीएम कार्यालय परिसर में परिवहन सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। जहां भारी वाहन चालकों को अधिकारियों द्वारा निर्धारित यातायात नियमों की जानकारी दी गई। डीटीओ इंद्र कुमार ने ड्राइवरों को परिचालन के दौरान नशामुक्त रहने, ओवरटेक नहीं करने, ओवर स्पीड नहीं चलाने समेत अन्य मानकों के अनुपालन हेतु शपथ दिलाकर सख्ती से पालन करने के निर्देश दिये। इसके साथ हीं, नेत्र जांच शिविर में 53 वाहन चालकों समेत मौजूद सीसीएल व प्रशासनिक अधिकारियों ने भी चिकित्सकों से अपने आंखों का परीक्षण कराया।

## आऊटरीच प्रोग्राम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

**सिमरिया (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देशन में कानूनी सहायता केंद्र सिमरिया के अधिकार मित्रों द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बगरा में संचालित कल्याण गुरुकुल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अधिकार मित्र सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा, सीता देवी एवं अंजली कुमारी के द्वारा 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत सिमरिया उपस्थित लोगों को असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की विधिक सेवाएं, साइबर क्राइम, बाल विवाह, बाल श्रम एवं नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी गई। साथ ही डीएलएसए से मिलने वाले विधिक सहायत की भी जानकारी लोगों को अधिकार मित्र द्वारा दी गई।

## अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई

**चतरा/मयूरहंड।** जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनन टास्क फोर्स की टीम द्वारा लगातार विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी व जांच अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर मयूरहण्ड अंचल क्षेत्र में अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा जहुर आलम के नेतृत्व में बीडीओ सह सीओ मनीष कुमार, थाना प्रभारी अमित कुमार एवं खान निरीक्षक राजेश हंसदा द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम ने बताया कि मयूरहंड अंतर्गत मौजा सोकी एवं सुगी स्थित विभिन्न स्थलों पर 70,400 सीएफटी लगभग 704 ट्रैक्टर अवैध बालू का भंडारण पाया गया। जिसे जब्त करते हुए अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त कुल 8 लोगों एवं कई अन्य अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके अलावे दूसरी जगह पर लगभग 36700 सीएफटी भंडारण पाया गया है। इस मामले में संवेदक द्वारा भंडारण के लाइसेंस होने का दावा किया, इसके आलोक में दावे की सत्यता की जांच की जा रही है। जांच में अवैध बालू भंडारण पाया जाता है तो प्राथमिकी दर्ज करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। आगे अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा अवैध बालू का खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगी।

# मुखिया एवं उपमुखियागणों के क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला-सह-सम्मेलन का आयोजन

**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**ओरमांझी।** उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने उत्कृष्ट कार्य करनेवाले मुखियाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित।

**अफीम की खेती एवं नशापान के खिलाफ दिलायी गयी शपथ**

रांची जिला के ओरमांझी प्रखण्ड के रुक्का में आज दिनांक 18.01.2025 को मुखिया एवं उपमुखियागणों के क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला-सह-सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने उत्कृष्ट कार्य करनेवाले मुखियाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही जिलास्तरीय पदाधिकारियों ने अपने संबंधित विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की प्रस्तुति देकर विस्तृत जानकारी दी। क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला-सह-सम्मेलन में उपविकास आयुक्त श्री दिनेश कुमार यादव, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर श्री उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) श्री राजेश्वरनाथ आलोक सहित जिलास्तरीय पदाधिकारी,



बीडीओ-सीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

**अबुआ ग्रुप का सदुपयोग करें - उपायुक्त, श्री मंजूनाथ भजन्त्री**

क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला-सह-सम्मेलन में सभी मुखिया-उपमुखिया से संवाद करते हुए उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने पूछा कि कौन-कौन अबुआ ग्रुप से जुडे हैं? उपायुक्त ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, जिला प्रशासन की गतिविधियों एवं द्विपक्षीय संवाद हेतु जिला के सभी प्रखण्डों के लिए अबुआ ग्रुप बनाया गया है। इस ग्रुप में बीडीओ, सीओ, जेएसएलपीएस के पदाधिकारी/कर्मी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पत्रकारों एवं अन्य लोगों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय, प्रखंड/अंचल एवं पंचायत कार्यालय सही से काम करेंगे तो ग्रामीण क्षेत्र का विकास संभव है। उन्होंने सभी लोगों से अबुआ ग्रुप से जुड़ने की अपील की।

**शिक्षक देर से स्कूल आयें तो अबुआ साथी को बतायें - उपायुक्त**

उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी मुखिया एवं उपमुखियागणों को जिला प्रशासन द्वारा जनशिकायत हेतु जारी **व्हाट्सएप नंबर 9430328080** (अबुआ साथी) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला में सरकारी काम-काज में किसी तरह की अनियमितता होती है तो अबुआ साथी पर शिकायत करें। जिला प्रशासन द्वारा 24७7 सेल बनाकर अबुआ साथी पर आये शिकायतों का निष्पादन किया जा रहा है। श्री मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षक लेट से स्कूल आते हैं, स्वास्थ्य केन्द्र में एएनएम आ रही हैं या नहीं आदि अनियमितता से संबंधित शिकायत अबुआ साथी पर करें।

**सभी को मिलकर समाधान ढूंढना है - उपायुक्त, श्री मंजूनाथ भजन्त्री**

उपायुक्त, श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिला के सभी पंचायतों का सर्वांगीण विकास करना है और इसके लिए सभी को मिलकर समाधान ढूंढना है। उन्होंने कहा कि आप सभी के साथ मिलकर काम करने को जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि हर 15 दिनों में सभी मुखियागणों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद हो। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन करनेवाले मुखिया-उपमुखिया है। सभी पंचायत भवनों में पानी, बिजली, इंटरनेट, कम्प्यूटर, शौचालय आदि बुनियादी सुविधाएं होगी तो संचालन ठीक से होगा। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत स्तर पर सबसे अच्छा कार्य करनेवाले मुखिया को सम्मानित किया जायेगा।

**आप सभी का सहयोग और सुझाव चाहिए - उपायुक्त**

उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि पंचायतों के सुदृढ़ीकरण के लिए आप सभी का सहयोग और सुझाव चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर सभी मुखियागण, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक के साथ सप्ताह में एक दिन बैठक करें। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर सचिव और सेवक के पंचायत भवन में उपस्थित रहने हेतु रोस्टर भी तैयार किया गया है।

**जनप्रतिनिधियों से मिले सुझावों का क्रियान्वयन करें - उपायुक्त**

क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला-सह-सम्मेलन में जिला के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सुझाव लेने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सुझावों के क्रियान्वयन की दिशाा में भी सभी बीडीओ कार्य करें।

**ग्रामीण क्षेत्र के लिए शुरू होगा टॉक टू डीसी कार्यक्रम**

उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जल्द ही ग्रामीण क्षेत्र के लिए टॉक टू डीसी कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। उन्होंने बताया कि महीने में एक बार टॉक टू डीसी कार्यक्रम होगा। उपायुक्त द्वारा सभी पंचायतों को एक्टिव रहते हुए राँची को मॉडल डिस्ट्रिक बनाने की दिशा में प्रयास करने की बात कही गयी।

**अफीम की खेती एवं नशापान के खिलाफ शपथ**

उपायुक्त द्वारा क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला-सह-सम्मेलन में उपस्थित मुखिया- उपमुखियागणों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित लोगों को अफीम की खेती के विरुद्ध शपथ दिलाया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी नशापान को लेकर सतर्क रहें और हड़िया-दारू बेचने वाली महिलाओं को भी मुख्यधारा से जोड़ें। उन्होंने रोजगार देने के नाम पर ठगी करनेवालों से भी सावधान रहने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि शंका होने पर ऐसे लोगों के बारे में जिला प्रशासन को फौरन जानकारी दें।

## विवाहिता की मौत मामले में पति को पुलिस ने भेजा जेल



**मांडर।** मांडर पुलिस ने दो दिन पूर्व करकरा गांव में विवाहिता यासमीन परवीन की मौत के मामले में उसके पति मुंसफ अंसारी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। घटना को लेकर यासमीन की मां ने उसके पति, सास और ससुर पर यासमीन की हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। ज्ञात हो कि दो दिन पहले यासमीन का शव उसके ससुराल में संदिग्ध अवस्था में पाया गया था। वहीं ससुरालवालों का कहना था कि यासमीन ने आत्महत्या की है जबकि उसके मायकेवालों ने यासमीन के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। यासमीन की शादी दो वर्ष पहले हुई थी और उसकी एक साल की बेटी भी है।

## कविता हीरो ने अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाई



**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**रांची।** आज पौधा वितरण एवं पौधा रोपण, भजन संध्या एवं जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म वस्त्र वितरण कर झारखंड की मशहूर सिंगर कविता हीरो ने अपना जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से सेक्टर 3 धुर्वा स्थित मां सुभद्रा ग्रुप के कार्यालय परिसर में मनाई। इस मौके पर उन्होंने जन्म उत्सव मे आए हुए सभी अतिथियों को भी पौधा भेंटकर ही स्वागत किया। मौके पर मेरी आवाज मेरी पहचान के संस्थापक मशहूर सिंगर कुमार गहलोत ने उन्हें सुखमय जीवन, उज्जवल भविष्य एवं लंबी उम्र की कामना के साथ जन्मदिन की बधाई दी वहीं मां सुभद्रा ग्रुप के संस्थापक प्रभात राजन ने कहा कविता जी गायन के क्षेत्र में हमारे झारखंड का नाम रौशन कर रही है और आगे भी करते रहेंगे यही हम सभी लोगों के लिए गर्व की बात है। आज के इस उत्सव मे छात्र क्लब कला संस्कृति एवं खेल कूद मंच (यूनिट, छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक पिया बर्मन, समाजसेविका विभा कुमारी, प्रिया सिन्हा, ममता सक्सेना, टी-सीरीज आस्था चैनल की सिंगर वीणाश्री, रोमी सेठ, राजीव रंजन मिश्रा, सुलोचना शहदेव आदि आदि की भी गरिमामय विशेषरूप से उपस्थित रही।

## दहेज लेना व देना एक अपराध

**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**रांची।** 90 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए आज दिनांक 18.01.2025 को विधिक जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती, पीएलवी शिला तिग्गा, किरण कुमारी, आशीष बैठा, जगमोहन मुंडा, रामजीत महतो, संतोष कुमार गंझू, विधि के छात्र-छात्राएं रौशन कुमार झा, श्रृजन मिश्रा, उन्नाभ राज, अमेया विक्रम सिंह, स्मृति झा एवं राजा वर्मा, उपस्थित थे। एलएडीएस अधिवक्ता, कविता कुमारी खाती ने आगमी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाली विशेष लोक अदालत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दहेज लेना व देना कानूनन अपराध है। इसके अलावा उन्होंने आगामी 08 मार्च को आयोजित हानेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद,





वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। इसके अलाव कविता कुमारी खाती ने बाल विवाह, डायन बिसाही, बाल श्रम एवं नशा उन्मूलन पर भी चर्चा की। उन्होंने युवाओं को नशा न करने की सलाह दी कहा कि नशा से बचे और सारा समय अपने भविष्य को संवरने में लगाये। बाल विवाह अपराध हैं, इसमें सजा का भी प्रावधान है। किसी भी महिला या पुरुष को डायन-बिसाही कहकर संबोधित करना भी अपराध के दायरे में ही आता है। उन्होंने थाना में नये पीएलवी की नियुक्ति के काम पर भी चर्चा किये और नालसा टॉल फ्री नम्बर के बारे में भी जानकारी दी। पीएलवी शिला तिग्गा और किरण कुमारी ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दी। पीएलवी आशीष बैठा ने ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में भी बताया। जगमोहन मुंडा, रंजीत महतो एवं संतोष कुमार गंझू ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। यह भी ज्ञात हो कि श्रीमति खाती ने एमएसीटी एक्ट-1988, दहेज प्रथा कानून-1961 एवं बाल विवाह अधिनियम -2006 की जानकारी दी। 1 जूलाई 2024 से लागू हुए नये कानून की जानकारी पर भी उनके द्वारा फोकस किया गया। अंत में सभी पीएलवी के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच लिफलेट व पम्पलेट का वितरण किया गया।

## अनुसूचित जाति के किसानों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले अंतर्गत मध्य पंचायत बड़कागांव में आज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में आलू अनुसंधान संस्थान (क्षेत्रीय केंद्र, पटना) एवं सेंट्रल ट्यूबर क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीटीसीआरआई), और एचडीएफसी परिवर्तन समर्थित जीटी भारत के सहयोग से अनुसूचित जाति के किसानों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

संस्थान की ओर से श्री दीपक चिकने और टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत किसानों को आलू उत्पादन की उन्नत तकनीक विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के आलू अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र पटना के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शिव प्रताप सिंह एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राजकुमार सिंह ने आलू के बीज उत्पादन के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. एस. पी. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, ने भंडारण और प्रसंस्करण योग्य आलू की किस्मों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 50 किसानों को आलू उत्पादन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। आलू के पोषक तत्व प्रबंधन, कीट और रोग प्रबंधन के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई। इस दौरान आलू बीज के सुरक्षित उत्पादन, उसके रखरखाव और बीजोपचार के विशेष पहलुओं पर चर्चा की गई। किसानों को मृदा स्वास्थ्य के बारे में भी कृषि वैज्ञानिकों ने विस्तार से जानकारी दी और मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाने के महत्व पर जागरूक किया गया। मौके पर मुखिया मोहम्मद तकरीबुल्ला, पंचायत समिति रितेश ठाकुर भी उपस्थित रहे।

संस्थान के प्रतिनिधि श्री दीपक चिकने ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के बीच परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें किसानों द्वारा पूछे गए सवालों का समाधान प्रदान किया गया।

## मां शीतला देवी मंदिर सयाल मोड़ में भव्य भंडारा आयोजन

**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी रूपी प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 400 लोगों को भरपेट भोजन खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि लायंस क्लब द्वारा प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन जारी रहेगा। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही क्लब का उद्देश्य भी है, जो निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा बर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पास्ट प्रेसिडेंट लायन माला शर्मा, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, एमजेएफ संजय जायसवाल, दीनबंधु सिंह, डॉ एमके मंजुल, विजय वर्णवाल, सूबेदार एचएन यादव आदि का विशेष योगदान रहा। इधर परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व दर्जनों शिशुओं का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा निःशुल्क टीकाकरण किया गया।

## काथोलिक आश्रम उच्च विद्यालय में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** काथोलिक आश्रम उच्च विद्यालय भुरकुण्डा में शनिवार को 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मंच का संचालन वर्षा कुमारी एवं अलविन लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में 9वीं कक्षा व अन्य वर्ग के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर 10वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गान से किया गया। कार्यक्रम के दौरान दशम वर्ग की छात्रा नूर ए इनाया एवं आस्था गुप्ता ने बीते दिनों की खट्टी मीठी यादों को साझा किया। मौके पर फादर थॉमस ने कहा कि छात्रों को असफलता से कभी नहीं घबराना चाहिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाये तो सफलता जरूर मिलती है। शिक्षक संजय किण्डो ने विद्यार्थियों से भविष्य की चुनौतियों का सामना करने का संदेश दिया। वहीं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भविष्य की योजनाओं के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत विदाई गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। धन्यवाद ज्ञापन राकेश कुमार बेदिया ने प्रस्तुत किया। मौके पर शमीर्ला मिंज, दीपक राम, नीलिमा हेमरोम, रूपा सिन्हा, चन्द्रिका चौधरी, संजय किण्डो, नेहा तिर्की, पवन ठाकुर, सुषमा टोप्पो, प्रिसिल्ला टोप्पो, राजेश पण्डरवाणी, राजेश कुमार, अमृतलाल, पेत्रुस लकड़ा, खुशबु कुजूर, डेजी हंस, दिव्या, नीलिमा तिर्की, इलिजाबेथ कोंगाड़ी, दीपिका खेस, सुधीर मिंज सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थें।

## यातायात नियमों को लेकर सड़क जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**सिरका।** रामगढ़ जिले के अरगड्डा बिरसा चौक बैगामोड़ पर सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए परिवहन विभाग रामगढ़ के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य रूप से अरगड्डा के समाजसेवी कृष्ण कुमार के सहयोग व प्रेरणा पहल से यातायात जागरूकता कार्यक्रम को करवाया गया। अवसर पर मुख्य रूप से परिवहन विभाग के एमवीए मोनू मृणाल, एमवीए विपुल उरांव, सीसीएल सुरक्षा व गुणवत्ता पदाधिकारी अरगड्डा क्षेत्र एसके श्रीवास्तव, सुरक्षा अधिकारी रामगढ़ विकास कुमार, यातायात प्रभारी गजेंद्र पांडेय, एसआई मुन्ना कुमार सिंह, एएसआई शंकर सिंह सुरक्षा सिरका इंस्पेक्टर राजू राम आदि उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत करते वाले में समाजसेवी कृष्ण कुमार, तपन बनर्जी, रविकांत बनर्जी ने पुष्पगुच्छ देकर किया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एमवीआई मोनू मृणाल ने कहा कि परिवहन विभाग लगातार यातायात के दौरान दुर्घटना कैसे



शून्य हो इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरुक कर रहा है, अभी एक जनवरी से 31जनवरी 24 तक चलेगा। साथ ही आम जनमानस, चालक सड़क पर किन-किन सावधानियां को बरते इसके बारे में भी जानकारी दिया। वहीं सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र सुरक्षा व गुणवत्ता पदाधिकारी एसके श्रीवास्तव ने कहा कि गाड़ी चलाने के दौरान मोबाईल इस्तेमाल, नशापान, बेकाबू रफ्तार, अंडर एज चालकों के कारण दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। इससे असमय बच्चों युवाओं की मृत्यु हो रही है जो अभिभावकों के लिए असहनीय है। इसके लिए यातायात नियम पालन करना जरूरी है। इधर अरगड्डा समाजसेवी कृष्ण कुमार ने कहा कि कोयला क्षेत्र अरगड्डा में सड़कों पर अक्सर असुरक्षा के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही है। सड़कों पर सेफ्टी की आवश्यक बिंदुओं को भी दर्शना व बनाने की जरूरत है। इसका उद्देश्य लोगों में सड़क पर चलने के नियमों को पहुंचना है। रामगढ़ कला जत्था ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से लोगों में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। नुक्कड़ सभा में कलाकार देवधारी करमाली, मोतीलाल राम, लक्ष्मी देवी, सोनू करमाली, करण करमाली, महेंद्र करमाली, लखन करमाली, उषा बागे, छोटिया देवी, लक्ष्मी कुमारी, ग्रामीण कुलदीप बेदिया, शिवदेव बेदिया सोमिर डे तपन बनर्जी अमर मुण्डा इमरान अंसारी पप्पु खान हुसैन खान शंभू सागर लडडू खान जियाउल अंसारी कबीर खान चरका बेदिया समेत दर्जनो उपस्थित थे।

## मशरूम की खेती को लेकर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**हजारीबाग।** बीते 16 जनवरी से मशरूम की खेती एवं उत्पादन को लेकर आईसेक्ट विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हो गया। शनिवार को कार्यक्रम के अंत में शामिल सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इससे पूर्व केवीके कोडरमा की मशरूम प्रशिक्षक व कार्यक्रम की मुख्य वक्ता चंचिला कुमार, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, प्रभात किरण, प्रतिभा हेंब्रम, फरहीन सिद्दीकी सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य वक्ता केवीके कोडरमा की मशरूम प्रशिक्षक चंचिला कुमार ने मशरूम की खेती एवं उत्पादन से लेकर बाजार पहुंचाकर बेहतर मुनाफा कमाने तक की तरकीब विस्तार से बतायी। उन्होंने बताया कि वैसे तो मशरूम की 120 प्रजातियां पूरे देश में पायी जाती है लेकिन उसमें खाने योग्य महज 11 प्रजातियां ही है। उन्होंने बताया कि झारखंड में मशरूम की आयस्टर, बटन, मिल्की और पैडी प्रजातियां ही उत्पादित की जाती है। उन्होंने बताया कि पोषक तत्वों और व्यापारिक दृष्टिकोण दोनों लिहाज से मशरूम कृषकों के लिए बेहतर साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि महज 50 रुपए में 10 किग्रा. मशरूम की खेती की शुरूआत की जा सकती है। इस लागत में 3.5 किग्रा. मशरूम उत्पादन किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि प्रशिक्षण पाने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों से उम्मीद होगी कि आने वाले समय में इस प्रशिक्षण में बतायी और सिखायी गई तरकीब को अपनाकर अपनी तरक्की का मार्ग प्रशस्त करेंगे। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि वाकई मशरूम कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है और इसका बाजार मांग भी ज्यादा है। ऐसे में मशरूम उत्पादन कृषकों के लिए बेहतर साबित हो सकता है।

भोजनावकाश के बाद मशरूम प्रशिक्षक अंजन कुमार साहा, कमलेश कुमार, राज कुमार, विश्वविद्यालय के कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा के माध्यम से सभी प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम की खेती को लेकर बताए गए तरीके को प्रायोगिक तौर पर प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन बीते शुक्रवार को भी पादप रोग विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय गढ़वा के कृषि वैज्ञानिक ने भी प्रशिक्षणार्थियों को जहरीला और खाने योग्य मशरूम को व्यवहारिक रूप से पहचानने की विधि बताई। साथ ही इससे संबंधित भ्रांतियों का भी जिक्र किया। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने तीन दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम को अहम बताया। अंत में कृषि विभाग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए, जिसे मौजूद लोगों ने काफी सराहा। मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका फरहीन सिद्दीकी ने किया।

## एक नजर

### जीवन बीमा परिषद ने दिसंबर 2024 के इंडस्ट्री के नवीनतम कारोबारी आंकड़े जारी किए

**रांची।** जीवन बीमा परिषद ने दिसंबर 2024 के इंडस्ट्री के नवीनतम कारोबारी आंकड़े जारी किए हैं। भारतीय जीवन बीमा कंपनियों ने दिसंबर 2024 में रिकॉर्ड नए व्यवसाय के आंकड़े दर्ज किए हैं। इनके प्रीमियम कलेक्शन में 9.91% की बढ़त हुई है। जीवन बीमा परिषद द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, जीवन बीमा इंडस्ट्री में दिसंबर 2024 में सालाना आधार पर व्यक्तिगत सिंगल प्रीमियम में 13.52% की बढ़त हुई और यह 4633.12 करोड़ रुपये पर बंदहुआ, जबकि इसमें जनवरी से दिसंबर तक की अवधि में 13.68% की बढ़त देखने को मिली। दिसंबर 2024 में व्यक्तिगत गैर-एकल प्रीमियम 12467.51 करोड़ रुपये पर रही और इसमें 4.53% की बढ़त हुई, जबकि (जनवरी से दिसंबर) संग्रह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 14.53% अधिक रहा।

### जिला परिषद प्रतिनिधि रबूल अन्सारी द्वारा पचास कंबल का वितरण किया गया

**मांडर।** आज शनिवार को मांडर प्रखंड के मांडर पंचायत के ग्राम बजार टांड़ में बढ़ते ठंड को देखते हुवे गरीब असाय बुढ़ा बुढ़ी के बीच लगभग पचास कंबल का वितरण मांडर जिला प्रतिनिधि रबूल अन्सारी ने किया गया इस दौरान जिला परिषद प्रतिनिधि ने कहा की हमेशा मेरा प्रयास रहता है की गरीब असहाय लोगो के बीच ठंड के दौरान आवश्यक चीज उपलब्ध कराई जाय और कहा की हमेशा मेरा प्रयास रहता है की गरीब असाय लोगो के बीच बढ़ते ठंड कोई देखते हुवे जरूरतमंदो की मदत करना ही सबसे बड़ा धर्म है। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि मासूक अली, युवा कांग्रेस मांडर प्रखंड कार्यकारिणी अध्यक्ष जमील अख्तर समेत बहुत से लोग मौजूद थे।

### बुढ़ाना घाटी में सिमेंट लदा ट्रक पलटी ड्राइवर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत

**हजारीबाग।** बड़कागांव मुख्य पथ के बुढ़ना घाटी में रात्रि लगभग 11:55 बजे के आसपास सिमेंट लदी ट्रक JH-02BP1433 अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें घटनास्थल पर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। चालक की पहचान राजु कुमार पिता शिवनंदन यादव उम्र लगभग 21 वर्ष ग्राम पाठक बिघा, पोस्ट बरपा थाना पौथु, जिला औरंगाबाद, बिहार के रुप में पहचान की गई है घटना की सूचना पर बड़कागांव थाने की पुलिस व सीआईएसएफ की क्युआरटी के जवान व स्थानीय लोगों द्वारा राहत व बचाव कार्य किया। ऐसी ट्रक दुर्घटना की घटना की तीखे मोड़ व ढलान और कोयला ट्रांसपोर्टिंग की गाड़ियों के परिचालन के कारण अक्सर इस सड़क पर बुढ़ना घाटी व इसके निचे घाटी क्षेत्र घटित होते रहता है। इस पर यातायात नियमों का सही तरीके से पालन व पथ विभाग के पदाधिकारियों को उचित कदम उठाने की आवश्यकता है जिससे ऐसी घटनाएं कम हो।

### एस्पायर कोचिंग सेंटर में टेस्ट सीरीज का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड और पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर में शुक्रवार को टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। टेस्ट में आरआरबी, एनटीपीसी और एसएससी जीडी परीक्षा के पैटर्न पर प्रश्न पूछे गए। इसके तहत आरआरबी एनटीपीसी का 100 प्रश्न और एसएससी जीडी से संबंधित 80 प्रश्न शामिल परीक्षा में शामिल किये गये थे। मौके पर संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने कहा कि यह टेस्ट सीरीज विद्यार्थियों की सफलता में मिल का पत्थर साबित होगा। शिक्षकों के मार्गदर्शन में लगन और कठिन परिश्रम से किया गया कार्य कभी बेकार नहीं जाता। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। विद्यार्थी लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करें तो एक न एक दिन जरूर सफल होंगे। निदेशक श्री कुमार ने प्रतियोगिता छात्रों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता ही संस्था की पहचान है। संस्था के शिक्षकों ने बताया कि आगामी 27 जनवरी से एनटीपीसी और आरआरबी ग्रुप डी के नये बैच की क्लासेस शुरू होगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले इच्छुक विद्यार्थी संस्था से संपर्क कर नामांकन करा सकते हैं। टेस्ट परीक्षा को सफल बनाने में शिक्षक नितेश सिंह, राकेश सिंह, संजीत कुमार, नीतीश मिश्रा, सचिन कुमार, विक्रांत कुमार, सुमित कुमार, राहुल कुमार आदि का योगदान रहा।

### ठंड के मद्देनजर ओल्ड एज होम, वात्सल्य धाम एवं अन्य आवासीय विद्यालयों में कंबलों का हुआ वितरण

**रामगढ़।** ठंड के मद्देनजर शनिवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको एवं सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शाखा शंकर प्रसाद के द्वारा छतरमांडू स्थित ओल्ड एज होम में बुजुर्गों के बीच तथा वात्सल्य धाम, दिव्यांग आवासीय विद्यालय लारी चितरपुर एवं डिवाइन ओंकार मिशन आवासीय विद्यालय रामगढ़ में बच्चों के बीच कंबलों का वितरण किया गया।

### डुबका में धूमधाम से पांच दिवसीय आदिवासी संस्कृति सोहराय पर्व मनाया गया



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत के टोला डुबका में पांच दिवसीय आदिवासी संस्कृति सोहराय पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंझी हाडम और पंचायत समिति सदस्य बिनोद सोरेन ने फीता काट कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आदिवासी सोहराय पर्व के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिससे गांव के सभी आदिवासी महिलाएं- पुरुष संथाली लोकगीत झूमर जैसे विभिन्न गीतों पर नृत्य कर खूब ढोल नगाड़े के थाप पर झूमें। इसके उपरांत सभी अतिथियों को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। आदिवासी समुदाय के लोगों ने कहा कि यह पर्व आदिवासी परिवार व प्रकृति से जुड़ा है सोहराय पर्व हमारी सभ्यता व संस्कृति का प्रतीक है। पसंस विनोद सोरेन ने कहा कि सोहराय पर्व आदिवासी समाज का सबसे बड़ा पर्व है। प्रत्येक वर्ष पौष माह मकर संक्रांति के कुछ दिनों पहले से यह त्यौहार का शुभारंभ हो जाता है। सभी आदिवासी समुदाय के लोग अपने-अपने अनुसार अलग- अलग दिन मनाते हैं। यह पर्व 15 दिनों तक चलते रहतीं हैं। सभी अपने-अपने अनुसार मनाते हैं। इस पर्व में आदिवासी समाज खेत खलिहान प्रकृति की पूजा करते हैं। गाय और बैल बेजुबान होते हैं और उनकी मेहनत से ही खेतों में फसल तैयार होता है। उनके साथ खुशियों को बांटने के लिए पर्व मनाया जाता है। इसके अलावा हर वर्ष फसल अच्छा हो, इसको लेकर भी पर्व मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत समित सदस्य विनोद सोरेन, मांझी बाबा महावीर मांझी, निर्मल हंसदा, अर्जुन मांझी, पुर्व मुखिया फुलचंद मांझी, शंकर हंसदा, वार्ड सदस्य रजनी हंसदा, सुखदेव किस्कू, बासुदेव किस्कू, जीतन किस्कू, दीपक मरांडी, जागो मांझी, बाबूकुआर मुर्मू, शिबू सोरेन, सुरेश किस्कू, रामलाल मरांडी एवं इत्यादि भारी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

### झामुमो नेता संजीव बेदिया ने 200 वृद्ध महिला पुरुष के बीच कंबल वितरण किया

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत गरसूल्ला पंचायत अंबाटोला में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया के द्वारा लगातार ठंड को देखते हुए असहाय वृद्ध लोगों के बीच 200 कंबल का वितरण किया। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, मनु करमाली, शंकर गोप, बिजली करमाली, शिवशंकर करमाली, कन्हैया उरांव, मोहन मांझी, रामलाल बेदिया, लाल देव मांझी, ओम प्रकाश मुंडा, भुवनेश्वर उरांव, साहिल टुडू, इत्यादि सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

### वन विभाग बड़कागांव की टीम ने चैलेंगदाग जंगल से अर्ध निर्मित कत्था जप्त किया

**बड़कागांव।** बड़कागांव वन क्षेत्र अंतर्गत आँगों जंगल के सुरक्षित वन क्षेत्र स्थित चेलेंगदाग जंगल में पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी मौन प्रकाश के निदेर्शानुसार बड़का गांव वन क्षेत्र के वन कर्मी के द्वारा गुप्त रूप से छापामारी कर लगभग चार क्विंटल अर्ध निर्मित कत्था बरामद किया गया। जिसकी कीमत लगभग चार लाख रुपया हो सकती है। बताते चलें कि चेलेंगदाग जंगल में पिछले कई महीनो से गुप्त रूप से जंगल में कत्था बनाने का कार्य किया जा रहा था। छापेमारी की जानकारी मिलते ही कत्था माफिया वन विभाग के द्वारा छापेमारी होते फरार हो गए, घने जंगलों में छुप गए। इस दौरान वन विभाग के कर्मियों ने कत्था बनाने वाले भट्ठा को तहश-नहस कर नष्ट कर दिया। छापामारी में बड़कागांव वन क्षेत्र के सभी वन कर्मी शामिल थे। मामले को लेकर बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय में 2 नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में एसीएफ ए के परमार ने कहा कि जो भी जंगल में खैर की लकड़ी को काटकर कत्था बनाने का कार्य करेंगे, इसके अलावा अवैध कोयला उत्खनन, पत्थर का कारोबार करेंगे उन पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

# भारत अंतरिक्ष में सैटेलाइट जोड़ने वाला विश्व का चौथा देश बना

रामस्वरूप रावतसरे

> जानकारी के अनुसार अब तक विश्व के तीन देश ही यह डॉकिंग की तकनीक हासिल कर सके थे। यह देश अमेरिका, रूस और चीन हैं। 16 जनवरी, 2025 को भारत भी इस लीग में शामिल हो गया है। इस तकनीकी तरक्की का फायदा इसरो को आगे के मिशन में मिलेगा। भारत ने अंतरिक्ष में अपना भी स्पेस स्टेशन बनाने का ऐलान किया है। डॉकिंग में सफलता इसके रास्ते खोलेगी। भारत को 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बनाना है, इसके लिए 2028 से काम चालू होगा ऐसा बताया जा रहा है। इसके लिए एक-एक कर इसके हिस्से अंतरिक्ष पहुँचाए जाते रहेंगे।

भारत ने वर्ष 2025 की शुरूआत के साथ ही अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। इसरो ने अंतरिक्ष में ही स्पेडेक्स मिशन के दो सैटेलाइट मॉड्यूल आपस में जोड़ लिए हैं। इस मिशन में 'डॉकिंग' की प्रक्रिया पूरी हो गई है। यह क्षमता हासिल करने वाला भारत विश्व का चौथा देश बन गया है। इस मिशन के लिए 30 दिसम्बर, 2024 को सैटेलाइट छोड़े गए थे और बाद में धीमे-धीमे इन सैटेलाइट को पास में लाकर जोड़ दिया गया। इसरो अब इसी मिशन के बाकी लक्ष्य पूरा करने के लिए कदम बढ़ाएगा।

इसरो ने 16 जनवरी, 2025) को यह जानकारी देते हुए अपने ट्विटर पर लिखा, 'स्पेस क्राफ्ट डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। यह एक ऐतिहासिक क्षण था। पहले 15 मीटर से 3 मीटर होल्ड पॉइंट तक पास लाया गया। डॉकिंग की शुरूआत सटीकता के साथ हुई, इसके बाद अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक कैप्चर किया गया। डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। भारत अंतरिक्ष डॉकिंग को सफल बनाने वाला चौथा देश बन गया। पूरी टीम को बधाई! भारत को बधाई!'

इसरो की इस सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, 'सैटेलाइट की अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता के लिए सफल प्रदर्शन के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और पूरे समुदाय को बधाई। यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।'

इस मिशन की सफलता भारत को अंतरिक्ष में स्पेस स्टेशन बनाने, अपने अंतरिक्ष यात्री को भेजने और बाकी स्पेस मिशन पूरे करने में मदद करेगी। इसरो ने जो प्रक्रिया पूरी की है उसे डॉकिंग कहा जाता है। डॉकिंग से पहले दोनों सैटेलाइट मॉड्यूल अलग थे।

इसरो द्वारा लॉन्च किए गए मिशन में से एसडीएक्स-01 चेसर सैटेलाइट है जबकि एसडीएक्स -02 टार्गेट सैटेलाइट है। इसका मतलब है कि एसडीएक्स -01 कक्षा में स्थापित किए जाने के बाद एसडीएक्स -02 की तरफ बढ़ा और अंत में दोनों जुड़ गए। पीएसएलवी सी -60 रॉकेट ने इन्हें



आपस में लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर छोड़ा था। इसके बाद इन्हें जोड़ने की प्रक्रिया चालू की गई। दोनों सैटेलाइट को जोड़ने की प्रक्रिया यानि डॉकिंग 7 जनवरी, 2025 को चालू की गई। इसके लिए सबसे पहले दोनों को 20 किलोमीटर की दूरी पर रोका गया था। इसके बाद टार्गेट सैटेलाइट एसडीएक्स-01 को स्टार्ट किया गया। 10 जनवरी, 2025 को यह दोनों 1.5 किलोमीटर पास लाए गए। 11 जनवरी को 225 मीटर पर लाए गए। 12 जनवरी को यह 100 मीटर पर आए। इस बाद इसरो ने इन्हें 15 मीटर और फिर 3 मीटर करीब लाया। दोनों को फिर वापस 15 मीटर पर ले जाया गया। इसके बाद 16 जनवरी, 2025 की सुबह दोनों मॉड्यूल आपस में जोड़ दिए गए। अब इन पर आगे और भी प्रयोग भी किए जाएँगे।

अब सारे प्रयोग पूरे होने के बाद दोनों सैटेलाइट को अनडॉक यानी एक-दूसरे से अलग भी किया जाएगा। यह दोनों इसके बाद लगभग 2 साल तक अलग-अलग प्रयोग में काम आएँगे। एसडीएक्स-01 सैटेलाइट पर छोटे कैमरे भी लगे हुए हैं। यह कैमरे इसके बाद तस्वीरें और वीडियो लेंगे। इसके अलावा भी इस पर कई सेंसर लगे हैं। यह सेंसर अंतरिक्ष में होने वाली गतिविधियों का पता लगाएँगे। इनमें से एक सेंसर रेडियेशन का स्तर भी मापेगा। इन सैटेलाइट को भारत में स्थित सैटेलाइट नियंत्रण सेंटर से नियंत्रित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार इसरो ने सोमवार को रात 10 बजे श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी सी-60 रॉकेट लॉन्च किया था। इस रॉकेट पर कुल 24 सैटेलाइट लदे हुए थे। इनमें से सबसे प्रमुख दो सैटेलाइट थे, जिनकी डॉकिंग होनी थी। इसरो ने इन सैटेलाइट को सफलतापूर्वक अब अंतरिक्ष में ही जोड़ लिया।

इनका नाम एसडीएक्स -01 और एसडीएक्स -02 था। इन दोनों का वजन 220 किलो है। यह दोनों सैटेलाइट अंतरिक्ष में पृथ्वी से 470 किलोमीटर की ऊँचाई और 55 अंश के कोण पर छोड़े गए थे। डॉकिंग को सरल भाषा में समझा जाए, तो यह दो सैटेलाइट (मॉड्यूल) को अंतरिक्ष में जोड़ने की प्रक्रिया को कहते हैं। यह कुछ-कुछ जमीन पर कोई पुल बनाने जैसा है। जिस तरह पुल के अलग-अलग हिस्से आपस में जोड़े जाते हैं, उसी तरह डॉकिंग में भी दो या उससे अधिक सैटेलाइट आपस में जोड़े जाते हैं। यह पूरी सरंचना किसी विशेष काम के लिए उपयोग होती है।

डॉकिंग का उपयोग वर्तमान में दो सैटेलाइट के बीच किन्हीं वस्तुओं के आदान प्रदान समेत बाकी काम के लिए होता है। अंतरिक्ष में स्थापित अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन भी इसी सिद्धांत पर काम करता है। इसका निर्माण भी डॉकिंग के जरिए हुआ था। इसमें सामान की आपूर्ति भी डॉकिंग के जरिए ही होती है। दरअसल, कई ऐसे सैटेलाइट या फिर मॉड्यूल होते हैं, जिन्हें एक बार में रॉकेट नहीं ले जा सकते। ऐसे में उन्हें अलग-अलग हिस्से में भेज कर अंतरिक्ष में जोड़ा जाता है। इसी तकनीक इसरो ने इस स्पेडेक्स मिशन(स्पेस डॉकिंग एक्सरसाइज) के जरिए हासिल किया है।

जानकारी के अनुसार अब तक विश्व के तीन देश ही यह डॉकिंग की तकनीक हासिल कर सके थे। यह देश अमेरिका, रूस और चीन हैं। 16 जनवरी, 2025 को भारत भी इस लीग में शामिल हो गया है। इस तकनीकी तरक्की का फायदा इसरो को आगे के मिशन में मिलेगा। भारत ने अंतरिक्ष में अपना भी स्पेस स्टेशन बनाने का ऐलान किया है। डॉकिंग में सफलता इसके रास्ते खोलेगी। भारत को 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बनाना है, इसके लिए 2028 से काम चालू होगा ऐसा बताया जा रहा है। इसके लिए एक-एक कर इसके हिस्से अंतरिक्ष पहुँचाए जाते रहेंगे। इसके पूरे होने पर इसमें भारतीय एस्ट्रोनॉट जा सकेंगे। इसके अलावा यह प्रक्रिया चंद्रमा पर भारतीय भेजने, वहाँ से सैंपल वापस लाने समेत बाकी मिशन के लिए मील का पत्थर होगी। ऐसा इसरों के वैज्ञानिकों ने दावा किया है।

## संपादकीय

### बंद हुआ कारोबार

अमेरिकी निवेश व अनुसंधान कंपनी हिड़नबर्ग रिसर्च ने अचानक अपना कारोबार समेटने का ऐलान कर दिया। कंपनी के संस्थापक नेट एंड़रसन ने अपने परिचितों, परिवार व मित्रों का हवाला देते हुए वेबसाइट पर पर्सनल नोट में लिखा- मैंने हिंड़नबर्ग रिसर्च को भंग करने का फैसला किया है। नेट ने कहा यह अचानक लिया गया फैसला नहीं है। काफी सोच-समझकर लिया गया फैसला है। 2017 में हिंड़नबर्ग रिसर्च का गठन करने वाले एंड़रसन ने इसे अपने जीवन का एक अध्याय बताते हुए, जीवन का मुख्य केंद्र नहीं है कहा। अमेरिकी अकाउंटेंट हैरी माकोपोलस को अपना रोल मॉड़ल मानने वाले एंड़रसन ने ऐसे वक्त यह घोषणा की हैङ्क जब अमेरिका के नये राष्ट्रपति के तौर पर ड़ोनाल्ड़ ट्रंप शपथ लेने वाले हैं। आलोचकों के अनुसार जॉर्ज सोरेस के साथ हिंड़नबर्ग के कथित संबंधों व ट्रंप प्रशासन के दबाव का अंदेशा व्यक्त किया है। इस शॉर्ट सेलिंग कंपनी को 2024 में भारतीय बाजार नियामक संस्था सेबी द्वारा कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। क्योंकि कंपनी ने सेबी प्रमुख माधवी बुच पर वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप मढेरूथे। उससे पहले हिंड़नबर्ग ने देश के प्रमुख औद्योगिक समूह अड़ाणी पर गंभीर आरोपों द्वारा भारत में सुर्खियां बटोरी थीं। समूह के मालिक गौतम अड़ानी पर अपनी ही कंपनियों के शेयरों में हेराफेरी कर सौ अरब ड़ॉलर कमाने का आरोप था। रिपोर्ट सार्वजनिक होते ही अड़ानी ग्रुप को डेढ़ सौ अरब ड़ॉलर का नुकसान होते ही वह विश्व के बीस अतिसमृद्धों की सूची से बाहर हो गए। हिंड़नबर्ग की रिपोर्टों का हवाला देकर विपक्ष ने एकजुट होकर मोदी सरकार पर हमला बोल दिया था। हिंड़नबर्ग ने अमेरिका के अलावा विदेशों की विभिन्न कंपनियों में गैर-कानूनी लेन-देन व वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा किया, जिससे उनके शेयर्स बुरी तरह ध्वस्त होने से उन्हें जबरदस्त नुकसान झेलना पड़ा। अरबपतियों व कुलीन वर्ग के साम्राज्य को हिलाने की जरूरत पर जोर देने वाली कंपनी के इस फैसले से खुश होने वाले भले ही चुनिंदा हैं मगर हतप्रभ रहने वाले लाखों हैं। असल में यह फैसला उसे क्यों लेना पड़ा, जब तक यह स्पष्ट नहीं हो जाता, हर कोई अपने-अपने कयास लगाता रहेगा। दुनिया भर को अपने निशाने पर रखने वाले एंड़रसन ने अभी अपनी भविष्य की योजनाओं के भी स्पष्ट संकेत नहीं दिए हैं। हो न हो, वह बड़ी तैयारी से कुछ अनोखा ही कर दिखाएंगे।

## चिंतन-मनन

### ईश्वरीय सिद्धांत

तीन अत्यन्त महत्त्वपूर्ण सिद्धांत व्यक्त होते हैं- यह जो संसार है परमात्मा से व्याप्त है, उसके अतिरिक्त सब मिथ्या है, माया है, भ्रम है, स्वप्न है। मनुष्य को उसकी इच्छानुसार सृष्टि संचालन के लिए कार्य करते रहना चाहिए। मनुष्य में जो श्रेष्ठता-शक्ति या सौन्दर्य है वह उसके दैवी गुणों के विकास पर ही है। मनुष्य जीवन के सुख और उसकी शांति के लिए इन तीनों सिद्धांतों का पालन ऐसा ही पुण्य-फलदायक है। ईश्वर उपासना मनुष्य का स्वाभाविक धर्म है। उपासना विकास की प्रक्रिया है।

संकुचित को सीमारहित करना, स्वार्थ को छोड़कर परार्थ की ओर अग्रसर होना मनुष्य के आत्मतत्त्व की ओर विकास की परंपरा है। पर यह तभी संभव है जब सर्व-शक्तिमान परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर लें, उसकी शरणागति की प्राप्ति हो जाय। मनुष्य रहते हुए मानवता की सीमा को भेदकर उसे देवस्वरूप में विकसित कर देना ईश्वर की शक्ति का कार्य है। जान-बूझकर या अकारण परमात्मा कभी किसी को दंड नहीं देता। प्रकृति की स्वच्छंद प्रगति प्रवृत्ति में ही सबका हित नियंत्रित है। जो इन प्राकृतिक नियमों से टकराता है वह बार-बार दुःख भोगता है और तब तक चैन नहीं पाता, जब तक वापस लौटकर फिर उस सही मार्ग पर नहीं चलने लगता है। भगवान भक्त की भावनाओं का फल तो देते हैं, किंतु उनका विधान सभी संसार के लिए एक जैसा ही है।

भावनाशील व्यक्ति भी जब तक अपने आप की सीमाएं नहीं पार कर लेता, तब तक अटूट विश्वास, दृढ़ निश्चय रखते हुए भी उन्हें प्राप्त नहीं कर पाता। अपने से विमुख प्राणियों को भी वे दुःख-दंड नहीं देते। मनुष्य का विधान तो देश, काल और परिस्थितियों वश बदलता भी रहता है, किंतु उसका विधान सदैव एक जैसा ही है। भावनाशील व्यक्ति भी उसकी चाहे कितनी ही उपासना करे- सांसारिक कर्त्तव्यों की अवहेलना कर या दैवी-विधान का उल्लंघन कर कभी सुखी नहीं रह सकता। जैसा कर्म-बीज वैसा ही फल, यह उसका निश्चल नियम है। सुख और दुःख, बंधन और मुक्ति मनुष्य के कर्मो के अनुसार ही प्राप्त होते हैं। दुष्कर्मो का फल भोगने से मनुष्य बच नहीं सकता। अपनी तुच्छ सत्ता को परमात्मा की शरणागति में ले जाने से मनुष्य अनेकों कष्ट- कठिनाइयों से बच जाता है। गृहपति की अवज्ञा करके जिस तरह घर का कोई भी सदस्य सुखी नहीं रह सकता, उसी प्रकार परमात्मा का विरोधी भी कभी सुखी या संतुष्ट नहीं रह सकता।

# केजरीवाल के लिए कांग्रेस ने बढ़ाई चुनौती



दिलीप कुमार पाठक



पिछले दो विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद अपनी सत्ता गँवा चुकी कांग्रेस इस बार अपनी खोई हुई जमीन तलाशने के लिए मजबूती से चुनाव लड़ रही है। कई चुनावो बाद कांग्रेस की जोरदार सक्रियता ने कांग्रेस कार्यकताओं को जुनून और जोश से भर दिया है। अब दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। दिल्ली में कांग्रेस के उम्मीदवार इस समय लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की डिमांड सबसे ज्यादा कर रहे हैं। हाल ही में वायनाड लोकसभा सीट से जीतकर सांसद बनी प्रियंका गांधी वाड्रा के भी चुनाव प्रचार में उतरने की संभावना प्रबल हो चुकी है। इस बार मुख्य आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच मुकाबला माना जा रहा है, लेकिन कांग्रेस की वापसी की चर्चा हर ओर है। पिछली बार साल 2020 में 5% से भी कम वोट लाने वाली कांग्रेस इस बार कितना वोट ला पाएगी? इस बार दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी? यह भविष्य में तय होगा। 2015 और 2020 में कांग्रेस दिल्ली में खाता नहीं खोल पाई थी, इसीलिए कांग्रेस इस बार देश की राजधानी में अपने सर्वाइवल की लड़ाई लड़ रही है। अब जबकि सभी 70 सीटों के लिए प्रत्याशियों का चेहरा साफ हो गया है, ऐसे में कांग्रेस के कैंपेन और उसके चुनाव प्रचार पर सबकी नजर है। प्रदेश कांग्रेस और उम्मीदवारों की तरफ से राहुल और प्रियंका की रैली और रोड शो को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है। इन दोनों नेताओं की पूरी दिल्ली में लगभग एक दर्जन कार्यक्रम करवाने की तैयारी है, जिसमें सभाएं और रोड शो शामिल हैं।

सबकी नजर इन दिनों नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र पर है। ये सीट काफी हाई प्रोफाइल बन गई है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी उम्मीदवार हैं। रोचक बात यह है कि कांग्रेस ने पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को यहां मैदान में उतारा है। संदीप दीक्षित पूर्व लोकप्रिय मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे हैं। शीला 2013 से पहले लगातार तीन बार इसी नई दिल्ली सीट से विधायक रहीं। इन दिनों नई दिल्ली विधानसभा सीट पर राहुल गांधी का रोड शो करवाए जाने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल, रूट को तय किया जा रहा है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार की शुरूआत हो गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछले हफ्ते सीलमपुर में पहली रैली कर चुके हैं, और मुस्लिम बहुल उस इलाके में राहुल गांधी बीजेपी पर तो बरसे ही थे, साथ ही आम आदमी पार्टी और खासतौर पर पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल पर भी कई सवाल उठाए थे। अब ऐसी कोशिश की जा रही है कि राहुल गांधी आने वाले हफ्ते से ऐसे इलाकों में प्रचार करने पहुंचें, जहां पार्टी को अपने रिवाइवल की उम्मीद सबसे ज्यादा है। इस बीच, उम्मीदवारों को साफ तौर पर कहा गया है कि वे घर-घर जाकर जनसंपर्क करें। खासतौर पर उम्मीदवारों को हिदायत दी गई है कि कांग्रेस ने जिन पांच वादों को लोगों के सामने रखा है, उसे हैंड बिल और पोस्टरों के जरिए घर-घर पहुंचाया जाए।

कालका जी सीट भी बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यहां से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी चुनाव लड़ रहीं हैं तो कांग्रेस ने ऑल इंडिया कांग्रेस महिला कमेटी की अध्यक्ष चर्चित चेहरा अल्का लांबा को मैदान में उतार दिया है। वहीँ भाजपा ने रमेश विधूड़ी को उतारा है रमेश विधूड़ी दोनों दिग्गज महिला नेताओ के विरुद्ध निजी कटाक्ष करते हुए चर्चा में बने हुए हैं, लेकिन रमेश विधूड़ी के अभद्र बयान भाजपा को काफी नुकसान पहुचाने वाले हैं यह तय है। रमेश विधूड़ी पहले भी ऐसे आपत्तिजनक टिप्पणी करते रहे हैं। अभद्र बयान देने वाले शहजाद पूनावाला ने तो माफी मांग ली है, लेकिन रमेश विधूड़ी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

पिछले दो चुनावों में खाता भी न खोल पाने वाली कांग्रेस इस बार दिल्ली में अपने अस्तित्व को पुनः कायम करने के लिए लड़ रही है। वहीँ आम आदमी पार्टी दो बार प्रचंड बहुमत प्राप्त करने वाली इस बार वो बहुमत प्राप्त नहीं कर पाएगी यह तय लग रहा है। अगर कांग्रेस पुनः जनता से सम्बन्ध कायम कर सकी तो 07-10 सीटें जीत सकती है, वहीँ भाजपा का भी ग्राफ बढ़ने के चांस हैं। गुजरात, हरियाणा में कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने वाली आम आदमी पार्टी को अब दिल्ली में कांग्रेस, केजरीवाल कम्पनी एवं आम आदमी पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे हैं। जाहिर है कांगेस सरकार तो नहीं बना पाएगी लेकिन केजरीवाल को कमजोर कर सकती है। बहुत मुमकिन है केजरीवाल बहुमत भी खो सकते हैं। इसलिए ही केजरीवाल ने इंडिया के बड़े नेताओ का समर्थन हासिल करते हुए कांग्रेस पर दबाव बनाया था कि कांग्रेस दिल्ली चुनाव में सक्रिय न रहे, लेकिन कांग्रेस ने किसी की भी बात न मानते हुए इस बार केजरीवाल को गच्चा देने का मन बना चुकी है। दिल्ली चुनाव में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं है, लेकिन पाने के लिए बहुत कुछ है। यही कारण है कि केजरीवाल के लिए भाजपा से कहीं अधिक कांग्रेस चिंता का सबब बनी हुई है।

# महाकुंभ : स्वच्छ गंगा और महिला सशक्तिकरण




मो. नजीब अहसन



21वीं सदी का यह दौर मानवता के इतिहास में एक ऐसा समय है, जब दुनिया भर में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन तेजी से हो रहे हैं। ऐसे में जब भी बात महिलाओं के अधिकारों और उनके सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक सशक्तिकरण की होती है, तो यह एक ऐसे संघर्ष की कहानी बयां करता है, जो सदियों से चली आ रही है। विश्व के कई देशों में आज भी महिलाएं समानता, स्वतंत्रता और अपने मौलिक अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ रही हैं। अलबत्ता इस वैश्विक संघर्ष के बीच भारत ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई इबारतें लिखी हैं और अनोखी पहचान बनाई है। इस लिहाज से भारत की चर्चा का खास मह'व है। महिलाओं की सहभागिता और योगदान ने यहां के पारंपरिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक तानेझ्रबाने को मजबूती दी है।

मौजूदा संदर्भ में बात करें तो भारत का परिदृश्य बदल चुका है। यह बदलाव केवल महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं, बल्कि समाज और देश की प्रगति के लिए एक नये युग की शुरू आत का संकेत है। भारत में महिला सशक्तिकरण की कहानी केवल संघर्ष और चुनौतियों तक सीमित नहीं है। यह वह समय है, जब भारतीय महिलाएं परंपरा और आधुनिकता के संतुलन को साधते हुए अपनी पहचान को नये सिरे से गढ़ रही हैं। इस दौर में जब वैश्विक मंच पर महिला सशक्तिकरण की बातें हो रही हैं, भारत ने न केवल अपनी महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया हैङ्क बल्कि यह दिखाया है कि बदलाव संभव है। एक ऐसा ही उदाहरण है, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) का ऑलझ्रविमेन राफ्टिंग अभियान, जो एक प्रेरणादायक बदलाव का प्रतीक बनकर उभरा है। यह ऐतिहासिक पहल पुरुोषों के वर्चस्व वाले क्षेत्र में महिलाओं की साहसिक दस्तक है, जो न केवल परंपराओं को चुनौती देती है, बल्कि नये आयाम भी गढ़ती है। उत्तराखंड के गंगोत्री से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर तक 2,500 किलोमीटर की यात्रा न केवल साहसिक हैङ्क बल्कि प्रेरणादायक भी। यह अभियान उन्हें साहसङ्क सामूहिकता और नेतृत्व की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ गंगा के प्रवाह को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि लोगों के दिलों में उसकी पवित्रता और महत्ता की लौ जलाना भी है। गंगा, जो भारतीय जनमानस के लिए मात्र एक जलधारा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता का भी प्रतीक है। पर बीते दशकों में बढ़ते प्रदूषण और अतिक्रमण के कारण यह जीवनरेखा काफी चुनौतियों का सामना कर रही है। गंगा के किनारे रहने वाले हर नागरिक को यह समझने की आवश्यकता है कि उनकी छोटी-छोटी आदतें, जैसे प्लास्टिक का उपयोग बंद करना, गंगा के तटों की सफाई बनाए रखना और जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग, गंगा के संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकती हैं। गंगा और उसकी सहायक नदियों के कायाकल्प के इस संकल्प में महिलाओं की भागीदारी समाज को यह संदेश देती है कि नदी संरक्षण सिर्फ एक जिम्मेदारी नहींङ्क बल्कि एक पवित्र आंदोलन है। गंगा का संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं और नीतियों पर निर्भर नहीं हो सकता। यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें समाज के हर वर्ग को अपनी भूमिका निभानी होगी। इस अभियान के दौरान महिलाओं ने गंगा के किनारे बसे समुदायों के साथ बातचीत की और उन्हें जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। वेटलैंड्स का दौरा, घाटों पर संवाद, और जल संरक्षण पर आधारित क्विज जैसे कार्यक्रमों ने गंगा संरक्षण की दिशा में सामूहिक चेतना को बढ़ावा दिया। अभियान इस बात को भी रेखांकित करता है कि गंगा का संरक्षण केवल पर्यावरणीय सुधार नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। जब हम गंगा को साफ रखने की बात करते हैं, तो इसका अर्थ केवल प्रदूषण को रोकना नहीं, बल्कि समग्र पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखना भी है।

यह अभियान इस दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। इस अभियान ने महिलाओं को एक नई पहचान दी है। इसके माध्यम से यह संदेश स्पष्ट है कि महिलाएं समाज में किसी भी भूमिका को निभाने में सक्षम हैं, चाहे वह नेतृत्व हो, संरक्षण हो या समाज में बदलाव लाने की जिम्मेदारी। महिला सशक्तिकरण केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है; यह समाज की प्रगति और स्थिरता का आधार भी है। अपनी रोमांचक यात्रा के दौरान, राफ्टिंग दल ने पांच राज्यों के विभिन्न जिलों में स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर नदियों के किनारों को संवारने का संकल्प लिया। इस अभियान ने स्वच्छता का ऐसा महोत्सव रचा, जिसमें हर आयु और वर्ग के लोग प्रेरणा और उत्साह से भर उठे। यह यात्रा सिर्फ रोमांच और चुनौतियों से भरा एक अनुभव नहीं थी, बल्कि नदियों के प्रति सम्मान और समुदायों के बीच एकता की एक नई धारा प्रवाहित करने का प्रयास है।



# नए बंगले में जल्द गृह प्रवेश करेंगे विराट-अनुष्का

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली इन दिनों भारत में हैं और लगातार किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं. इसी बीच स्टार कपल को हाल ही में अलीबाग स्थित अपने नए घर की तरफ जाते हुए देखा गया. इसी बीच विराट-अनुष्का का नया वीडियो सामने आया है, जिसने उनके फैंस के बीच उत्साह बढ़ा दिया है. इस नए वायरल वीडियो में विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के अलीबाग वाले नए बंगले को दिखाया गया है, जिसे गृह प्रवेश पार्टी से पहले फूलों से सजाया जा रहा है. यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. अलीबाग बंगले में गृह प्रवेश की तैयारियों में जुटा स्टार कपल

इंटरनेट पर वायरल हो रहा विराट-अनुष्का के नए घर का नया वीडियो पैपराजी वरिंदर चावला के इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया गया है. इस वीडियो में स्टार कपल के अलीबाग स्थित नए बंगले का सामने का दरवाज़ा दिखाई दे रहा है, जो फूलों से सजा हुआ है. ऐसे में इस वीडियो के सामने आने के बाद अंदाजा लाया जा रहा है, कि यह गृहप्रवेश पार्टी की तैयारी का संकेत है.

### गेटवे ऑफ इंडिया पर स्पॉट हुए पूजा सामग्री के साथ पुजारी

आपको बता दें कि इसके पहले गेटवे ऑफ इंडिया स्थित फेरी टर्मिनल का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कई लोग एक पुजारी के साथ पूजा सामग्री को स्पीडबोट पर लादते हुए दिखाई दे रहे थे. जिसके बाद से ही विराट और अनुष्का के फैंस यह कयास लगा रहे हैं, कि कपल अलीबाग में अपने नए घर में गृह प्रवेश की तैयारियों में जुटा हुआ है.

### आलीशान बंगले में स्विमिंग पूल का भी लुत्फ उठाएंगी अनुष्का

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विराट कोहली ने साल 2023 में अलीबाग में एक आलीशान विला खरीदा था, जो 2000 वर्ग फीट में बना हुआ है और इसकी कीमत लगभग 6 करोड़ रुपए है. इस विला में 400 वर्ग फुट का स्विमिंग पूल है. इसके अलावा उन्होंने कपल ने अलीबाग में 19.24 करोड़ रुपए में एक फार्महाउस भी खरीदा है.

## Allu Arjun की फिल्म पर आया सबसे बड़ा अपडेट

# Pushpa 3 में किन चीजों को खास बनएंगे डायरेक्टर सुकुमार?



**अल्लू** अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. फिल्म आज भी लगातार कमाई कर रही है, जिस वजह से कास्ट से लेकर मेकर्स तक खुश है. कुछ समय पहले ही अपडेट आया था कि मेकर्स फिल्म का तीसरा पार्ट भी बनाने वाले हैं. पुष्पा 2 की एंडिंग में फिल्म के तीसरे पार्ट का हिंट दिया गया है और अब इस फिल्म पर बड़ा अपडेट आ गया है

. फिल्म पुष्पा के दोनों पार्ट का हिस्सा कंपोजर देवी प्री प्रसाद भी रहे हैं और अब वह फिल्म के तीसरे पार्ट का हिस्सा भी रहने वाले हैं. उन्होंने पुष्पा 3 पर बड़ा अपडेट दिया है.

देवी श्री प्रसाद ने पुष्पा 3 को लेकर बड़ा अपडेट दिया है. उन्होंने बताया है कि फिल्म पुष्पा 2 के जबरदस्त क्रेज को देखते हुए सुकुमार इस फिल्म पर बिना वक्त गवाए अब काम कर रहे हैं. उनका पूरा फोकस फिल्म के एक-एक सीन और कहानी पर है. इस बार पुष्पा 3 में कई चीजें सेट की जाएंगी. तीसरे पार्ट के लिए हम लोगों के पास बहुत सारे आइडियाज हैं और जिन्हें पूरा करने पर एक शेप मिलेगा. फिल्म पुष्पा 2 के सक्सेस पर देवी श्री प्रसाद ने कहा कि मैं फिल्म के डायरेक्टर सुकुमार का, अल्लू अर्जुन , प्रोड्यूसर्स और जो भी लोग इस फिल्म के दोनों पार्ट का हिस्सा थे. मैं भाषा और लिरिस्ट में कॉन्ट्रिब्यूशन देने वाले लोगों का भी शुक्रगुजार हूं. इसके आगे पुष्पा 2 के ग्रैंड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर देवी श्री प्रसाद ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो हम लोगों को पता था कि पुष्पा के पाद पुष्पा 2 जरूर हिट होगी. इस फिल्म से लोगों को काफी ज्यादा उम्मीदें थीं और इसी वजह से हमारे सामने कई सारे चैलेंजेस भी थे, लेकिन हमें इस फिल्म के लिए दुनिया भर से लोगों का प्यार मिला. फिल्म ने तुलुगू, हिंदी, कन्नड़ और बाकी भाषाओं में तो कमाल ही कर दिया. यहां तक कि महाराष्ट्र, कश्मीर, नेपाल और कई देशों से भी अपार प्यार मिला. जिसके लिए शुक्रगुजार हूं.

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने रूपाली गांगुली मामले पर सुनाया फैसला



ईशा वर्मा और रूपाली गांगुली के बीच चल रहे विवाद में बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। इस मानहानि मामले पर रुपाली को राहत मिली है। बॉम्बे हाइकोर्ट ने अभिनेत्री रूपाली गांगुली को उनकी सौतली बेटी ईशा वर्मा के मानहानि मामले में राहत दे दी है। अदालत ने प्रतिवादियों और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को रूपाली के बारे में अपमानजनक सामग्री प्रकाशित होस्ट और साझा करने से रोक दिया। आरोप लगे कि रूपाली गांगुली के पति की पहली शादी से बेटी ईशा वर्मा हैं। उन्होंने अभिनेत्री की प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए लगातार पोस्ट किए।

**पीठ ने सुनाया ये फैसला**

बॉम्बे हाई कोर्ट की एकलपीठ ने रूपाली की याचिका में पेश किए गए साक्ष्यों की समीक्षा की। सोशल मीडिया पोस्ट साक्षात्कार और लेखों का संकलन शामिल था। इसमें मानहानि करने वाले बयान शामिल थे। इसमें सोशल मीडिया पोस्ट साक्षात्कार और कई लेख भी शामिल थे। पीठ ने पाया कि यह सामग्री पहली नजर में ही अपमानजनक हैं। नोटिस दिए जाने के बाद भी ईशा वर्मा अदालत में पेश नहीं हुईं। पीठ ने रूपाली गांगुली के खिलाफ कोई भी अपमानजनक पोस्ट, वीडियो या सामग्री प्रकाशित करने पर रोक लगाई।



# Baahubali के डायरेक्टर संग काम करने हैदराबाद पहुंचीं Priyanka

**बॉलीवुड** की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड में काम कर रही हैं, लेकिन अब वह भारतीय फिल्मों में वापसी करने के लिए तैयार हैं. प्रियंका काफी सालों से किसी भी बॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आई हैं, लेकिन बीते दिनों ही खबर आई थी कि प्रियंका चोपड़ा ने बाहुबली के डायरेक्टर एसएस राजामौली से हाथ मिलाया है. वह राजामौली की एक फिल्म में नजर आने वाले हैं. इन सब खबरों के बीच प्रियंका चोपड़ा इंडिया लौट आई हैं. उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देख फैंस भी खुश हो गए हैं. दरअसल, प्रियंका चोपड़ा को हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है. एक्ट्रेस के इस मौके से एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में प्रियंका कैजुअल लुक में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने ब्राउन कलर की हुडी और लॉअर पहना है. साथ में उन्होंने अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए एक टॉपी भी पहनी है. प्रियंका एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए नीचे देखकर चल रही हैं. प्रियंका वीडियो में पैपराजी को देखकर स्माइल को करती दिख रही हैं, लेकिन एक्ट्रेस ने एयरपोर्ट पर रुककर एक भी पोज नहीं दिया. सोशल मीडिया पर उनका वीडियो वायरल हो रहा है. फैंस अब प्रियंका के हैदराबाद आने की वजह पूछ रहे हैं. कई लोगों का मानना है कि वह राजामौली की फिल्म में काम करने ही यहां पर आई हैं.

# अभिनेत्री के साथ पटकथा लेखिका भी हैं हनी ईरानी



**हनी** ईरानी भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का एक महत्वपूर्ण नाम है। अभिनेत्री के साथ वह पटकथा लेखिका और फिल्म निर्देशक भी हैं। हनी ईरानी ने अपनी फिल्मी यात्रा की शुरुआत बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने कई फिल्मों में छोटी भूमिकाएं निभाई, जिनमें यार की प्यास (1961), चिराग कहां रोशनी कहां और बॉम्बे का चोर जैसी फिल्में शामिल हैं। हनी ईरानी का परिवार का भारतीय सिनेमा में बड़ा योगदान है। वह एक ऐसे फिल्मी परिवार से आती हैं, जहां सिनेमा के हर पहलू में उनके परिवार के लोगों की भूमिका रही है। उनकी संतानें भी बॉलीवुड में अपनी पहचान बना चुकी हैं। हनी ईरानी का जन्म एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था, जिसमें उनके पांच भाई-बहन मेनका ईरानी, बनी ईरानी, सरोश ईरानी, और डेजी ईरानी थे।

# वरुण धवन ने शुरू की बॉर्डर 2 की शूटिंग




**अनुराग** सिंह द्वारा निर्देशित बॉर्डर 2 की शूटिंग बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने शुरू कर दी है। फिल्म के निर्माताओं ने पोस्ट साझा करते हुए इसकी जानकारी दी है। वरुण धवन ने आखिरकार अपनी आगामी देशभक्ति एक्शन फिल्म बॉर्डर 2 के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग का पहला चरण उत्तर प्रदेश के झांसी में हो रहा है। फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिलहाल वे लोग शूटिंग में शामिल नहीं हुए हैं।

झांसी के सैन्य छावनी क्षेत्र में स्थापित बॉर्डर 2 का उद्देश्य अपनी मनोरंजक कहानी, एक्शन सीन्स के साथ सच्ची घटनाओं को पर्दे पर दिखाना है। इंस्टाग्राम पर निर्माताओं ने बॉर्डर 2 के सेट से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वरुण निर्माता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अभिनेता को ग्रे टी-शर्ट और नीली जींस पहने देखा जा सकता है।

# अजय देवगन की सन ऑफ सरदार-2 की रिलीज डेट से उठा पर्दा

अजय देवगन स्टारर साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म सन ऑफ सरदार ने लोगों को एंटरटेन करने के साथ ही खूब हंसाया भी था. इस फिल्म में अजय के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आईं थीं. ऐसे में फैंस इस फिल्म के सीक्वल का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. हालांकि दर्शकों का ये इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है. अजय देवगन इस सन ऑफ सरदार 2 के साथ एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. जल्द ही यह मूवी थिएटर्स में दस्तक देने वाली है, क्योंकि इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठ चुका है.




ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज से डेट से पर्दा उठाते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है. तरण ने अपनी पोस्ट में लिखा, अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज डेट लॉक हो गई है... 25 जुलाई 2025 को यह फिल्म रिलीज होगी, जो साल 2012 में आई सन ऑफ सरदार की सीक्वल है. अजय देवगन और मृणाल ठाकुर स्टारर फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है.

# Saif Ali Khan पर हुए हमले पर फूटा Raveena Tandon का गुस्सा

### सेफ्टी पर उठा दिए सवाल

**गुरुवार** सुबह तड़के पटौदी खानदान के इकलौते वारिस और एक्टर सैफ अली खान पर हुए हमले ने हर किसी को हैरान कर दिया है. सैफ पर चाकू से हमले की खबर ने जहां हर किसी को हिलाकर रख दिया, वहीं अब बड़ी ही तेजी से इस पर सेलेब्स के रिएक्शन भी सामने आ रहे हैं. इसी बीच सैफ पर हुए हमले को लेकर एक्ट्रेस रवीना टंडन का गुस्सा भी फूटा है. उन्होंने सेलेब्स को टारगेट करने और बांद्रा की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं. सैफ पर हुए हमले को गंभीरता से लेते हुए रवीना टंडन ने इस पर रिएक्ट किया है. एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा, बांद्रा एक सेफ रिसेडेंशियल एरिया था, लेकिन अब यहां फेमस सेलेब्स और सॉफ्ट टारगेट को अपना निशाना बनाया जा रहा है. ये घटना बड़े पैमाने पर हो रही है. उन्होंने आगे लिखा, यहां क्रिमिनल बढ़ रहे हैं, बाइक्स पर तेजी से आने वाले फोन और चेन छीनकर भाग रहे हैं. यहां सख्त कदम उठाने की जरूरत है. वहीं एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में सैफ अली खान के जल्दी रिकवर होने की भी कामना की है.





# चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खराब फॉर्म से जूझ रहे सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ही चैंपियंस ट्रॉफी के मैदान टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे। बीसीसीआई टीम इंडिया को 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने वाले कप्तान के साथ टिकी हुई है। बीसीसीआई ने शनिवार दोहपर बाद एक बैठक में इंग्लैंड दौरे पर वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा कर दी। इसके लिए बीसीसीआई मुख्यालय में मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ कप्तान रोहित शर्मा एक संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 19 फरवरी से शुरू होनी है जोकि 9 मार्च तक चलेगा। इसके अलावा भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला भी खेलेगी।

**चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह। बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुना गया है।

**कौन नहीं है**

संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, ईशान किशन, शार्दुल ठाकुर टीम में नहीं है। शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर है।

**ए ग्रुप में है भारतीय टीम**

टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी धारक और मेजबान पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में क्रिकेट विश्व कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।



**टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

**आईसीसी मैंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 शेड्यूल**

19 फरवरी : पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड
20 फरवरी : भारत बनाम बांग्लादेश
21 फरवरी : अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका
22 फरवरी : ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड
23 फरवरी : भारत बनाम पाकिस्तान
24 फरवरी : बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड
25 फरवरी : ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ़्रीका
26 फरवरी : अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड
27 फरवरी : पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश
28 फरवरी : ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान
1 मार्च : इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका
2 मार्च : भारत बनाम न्यूजीलैंड
4 मार्च : सेमीफाइनल 1 बनाम सेमीफाइनल
5 मार्च : सेमीफाइनल 2 बनाम सेमीफाइनल
9 मार्च : फाइनल (सभी मैच दोपहर अढ़ाई बजे शुरू होंगे।)

# इंडिया ओपन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग, सिंधु और किरण हारे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी इंडिया ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। युगल में सात्विक और चिराग ने लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनायी है। इस जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के योंग जिन और कांग मिन ह्युक को 21-10, 21-17 से हरा दिया। वहीं शादी के बाद महिला एकल में उतरीं पीवी सिंधु हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। संधु के अलावा किरण जॉर्ज भी हार के साथ ही बाहर को गये हैं।

सिंधु को पेरिस ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग ने 21-9, 19-21, 21-17 से हराया जबकि चीन के वेंग होंग यांग ने किरण को पुरुष एकल मुकाबले में 21-13, 21-19 से हराया।

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने मुकाबले में हावी रही। इस जोड़ी ने अपने शुरुआती गेम में 9-1 की बढ़त हासिल की और फिर 18 मिनट में ही गेम अपने नाम किया। कोरियाई जोड़ी ने दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर देने का प्रयास किया पर सफल नहीं रही। अब सेमीफाइनल में सात्विक और चिराग का सामना इंडोनेशिया के तीसरी वरीयता प्राप्त सेजे फेई गोह और नूर इज्जुद्दीन की युगल जोड़ी से होगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सितांशु कोटक बन सकते हैं भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच



**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया दौर में भारतीय टीम की खराब बल्लेबाजी से चिन्तित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब टीम के लिए बल्लेबाज कोच रखने जा रही है। अभी भारतीय टीम में मुख्य कोच की जिम्मेदारी गौतम गंभीर के पास है जबकि चार सहायक कोच हैं हैं पर बल्लेबाजों को सलाह देने वाले की कमी महसूस की जा रही है। इसी को देखते हुए बीसीसीआई अब पूर्व क्रिकेटर सितांशु कोटक को बल्लेबाजी कोच बना सकता है।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच की दौड़ में कई बड़े नाम हैं और इसको लेकर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। टीम में अभी मोर्ने मोर्कल गेंदबाजी कोच हैं, जबकि अभिषेक नायर असिस्टेंट कोच, रेयान टेन डोशेटे असिस्टेंट कोच हैं और टी. दिलीप फील्डिंग कोच हैं। बीसीसीआई की हाल में हुई आम बैठक में कोचिंग स्टाफ को लेकर बात हुई थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार सौराष्ट्र की कप्तानी करने वाले 52 वर्षीय पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज सितांशु इंडिया-ए टीम के मुख्य कोच हैं और जसप्रीत बुमराह की कप्तानी वाली टीम के 2023 में आयरलैंड दौरे पर भी मुख्य कोच थे। सितांशु घरेलू क्रिकेट में एक बेहतरीन खिलाड़ी रहे थे (उन्होंने 1992-93 से 2013 तक खेला था), इसमें उन्होंने 130 प्रथम श्रेणी मैचों में 41.76 की औसत से 8061 रन बनाए, जिसमें 15 शतक और 55 अर्धशतक शामिल हैं। इसी कारण बल्लेबाजी कोच के लिए सितांशु के नाम पर भी ज्यादा विचार हो रहा है। बीसीसीआई का मानना है कि हाल में भारतीय टीम को मिली हार के पीछे कमजोर बल्लेबाजी कारण रही और इसे दूर करने बल्लेबाजी कोच की सबसे अधिक जरुरत है।

# विराट और राहुल नहीं खेलेंगे रणजी ट्रॉफी , बीसीसीआई को बताया कारण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाजी विराट कोहली ने चोटिल होने के कारण रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने का फैसला किया है। विराट के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल भी रणजी ट्रॉफी नहीं खेलेंगे। इन दोनो ही खिलाड़ियों ने चोटिल होने के कारण खेलने से इंकार किया है। दोनो ने ही इस फैसले की जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को भी दे दी है। इससे पहले बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए सभी खिलाड़ियों के लिए घरेल क्रिकेट खेलना अनिवार्य कर दिया था। बीसीसीआई ने कहा था कि अगर खिलाड़ी फिट हैं और राष्ट्रीय टीम से नहीं खेल रहे हैं तो उनके लिए घरेलू क्रिकेट में शामिल होना जरुरी है। साथ ही कहा था कि जो भी खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेलेगा उसे राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिलेगी। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार कोहली ने गर्दन जबकि राहुल ने कोहनी में दर्द होने के कारण रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने का फैसला किया है। दोनों ने अपनी-अपनी चोट के बारे में बीसीसीआई की मेडिकल टीम को भी बता दिया है। रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर की शुरुआत 23 जनवरी से हो रही है।



कोहली को गर्दन में दर्द था और इसी कारण सिडनी में उतरने से पहले उन्हें इंजेक्शन लगाया गया था। कोहली ने बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ को बताया कि उन्हें अभी भी दर्द हो रहा है, जिसके चलते उन्हें राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के मैच से बाहर होना पड़ा। वहीं राहुल की कोहनी में चोट है, जिसके कारण वह बेंगलुरू में पंजाब के खिलाफ कर्नाटक के मैच से बाहर रहेंगे।

कोहली और राहुल अगर फिट होते हैं तो 30 जनवरी से शुरू हो रहे अगले मुकाबले में खेल सकते हैं। इससे इन्हें इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज में भी लाभ होगा।

## पांड्या से उपकप्तानी वापसी लिए जाने से हैरान हैं कार्तिक

मुम्बई ।अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इस बात से हैरान हैं कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अचानक ही कैसे उपकप्तानी की दौड़ से गायब हो गये हैं।कुछ समय पहले तक पांड्या उपकप्तान थे पर इसके बाद एकदम से स्थिति बदल गयी।उन्हें टी20 विश्व कप के बाद से ही इस प्रारुप की कप्तानी से हटा दिया गया है।इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में उनकी जगह पर अक्षर पटेल को उप-कप्तान गया है।वहीं पहले पांड्या को भावी कप्तानी माना जा रहा था।कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में उन्होंने कई मैचों में टीम इंडिया की कमान संभालते हुए जीत दिलायी थी पर विश्वकप कप 2023 में चोटिल होने के बाद से ही उनको नेतृत्व के लिए उपयुक्त नहीं समझा गया।यही कारण है कि 2024 विश्व कप जीतने के बाद जब रोहित ने संन्यास लिया तो हार्दिक की जगह पर सूर्यकुमार यादव को टीम का नया कप्तान बनाया गया।इस फैसले को लेकर कहा गया कि हार्दिक की फिटनेस कई बार खराब रहती है पर टीम के लिए ऐसा कप्तान चाहिये जो अधिकतर मैच खेल सके।इसी कारण उन्हें टी20 टीम का उप-कप्तान भी नहीं बनाया गया है।

# इंडिया ओपन 2025 : बीमार पड़ने के बाद डेनिश बैडमिंटन खिलाड़ी ब्लिचफेल्ट ने की दिल्ली स्टेडियम की आलोचना

नई दिल्ली ।बैडमिंटन की विश्व नंबर 23 खिलाड़ी डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दौरान दिल्ली और इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम की स्थितियों की कड़ी आलोचना की।गुरुवार को महिला एकल के दूसरे दौर में हारने वाली ब्लिचफेल्ट ने दिल्ली में स्टेडियम की स्थिति और प्रदूषण पर निराश व्यक्त की है।ब्लिचफेल्ट को लगता है कि, इसके कारण उनकी सारी तैयारी बर्बाद हो गई क्योंकि वह लगातार दूसरे साल टूर्नामेंट के दौरान बीमार पड़ गईं। ब्लिचफेल्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा कि,आखिरकार भारत में एक लंबे और तनावपूर्ण सप्ताह के बाद आखिरकार घर पहुंच गई हूं।यह लगातार दूसरा वर्ष है जबकि इंडिया ओपन के दौरान मैं बीमार पड़ गई थी।यह स्वीकार करना वाकई मुश्किल है कि कई हफ्तों की मेहनत और तैयारी खराब परिस्थितियों के कारण बर्बाद हो जाती है। यह किसी के लिए भी उचित नहीं है कि हमें धुंध, कोर्ट पर पक्षियों द्वारा फैलाई गई गंदगी और हर तरफ गंदगी के बीच अभ्यास करना और खेलना पड़ा। साथ ही डेनमार्क की इस खिलाड़ी ने विश्व बैडमिंटन महासंघ को टैग करते हुए लिखा कि, इस तरह की स्थितियां स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और अस्वीकार्य हैं।मुझे खुशी है कि मैं पहले दौर में जीत हासिल करने में सफल रही और दूसरे दौर में भी मैंने अच्छा खेल दिखाया लेकिन जिस तरह की स्थिति थी उससे मैं संतुष्ट नहीं हूं। ब्लिचफेल्ट ने पहले क्षक्ष्स्त्र मीडिया को बताया कि वह पेट में संक्रमण से पीड़ित हैं और मंगलवार रात भार उल्टियां करती रहीं।



# इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज से पहले तीन अभ्यास मैच खेलेगी भारतीय टीम



मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम जून में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले चार दिन के तीन मैच भी खेलेगी। ये मैच इसलिए रखे हैं ताकि खिलाड़ियों को लाल गेंद से खेलने का अनुभव हो सके।इन मैचों की तारीखें हालांकि अभी तय नहीं हुई हैं।भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे में 20 जून से लीड्स में पहला टेस्ट खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की बेहतर तैयारी के लिए अभ्यास मैच जरुरी हैं। बोर्ड ने ये फैसला इसलिए भी लिया है क्योंकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारतीय टीम बिना अभ्यास मैच के उतरी थी और उसे दोनो में ही करारी हार का सामना करना पड़ा था। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि कि अभयास मैचों से खिलाड़ियों को इंग्लैंड के हालात से तालमेल बिठाने में सहायता मिलेगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के ऑस्ट्रेलिया में खराब प्रदर्शन के बाद अब घरेलू क्रिकेट में स्टार भारतीय बल्लेबाजों को भी खेलने को कहा गया है।इस अधिकारी ने कहा कि हमारे पास अब बहुत ज्यादा लाल गेंद के मैच नहीं हैं क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के तुरंत बाद आईपीएल शुरू हो जाएगा।ऐस में बिना कियी अच्छी तैयारी के टीम को किसी अहम सीरीज में भेजना सही नहीं है क्योंकि इंग्लैंड में खेलना आम तौर पर बल्लेबाजों के लिए कठिन होता है।

# इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो एकदिवसीय मैचों से बुमराह बाहर , हर्षित शामिल

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह फिट नहीं होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो एकदिवीय मैच नहीं खेलेंगे। ऐसे में उनकी जगह युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। चयन समिति क प्रमुख अजीत अगरकर ने कहा कि बुमराह अभी तक अपनी पीठ की एंठन से पूरी तरह से नहीं उबरे हैं। इसलिए उन्हें पहले दोनो ही मैचों के लिए आराम दिया गया है। बुमराह इस सीरीज के बाद होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेंगे।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ मीडिया से बात करते हुए अगरकर ने कहा, ''बुमराह को पांच सप्ताह के लिए आराम करने को कहा गया है जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो एकदिवसीय के लिए उपलब्ध नहीं हो पायेंगे। हम उनकी फिटनेस का इंतजार कर रहे हैं और हमें मेडिकल टीम से उनकी स्थिति के बारे में फरवरी की शुरुआत में पता चलेगा।''




गौरतलब है कि पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ही बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के पांचवें दिन गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। भारतीय टीम छह, नौ और 12 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच नागपुर , कटक और अहमदाबाद में खेलेगी।

**एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, शुभमन गिल (उपकप्तान), श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्?वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा।

## हां ना हां... आखिर लगी मुहर, रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की होगी सगाई, इसलिए अटकी बात

खेल डैस्क ।समाजवादी पार्टी की मछलीशहर से सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह की सगाई की खबर कंफर्म हो गई है।बीते दिन ही प्रिया के पिता तूफानी सरोज ने शादी के सिलसिले में रिंकू के पिता से बृहस्पतिवार को अलीगढ़ में बात की थी।सोशल मीडिया पर जब सगाई की खबरें आने लगी तो तूफानी सरोज ने इस बात को सिरे से नकार दिया था।उन्होंने कहा था कि अभी तो बात ही चली है।हम विचार करेंगे।शादी के मामले में जल्दबाजी अच्छी नहीं।बहुत कुछ सोच समझकर ही निर्णय लिया जाएगा।लेकिन अब शनिवार को उन्होंने जल्द सगाई होने की बात स्वीकार कर ली है।बताया जा रहा है कि तूफानी सरोज की रिंकू के पिता से बातचीत बीते वीरवार को अलीगढ़ में ही हुई थी।

**आईपीएल से पहले होगी सगाई–** रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की सगाई फिलहाल 13 फरवरी से पहले नहीं होगी।क्योंकि संसद का सत्र 30-31 जनवरी से शुरू हो रहा है, जो 13 फरवरी तक चलेगा।संसद सत्र के बाद सगाई और शादी की तारीख तय होगी।वहीं, रिंकू सिंह ने भी 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया को ज्वाइंन करना है।इसके बाद आईपीएल भी खेलेंगे।रिंकू कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के साथ जुड़े हैं।उन्हें आईपीएल नीलामी से पहले 13 करोड़ की डील मिली थी।



# लियोन ने ऑटोग्राफ वाला बल्ला दिव्यांग क्रिकेटरों की सहायतार्थ दान दिया

मेलबर्न ।ऑस्ट्रेलियाई ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने भारतीय टीम के तीन स्टार क्रिकेटरों विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और आर अश्विन के हस्ताक्षर वाला बल्ला दिव्यांग क्रिकेटरों की सहायता करने वाली संस्था को दान किया है। लियोन ने ये बल्ला ऑस्ट्रेलिया के सामाजिक प्रभाव साझेदार टावेरनेर्स को दान किया है।इसकी नीलामी से मिलने वाली राशि से दिव्यांग क्रिकेटरों की सहायता होगी। वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और लियोन ने स्वयं भी तीन बल्लों पर हस्ताक्षर किए थे। ये हस्ताक्षर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दौरान लिए गए थे।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सोशल मीडिया पर लिखा, '2025 राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप से पहले दिव्यांग क्रिकेटरों के लिए लियोन ने तीन विशेष बल्ले सीए के सामाजिक प्रभाव साझेदार टावेरनेर्स ऑस्ट्रेलिया को दान किए हैं। इसमें कहा गया, 'हर बल्ले के बीच में ब्रेल लिपि में स्टिकर लगाया गया है जिस पर लिखा है 'सभी के लिये खेल।इस पर ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय टेस्ट क्रिकेटरों के आटोग्राफ हैं। व इनकी नीलामी से मिलने वाली राशि दिव्यांग क्रिकेटरों की सहायता के लिये लगायी जाएगी। लियोन ने सोशल मीडिया परन इन बल्लों की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'दिव्यांग क्रिकेट के लिये पैसा एकत्र करने में हमारी सहायता कीजिए। हमारे पास आटोग्राफ वाले तीन बल्ले हैं ।एक पर पैट कमिंस और जसप्रीत बुमराह जबकि दूसरे पर स्टीव स्मिथ और विराट कोहली और तीसरे पर मेरे और आर अश्विन के आटोग्राफ हैं। लियोन को उम्मीद है कि इससे वह बड़ी रकम एकत्र कर सकेंगे।



# शमी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज की तैयारी कर रहे

मुम्बई ।अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी आजकल इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से शुरू होने वाली 5 मैचों की टी20 सीरीज की तैयारियों में लगे हैं।शमी को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया है और वह एक साल से अधिक समय के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे।वह एकदिवसीय विश्वकप 2023 के बाद से ही खेल से दूर थे। शमी ने अंतिम बार करीब 14 महीने पहले एकदिवसीय विश्व कप 2023 के दौरान मैच खेला था।शमी का प्रदर्शन तब शानदार रहा था पर वह इसी दौरान चोटिल हो गये थे।इस कारण उनकी एड़ी की सर्जरी हुई थी।शमी ने इससे उबरने के बाद घरेलू क्रिकेट में लय हासिल की।रणजी ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेलते हुए शमी ने मध्य प्रदेश के खिलाफ सात विकेट लिए।इसके बाद उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में भी खेला।



**इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का शैड्यूल**

पहला टी20 : 22 जनवरी (कोलकाता)
दूसरा टी20 : 25 फरवरी (चेन्नई)
तीसरा टी20 : 28 फरवरी (राजकोट)
चौथा टी20 : 31 जनवरी (पुणे)
पांचवां टी20 : 2 फरवरी (वानखेड़े/मुंबई)

# बीसीसीआई नियमों पर खिलाड़ी कन्फ्यूज, कप्तान रोहित शर्मा बोले- इस मुद्दे पर चर्चा तो होगी

**मुंबई (एजेंसी)।** मुख्य कोच गौतम गंभीर की सलाह पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा तैयार किए गए 10 सूत्री अनुशासनात्मक दिशा-निर्देशों में कुछ नियमों पर रोहित शर्मा को असमंजस है और भारतीय कप्तान इस मुद्दे पर बोर्ड सचिव देवाजीत सैकिया से चर्चा करने वाले हैं। बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर दिशा-निर्देशों की घोषणा नहीं की है, लेकिन मीडिया की खबरों में ये 10 सूत्री निर्देश सामने आ चुके हैं। नीति दस्तावेज में एक मुख्य विवाद पुराने दिनों की ओर लौटना है जब परिवारों को लंबे दौरों पर केवल 14 दिन के लिए अनुमति दी जाती थी। किसी भी बदलाव के लिए कोच गंभीर की मंजूरी की आवश्यकता होगी। यह समझा जाता है कि यह नियम टीम के खिलाड़ियों को अच्छा नहीं लगा है।

प्रेस कांफ्रेंस शुरू होने से पहले जब रोहित चयनकर्ताओं के अध्यक्ष अजीत अगरकर के पास बैठे थे तो उन्हें मुंबई के अपने पूर्व साथी से यह कहते हुए सुना गया कि अब मेरे को बैठना पड़ेगा सचिव के साथ। फैमिली-वैमिली का डिस्कस करने के लिए, सब मेरे को बोल रहे हैं यार। हर कोई (खिलाड़ी) मुझसे पूछ रहा है। रोहित की टिप्पणी मीडिया के लिए नहीं थी लेकिन यह 'माइक्रोफोन% में रिकॉर्ड हो गई जिसका मतलब समझना मुश्किल नहीं था। जब रोहित ने दिशा-निर्देशों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि आपको इन नियमों के बारे में किसने बताया? क्या यह बीसीसीआई के आधिकारिक हैंडल से आया है? इसे आधिकारिक तौर पर आने दें। हालांकि जब अगरकर ने बात की तो उन्होंने स्वीकार किया कि एक एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) मसौदा तैयार किया गया है।

अगरकर से पूछा गया कि आखिर क्या गलत हुआ कि टी20 विश्व कप जीतने के छह महीने के अंदर बीसीसीआई को उन्हीं खिलाड़ियों के साथ एक यात्रा नीति दस्तावेज की आवश्यकता पड़ गई? ऑस्ट्रेलिया की हार पर चर्चा करने वाली समीक्षा समिति की बैठक का हिस्सा रहे अगरकर ने कहा कि अगर हम इस पर बात करते रहेंगे तो शायद यह चर्चा जारी रहेगी। उन्होंने तर्क देने की कोशिश करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हर टीम के कुछ नियम होते हैं। हमने पिछले कुछ महीनों में कई चीजों के बारे में बात की है जिसमें आप एक टीम के रूप में सुधार कर सकते हैं। यह कोई स्कूल नहीं है। यह कोई सजा नहीं है।

अगरकर ने कहा कि बस इतना है कि आपके पास कुछ नियम होते हैं और जब आप राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते हैं तो आप उन नियमों का पालन करते हैं। ये परिपक्व खिलाड़ी हैं। वे अंतरराष्ट्रीय खेल में अपने आप में सुपरस्टार हैं। कई पूर्व खिलाड़ियों ने कहा कि ये नियम हमेशा से ही रहे हैं और अगरकर ने उन्हें 'प्रोटोकॉल% कहा है जिसका राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करते समय पालन करना होता है। उन्होंने कहा कि लेकिन आखिरकार आप अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कुछ चीजें ऐसी होती हैं जिनका आप स्वाभाविक रूप से पालन करते हैं जैसा कि हर टीम करती है। मुझे लगता है कि उनमें से बहुत से नियम लागू हैं।




अगरकर ने कहा कि हो सकता है कि हमने इस बारे में अभी बात की हो और इसे सामने रखा हो, लेकिन उनमें से बहुत से पहले ही लागू हो चुके हैं। अंत में टीम के अनुकूल क्या है, उसी के अनुसार आप इन्हें सुधारते रहते हैं। आप कोशिश करना चाहते हैं और तय करते हैं। रोहित के मुख्य कोच के साथ कामकाजी संबंधों के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं जिस पर कप्तान ने कहा कि एक बार जब वह खेल के मैदान में उतरते हैं तो वह बहुत स्पष्ट होते हैं। उन्होंने कहा कि हम दोनों (वह और गंभीर) इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट हैं कि हम क्या करना चाहते हैं। मैं यहां बैठकर यह चर्चा नहीं करने जा रहा हूं कि हर मैच के पीछे क्या रणनीति होती है लेकिन यह मेरे दिमाग में बहुत स्पष्ट है। रोहित ने कहा कि गौतम गंभीर एक ऐसे व्यक्ति हैं जो मैदान पर उतरने के बाद कप्तान के मैदान पर किए जा रहे काम पर भरोसा करते हैं।

## भारत-चीन बॉर्डर पर मौजूदा स्थिति पर आर्मी चीफ और केंद्र का रुख एक जैसा

नई दिल्ली । भारत-चीन बॉर्डर पर मौजूदा स्थिति को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस मुद्दे पर आर्मी चीफ और केंद्र सरकार का रुख एक जैसा ही है। दरअसल आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (चीन सीमा) पर स्थिति संवेदनशील है, लेकिन वर्तमान में कंट्रोल में बनी हुई है। टिप्पणी को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सेना प्रमुख ने जो कहा है और हमने जो रुख अपनाया है, उसके बीच हमें कोई विरोधाभास नहीं दिखता। जनरल द्विवेदी के हालिया बयानों के बारे में पूछने पर, जायसवाल ने कहा कि भारत-चीन सीमा मुद्दे पर सेना और विदेश मंत्रालय एक ही पृष्ठभूमि पर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर भी संसद में कह चुके हैं कि, एलएसी पर तनाव कम करने का काम अभी भी जारी है।

## किसान नेता डल्लेवाल की हालत नाजुक, बीती रात हुई 3-4 बार उल्टियां

पटियाला। पंजाब और हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन का शनिवार को 54वां दिन है। शुक्रवार रात को डल्लेवाल को 3-4 बार उल्टियां आईं। पहले वे 2 लीटर तक पानी पी रहे थे, लेकिन अब एक लीटर से भी कम पानी पी रहे हैं। खनौरी बॉर्डर पर 111 किसानों के साथ हरियाणा के 10 किसान भी अनशन पर बैठ गए। वहीं खनौरी और शंभू मोर्चे के नेताओं और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेताओं की पटियाला के पातड़ा में हुई है। बैठक में 26 जनवरी को होने वाले ट्रैक्टर मार्च को लेकर योजना बनाई गई। लेकिन सभी एसकेएम और शंभू-खनौरी बॉर्डर के नेताओं में एकता को लेकर फैसला नहीं हो सका। एसकेएम ने इसके लिए अभी और समय की मांग की है। एसकेएस नेता सोमवार को लोकसभा व राज्यसभा के सांसदों को ज्ञापन सौंपने वाले है। वहीं, सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि 21 जनवरी को 101 किसानों का जत्था फिर दिल्ली की तरफ कूच करेगा।

## सैटेलाइट पेलोड बैलून घर की छत पर गिरा... ग्रामीण हुए चिंतित

बेंगलुरु। कर्नाटक के बीदर जिले के जलसांगी गांव में सैटेलाइट पेलोड बैलून एक घर की छत पर गिरा। गांववालों ने बताया कि एयरबैग जैसे दिखने वाले बैलून में एक बड़ी मशीन लगी हुई थी। इससे लाल लाइट जल रही थी। गांववालों ने बताया कि राउंड स्पेसशिप की तरह दिखने वाले इस ऑब्जेक्ट के साथ एक पत्र भी मिला। इसमें कन्नड़ भाषा में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) बैलून सर्विस लिखा हुआ था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना होम्नाबाद पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पेलोड के गांव में लैंड होने की जानकारी टीआईएफआर को दी। टीआईएफआर की टीम पेलोड को कलेक्ट करने के लिए गांव पहुंच रही है। पुलिस ने बताया कि सैटेलाइट पेलोड बैलून टीआईएफआर ने एक्सपेरिमेंट के लिए उड़ाया था। यह कोई नई बात नहीं है, टीआईएफआर अक्सर इसतरह के एक्सपेरीमेंट करता रहता है। टीआईएफआर के मुताबिक, सैटेलाइट पेलोड बैलून एक बड़ा बैलून होता है, जो साइंटिफिक मशीनों के इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स को धरती से ऊपर वायुमंडल में ले जाता है। इसके बाद पेलोड को बैलून से फ्री कर दिया जाता है और पैराशूट से वापस धरती पर उतार लिया जाता है। संभावना है कि वापस उतारते समय ही यह पेलोड गांव में गिरा होगा।

## सैफ पर हमला मामला : एक और संदिग्ध को रेलवे पुलिस ने शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से हिरासत में लिया

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान पर हमले मामले में एक और संदिग्ध को रेलवे पुलिस फोर्स ने हिरासत में लिया है। आरपीएफ प्रभारी संजीव सिन्हा के मुताबिक, संदिग्ध को शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से हिरासत में लिया गया है। यह शख्स जनरल डिब्बे में बैठा था। इसकी पहचान मुंबई से भेजे गए, फोटो के आधार पर हुई है। रात 8 बजे मुंबई से टीम दुर्ग पहुंचेगी। इस मामले में पुलिस अब तक करीब 50 लोगों से पूछताछ कर चुकी है। मामले में 35 टीमें लगाई गई हैं, जो आरोपी का सुराग ढूंढने में लगी हुई हैं। वहीं, करीना कपूर का बयान दर्ज किया। लेकिन बयान शनिवार सुबह सामने आया। करीना ने बताया कि सैफ ने महिलाओं और बच्चों को बचाने की कोशिश की। वे बीच में आए तब हमलावर जहांगीर छोटे बेटे तक नहीं पहुंच पाया। हमलावार ने घर से कोई भी चीज नहीं चुराई।

## संभल में पुराने ऐतिहासिक मंदिरों का दर्शन करने पहुंचा 30 से 35 श्रद्धालुओं का जत्था

### -गाजियाबाद के हरनंदी महानगर से निजी वाहनों से आए

संभल । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर गाजियाबाद हरनंदी महानगर से श्रद्धालुओं का जत्था महानगर प्रचारक ललित शंकर के नेतृत्व में निजी वाहनों से संभल पहुंचा। जहां जत्थे में करीब 30 से 35 श्रद्धालु शामिल थे। नगर में पहुंचने पर श्रद्धालुओं का सबसे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया, जिसके बाद सभी एकत्र होकर भागीरथी तीर्थ पर पहुंचे। यहां पर दर्शन कर वे खग्गू सराय स्थित प्राचीन मंदिर और फिर वहां से श्रीकल्कि मंदिर पहुंचे और भगवान कल्कि के दर्शन किए। बताया गया कि श्रद्धालुओं का जत्थे में शामिल श्रद्धालु संभल कल्कि नगर के प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिरों के दर्शन करने के लिए पहुंचे है, जिससे यहां के पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व के बारे में और अधिक जानकारी मिल सके। साथ ही कहा कि वह क्षेत्र के अन्य तीर्थों का भ्रमण की उनके दर्शन करने वाले है। वहीं खग्गू सराय में स्थित परियों वाला मंदिर की भूमि पर हो रखे कब्जे को लेकर प्रशासन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसमें आसपास बने मकान स्वामियों से कागज मांगे गए है।

# कर्नाटक के विकास के लिए केंद्र पूरी तरह तैयार, राज्य सरकार समय रहते फंड का इस्तेमाल करें: शिवराज सिंह चौहान




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की विकास योजनाओं को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कर्नाटक सरकार के कृषि मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री और राजस्व मंत्री के साथ बैठक की। बैठक के बारे में केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया, मैंने भारत सरकार की योजनाओं की समीक्षा की है। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि सभी गरीबों को पक्का मकान मिले। इसके लिए केंद्र ने सितंबर में कर्नाटक में 2 लाख 57 हजार 246 घर बनाने की मंजूरी दी थी। इसके लिए पैसा भी आवंटित कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा, आज कर्नाटक के गरीबों के मकान के लिए हमने आवासों की संख्या को बढ़ाया है। कुल मिलाकर कर्नाटक के उन आवासों के अलावा हमारी सरकार ने 4 लाख 67 हजार 580 मकान गरीबों के लिए आवंटित किए हैं। भाजपा का संकल्प है कि हर गरीब को पक्का मकान मिले।

चौहान ने प्रदेश सरकार को केंद्र द्वारा दिए गए फंड का उपयोग करने की सलाह भी दी। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि, कर्नाटक सरकार तेजी से इन मकानों के काम को पूरा करे ताकि सभी गरीबों के पक्के मकान बनाए जा सकें। पहले जो हमने फंड जारी किए थे, सरकार उनका उपयोग करे। कृषि मंत्री ने मैग्नेटाइजेशन योजना के तहत अतिरिक्त धनराशि की मांग की थी, जिसे स्वीकार किया गया है। तीनों मंत्रियों ने कुछ और ज्ञापन मुझे सौंपे हैं। हमारा लक्ष्य विकसित भारत के साथ विकसित कर्नाटक बनाना है। हमारा लक्ष्य है कि हम प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कर्नाटक के विकास में कोई कसर न छोड़े। राज्य सरकार से मेरा आग्रह है कि वह समय पर फंड ठीक से खर्च करें। केंद्र कर्नाटक की बेहतरी के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। आज मैं अपने कर्नाटक के दौरे में सुपारी उत्पादक किसानों से भी मिलने जा रहा हूं। अभी कई योजनाएं ऐसी हैं जिनमें कर्नाटक ने फंड खर्च नहीं किया है, लेकिन मैं आज इसमें नहीं जाना चाहता। कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चौहान ने कहा कि जल्दी प्रदेश के अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

## कोटा में 24 घंटे के अंदर एक और छात्र ने किया सुसाइड, बूंदी जिले का निवासी

कोटा। राजस्थान की कोंचिग सिटी कोटा में छात्रों के सुसाइड के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। लगातार एक के बाद एक होते आत्महत्या के मामले से कोटा की छवि पर असर दिख रहा है। शहर के जवाहर नगर इलाके में एक और छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्र मनन जैन बूंदी जिले का निवासी था जो की कोटा में रहकर 12वीं कक्षा की पढ़ाई के साथ में जेईई की भी तैयारी कर रहा था। छात्र के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने मोर्चरी में रखवाया है। वहीं छात्र के परिजन भी कोटा पहुंच चुके हैं। कोटा में 24 घंटे के अंदर यह दूसरा सुसाइड का मामला सामने आया है। इसके पहले उड़ीसा निवासी अभिजीत गिरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। जिनके परिजन के कोटा पहुंचने पर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। गिरी कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। छात्र के भाई का कहना है कि कोटा में पढ़ाई का माहौल अच्छा है लेकिन बीते कुछ दिनों से जिस तरह से सुसाइड की घटनाएं सामने आ रही है, उसपर प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। साल 2025 के जनवरी माह में ही अब तक चार छात्रों ने सुसाइड किया है। इसमें से तीन जेईई की तैयारी कर रहे थे। वहीं एक नीट का स्टूडेंट शामिल है। इन छात्रों में मानसिक तनाव देखा गया है। इससे साफ पता लगता है कि बच्चों पर मानसिक तनाव बढ़ता जा रहा है।



## अतीक का करीबी गुड्डू मुस्लिम देश छोड़कर भाग, कोलकाता से भरी दुबई के लिए उड़ान



### -कोलकाता के लेदर व्यापारी की मदद से फर्जी पासपोर्ट बनवाया

**लखनऊ (एजेंसी)।** अतीक अहमद का करीबी और उमेश पाल हत्याकांड में वांछित 5 लाख का इनामी गुड्डू मुस्लिम फर्जी पासपोर्ट से भारत छोड़कर फरार हो गया है। सूत्रों के अनुसार, गुडडू ने दिसंबर 2023 में कोलकाता एयरपोर्ट से दुबई के लिए उड़ान भरी। सूत्रों का कहना है कि गुड्डू मुस्लिम ने सैयद वसीमुद्दीन के नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवाया और कोलकाता से दुबई पहुंच गया।

जांच में पता चला हैं कि यूपी पुलिस और एसटीएफ को चकमा देकर गुड्डू ने कोलकाता में अतीक के करीबी लेदर व्यापारी की मदद से फर्जी पासपोर्ट बनवाया था। केंद्रीय एजेंसियों ने यूपी पुलिस को इसबारे में जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि कोलकाता एयरपोर्ट से वह आसानी से इमिग्रेशन जांच पार कर दुबई पहुंच गया।

गुड्डू मुस्लिम फरवरी 2023 में प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड में मुख्य आरोपियों में से एक है। हत्याकांड के बाद से वह फरार चल रहा था। यूपी पुलिस उसकी तलाश में कई महीनों से जुटी हुई थी, लेकिन अब उसके दुबई फरार होने की खबर आ रही है। वहीं गुड्डू मुस्लिम के फरार होने के बाद अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन को लेकर भी फर्जी पासपोर्ट के द्वारा देश छोड़ने का शक गहराता जा रहा है। प्रयागराज पुलिस द्वारा हाल ही में गिरफ्तार किए गए एक रिश्तेदार ने खुलासा किया था कि मैंने दिल्ली में शाइस्ता से मुलाकात की थी।

इस मामले में कोलकाता एयरपोर्ट और फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले नेटवर्क की जांच तेज कर दी गई है। यूपी पुलिस अब शाइस्ता पर भी कड़ी नजर बनाए हुए है।

# 100 घुसपैठियों ने जन्म प्रमाण पत्र के लिए गलत जानकारी दी: किरीट सोमैया



**मालेगांव (एजेंसी)।** मुंबई-ठाणे समेत राज्य भर में अवैध बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठियों का मुद्दा जोर पकड़ने लगा है। महाराष्ट्र पुलिस लगातार अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की धर पकड़ कर रही है। अबतक दर्जनों बांग्लादेशी नागरिकों को महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस बीच भाजपा के फायर ब्रांड नेता कहे जाने वाले पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने आरोप लगाया गया है कि मालेगांव में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र दिए गए। पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने कहा है कि इस मामले में आवेदकों ने गलत जानकारी देकर सरकारी मशीनरी और अदालत को धोखा दिया है। उन्होंने इस संबंध में 100 लोगों के नाम और साक्ष्य छावनी पुलिस को सौंपे हैं और तदनुसार शिकायत दर्ज कराई है। दावा किया जा रहा है कि इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि मालेगांव रोहिंग्याओं के लिए आश्रय स्थल बन गया है। विशेष रूप से, मालेगांव नगर निगम और तहसील कार्यालय ने चार हजार से अधिक बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को जन्म प्रमाण पत्र जारी किए हैं और सोमैया ने आरोप लगाया है कि यह वोट जिहाद का हिस्सा है। सोमैया ने कहा कि उन्होंने जन्म और मृत्यु पंजीकरण की प्रासंगिक प्रक्रियाओं और विनियमन के संबंध में नगरपालिका और तहसील कार्यालयों के साथ पत्राचार किया। फिर कल वे तहसील कार्यालय गए, जहां उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों और उनसे जुड़े दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान तहसीलदार विशाल सोनवणे ने उन्हें बताया कि उन्हें नियमानुसार जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। इसके बाद सोमैया ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर देवदत्त केकाण से चर्चा की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिकेत भारती, तहसीलदार सोनवणे और भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे। सोमैया ने कहा कि जब मैं एक पखवाड़े पहले मालेगांव पहुंचा तो मुझे बताया गया कि नगर निगम और तहसील कार्यालय द्वारा लगभग 1106 लोगों को जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं। उन्होंने फिर सवाल उठाया कि आखिर एक ही दिन यानी 31 दिसंबर को यही आंकड़ा चार हजार कैसे हो गया। सोमैया ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश और रोहिंग्या घुसपैठियों ने ये प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए झूठे हलफनामे दायर किए हैं और सरकारी व्यवस्था को धोखा दिया है। धोखेबाजों के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए छावनी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। इस संबंध में पुलिस को सबूतों के साथ 100 लोगों के नाम सौंपे गए हैं। उम्मीद है कि इस मामले की जल्द ही गहन जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

## पाकिस्तान की नापाक हरकत नाकाम, बाड़मेर में पकड़ाया हथियारों का जखीरा

बाड़मेर। देश में गणतंत्र दिवस आते ही पाकिस्तान की नापाक हरकतें बढ़ने लगी हैं। वहीं बाड़मेर में हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। बीएसएफ और पुलिस ने पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम कर दिया है। बीएसएफ और पुलिस ने गोपनीय सूचना मिलने पर सर्च ऑपरेशन शुरु किया। बीएसएफ की कार्रवाई के बाद सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट हो गई है और इस मामले की जांच में जुट गई हैं। बीएसएफ गुजरात फंटियर ने बताया कि गुरुवार देर रात बीएसएफ को बार्डर से पाकिस्तान की तरफ से हथियारों की सप्लाई की सूचना मिली थी। इस पर बीएसएफ ने सीमा के हथियार तस्करी की बड़ी वारदात को नाकाम कर दिया। इस कार्रवाई में बीएसएफ ने 9 एमएम की 4 पिस्टल 8 मैगजीन और 78 जिन्दा कारतूस बरामद किए हैं। अब बीएसएफ तस्करी में लिप्त संदिग्धों के प्रयास में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक इन हथियारों की खेप की बाहरी राज्यों के तस्करों को डिलीवरी की जानी थी। बताया गया है कि पाकिस्तान से हथियारों की तस्करी ड्रोन के जरिए की गई। इस दौरान पाकिस्तानी ड्रोन हथियारों का जखीरा लेकर बाड़मेर की सीमा में दाखिल हुआ। इससे पहले बीएसएफ को सीमा के आसपास के इलाके में बाहरी राज्यों के तस्करों के मूवमेंट का इनपुट मिला, जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान बीएफएफ और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया, तो चौहटन क्षेत्र के बीजराड़ थाना क्षेत्र केलनोर गांव में बीकेडी पोस्ट के पास हथियारों की खेप बरामद हुई। अब बीएसएफ और पुलिस संदिग्धों की तलाश कर रही है।

# मौसम: दिल्ली-एनसीआर में शीतलहर और कोहरे का डबल अटैक जारी

### - दिल्ली समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कोहरे और ठंड को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर समेत देशभर के कई राज्यों में इन दिनों शीतलहर और कोहरे का डबल अटैक जारी है। खराब मौसम की वजह से रोजाना ट्रेनें और फ्लाइट्स प्रभावित हो रही हैं। जनवरी महीने में बारिश भी देखने को मिल रही है। शनिवार सुबह से दिल्ली-एनसीआर, यूपी, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कोहरा छाया हुआ है। दिल्ली समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आईएमडी ने कोहरे और ठंड को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली-एनसीआर के आसमान में सुबह से ही घना कोहरा और बादल छाये हुए हैं। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। उत्तर प्रदेश भीषण ठंड की चपेट में है। कई जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है, जिसकी वजह से विजिबिलिटी काफी कम हो गई है। घने कोहरे के कारण सुबह आम जनजीवन प्रभावित हुआ, खासकर लखनऊ जैसे प्रमुख शहरों में, जहां इससे सड़क यातायात प्रभावित हुआ और कुछ रेलगाड़ियां कई घंटे देरी से चलीं। शुक्रवार को लखनऊ में सुबह के समय बादल छाए रहने और ठंडी हवाओं के कारण ठंड का असर काफी अधिक रहा। दोपहर में धूप निकलने से कड़ाके की ठंड से कुछ समय के लिए राहत मिली। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। राज्य में कई जगह न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे दर्ज किया गया है। राजस्थान में कई जगह शीत लहर का दौर जारी है। पूर्वी राजस्थान में कहीं कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई, वहीं पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2-3 दिन कहीं-कहीं घना कोहरा छाने की संभावना है। इसके साथ ही 21-22 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से राज्य के उत्तर-पश्चिमी व उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

कश्मीर में बर्फबारी के बाद पारा गिरने से शीतलहर और तेज हुई। कश्मीर में बर्फबारी के बाद अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और मौसम विभाग ने यहां अगले तीन दिनों में मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग ने कश्मीर में 19 जनवरी तक मुख्य रूप से मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान जताया है। 20 से 22 जनवरी तक कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी की संभावना है। वर्तमान में कश्मीर घाटी 'चिल्ला-ए-कलां' (सर्वाधिक ठंड की अवधि) की चपेट में है, जो 21 दिसंबर से शुरू हुआ था। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीत लहर जारी है। शनिवार सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है।

# 2025 में भारत में 5 में से 4 लोग नई नौकरी ढूंढने की योजना बनाने को मजबूर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में 5 में से 4 लोग यानी 82 प्रतिशत प्रोफेशनल्स इस साल नई नौकरी ढूंढने की योजना बना रहे हैं। रिसर्च के मुताबिक, 55 प्रतिशत लोगों का मानना है कि पिछले साल नौकरी खोजना पहले के मुकाबले ज्यादा मुश्किल हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, 69 प्रतिशत भारतीय एचआर (एचआर) प्रोफेशनल्स का कहना है कि योग्य टैलेंट को ढूंढना अब पहले से ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो चुका है। इससे यह संकेत मिलता है कि 2025 में प्रोफेशनल्स को नौकरी के लिए अप्लाई करने और जॉब पाने के तरीके में बदलाव करने की जरूरत पड़ सकती है। 2024 में नौकरी खोजने वालों को सुस्त लेबर मार्केट का सामना करना पड़ा, जहां ज्यादा मूवमेंट नहीं दिखाई दिया। नए साल की शुरुआत में, हर पांच में से एक (15प्रतिशत) वर्किंग प्रोफेशनल, जो 2024 में नई नौकरी की तलाश में थे, अब भी अपनी खोज जारी रखे हुए हैं। बाजार की कठिन परिस्थितियों के कारण, 37 प्रतिशत पेशेवरों ने कहा है कि वे 2025 में नई नौकरी की तलाश करने की योजना नहीं बना रहे।

हालांकि, कई लोगों में आत्मविश्वास बढ़ा है, क्योंकि 58 प्रतिशत का मानना है कि 2025 में नौकरी बाजार में सुधार होगा और वे नई नौकरी पाने को लेकर पॉजिटिव हैं। जानकारों ने कहा, 'जॉब मार्केट कठिन जरूर है, लेकिन यह भारतीयों को अपनी जॉब सर्च को ज्यादा सोच-समझकर प्लान करने की याद दिलाता है। सही स्किल्स डेवलप करना महत्वपूर्ण है, लेकिन साथ ही अपना प्रोफाइल अपडेट रखना और अपनी स्किल्स से मेल खाते रोल्स पर फोकस करना भी जरूरी है।

रिपोर्ट के अनुसार, 49 प्रतिशत प्रोफेशनल्स नई नौकरियों के लिए मल्टीपल आवेदन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें कम जवाब मिल रहे हैं। वहीं, 27 प्रतिशत एचआर प्रोफेशनल्स हर दिन 3-5 घंटे आवदेन रिव्यू करने में लगाते हैं, जबकि 55 प्रतिशत का कहना है कि उन्हें मिलने वाली आधी से कम एप्लिकेशंस उनके क्राइटेरिया पर खरी उतरती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 60 प्रतिशत प्रोफेशनल्स भारत में नए इंडस्ट्री या एरिया में काम करने के लिए ओपन हैं। साथ ही, 39 प्रतिशत प्रोफेशनल्स इस साल नई स्किल्स सीखने की प्लानिंग कर रहे हैं, ताकि उनके लिए ज्यादा मौके खुल सकें।

# एक नहीं कई दफा रची गई हत्या की साजिश... सत्ता से बेदखली के बाद शेख हसीना का खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सत्ता से बेदखली के बाद भारत में रहते हुए पहली बार अपनी हत्या की साजिश का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से उन्हें और उनकी बहन शेख रेहाना के खिलाफ हत्या की साजिश रची गई थी। उनका कहना है कि हत्या की साजिश तो कई बार रची गई, लेकिन वो चमत्कारिक रूप से बच गईं।

शेख हसीना ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपना संदेश दिया है। उन्होंने अवामी लीग के फेसबुक पेज पर एक ऑडियो संदेश में कहा, कि रेहाना और मैं 20-25 मिनट के अंतर से मौत से बच गईं। यह अल्लाह की मर्जी है कि हम जिंदा हैं। शेख हसीना ने याद करते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है जब उन्हें निशाना बनाया गया। 21 अगस्त 2004 को ढाका में एक आतंकवाद विरोधी रैली के दौरान एक ग्रेनेड हमला हुआ था। इस हमले में 24 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 500 से अधिक लोग घायल हुए। इस हमले में हसीना मामूली चोटों के साथ बच गईं। इससे पहले 2000 में कोटालीपारा बम साजिश रची गई थी, जिसमें उनकी रैली से पहले 76 किलो का बम बरामद हुआ था।

#### सत्ता से बेदखली और भारत में शरण

पिछले साल, छात्रों के नेतृत्व में हुए आंदोलन को देखते हुए शेख हसीना अपनी बहन के साथ बांग्लादेश छोड़ भारत आ गईं थी। इसके बाद बांग्लादेश में तेजी के साथ राजनीतिक घटनाक्रम हुआ और यूनुस की अंतरिम सरकार घोषित कर दी गई। तभी से सत्ता से बेदखल प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश सरकार ने उनका पासपोर्ट भी रद्ध कर दिया है, लेकिन भारत सरकार ने उन्हें रहने की इजाजत दे दी है। ढाका ने औपचारिक रूप से भारत से उनके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है।

#### निर्वासन और गिरफ्तारी वारंट

बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना के 15 साल के शासनकाल के दौरान कथित मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। उन पर 500 से अधिक लोगों के अपहरण का आरोप है।

#### हसीना का भावुक संदेश

शेख हसीना ने अपने संदेश में कहा, कि 21 अगस्त का हमला, कोटालीपारा बम साजिश और अब हालिया खतरा। मैं हर बार बच गई। यह केवल अल्लाह की इच्छा है कि मैं आज जिंदा हूं। शेख हसीना के इस खुलासे ने बांग्लादेश की राजनीति में नए विवादों को जन्म दे दिया है, और उनके भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

